विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 72 अंक 295 पृष्ठ 12+8 = 20
रीवा, बुधवार 23 जुलाई, 2025
श्रावण कृष्ण पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

किसी की मदद करने से यह दुनिया तो नहीं बदलने वाली, लेकिन जिसकी मदद की जाए, तो उसकी दुनिया जरूर बदल सकती है।
- महावीर स्वामी







### उपराष्ट्रपति धनखड़ का इस्तीफा मंजूर: संसद नहीं पहुंचे, विदाई समारोह को लेकर भी असमंजस

# वजह- स्वास्थ्य ही, या सियासत?

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अचानक इस्तीफा देकर सियासी भूचाल लाने वाले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूर कर लिया। राज्यसभा में पीठासीन घनश्याम तिवाड़ी ने यह जानकारी दी। वहीं राज्यसभा के उपसभापति और जेडीयू सांसद हरिवंश ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। हरिवंश ने ही सुबह 11 बजे धनखड़ की जगह राज्यसभा की कार्यवाही भी शुरू की। धनखड़ मंगलवार को सदन की कार्यवाही में भी शामिल नहीं हुए। इससे पहले खबर आई थी कि धनखड़ विदाई समारोह में भी शामिल नहीं होंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं धनखड़ के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

दरअसल, धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक 14वें उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 को खत्म हो रहा था। उन्होंने 10 जुलाई को एक कार्यक्रम में कहा था, 'ईश्वर की कृपा रही तो अगस्त, 2027 में रिटायर हो जाऊंगा।' राष्ट्रपति को लिखे त्यागपत्र में धनखड़ ने पद छोड़ने की वजह स्वास्थ्य बताया था। वहीं विपक्ष इस्तीफे पर सवाल कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि इसकी ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### सियासी गलियारों में इन कारणों पर भी लग रहे हैं कयास



पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इस्तीफे में स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है,लेकिन सत्ता और संवैधानिक गलियारों में एक और चर्चा जोर पकड़ रही है कि क्या सचमुच यही वजह है या इसके पीछे कुछ और राजनीतिक समीकरण काम कर रहे हैं? धनखड़ का इस्तीफा ऐसे समय में आया, जब संसद का सत्र चल रहा था। वे अगले दिन संसद में नहीं दिखे, न कोई पारंपरिक 'फेयरवेल भाषण' हुआ और न ही संवैधानिक रीति-रिवाजों के तहत कोई सार्वजनिक विदाई। यह सबकुछ बेहद असामान्य और असहज संकेत हैं। इसके बाद इस्तीफे की अलग-अलग वजहें चर्चा में हैं।

**जस्टिस शेखर यादव प्रकरण:** इस्तीफे की प्रमुख वजह इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज शेखर यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव माना जा रहा है। विपक्ष के 55 सांसदों ने यह प्रस्ताव दाखिल किया था। आरोप था कि उन्होंने संविधान के धर्मनिरपेक्ष मूल भाव के खिलाफ बहुसंख्यकवाद को बढ़ावा देने वाला बयान दिया। भाजपा का एक धड़ा प्रस्ताव के खिलाफ था। सूत्रों के मुताबिक, धनखड़ की संवैधानिक जिम्मेदारी और भाजपा की रणनीतिक इच्छाओं में टकराव की आशंका थी। ऐसे में 'स्वास्थ्य कारणों' की आड़ में ये रास्ता बनाया।

**न्यायपालिका से बढ़ती दूरी :** धनखड़ बतौर उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति, अक्सर न्यायपालिका की भूमिका और न्यायिक सक्रियता पर मुखर रहे। कई बार उनके भाषणों में सुप्रीम कोर्ट की 'अतिरिक्त भूमिका' पर टिप्पणी की गई, जिससे कार्यपालिका और न्यायपालिका में तनाव उभरा। हाल के महीनों में यह टकराव खुलकर सामने आ गया था। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि सत्ता प्रतिष्ठान उन्हें 'कम फ्रिक्शन' वाले चेहरे से बदलना चाहता था, जो न्यायपालिका से इस कदर टकराव न करे।

**विपक्ष के हमले और आरोप:** धनखड़ का कार्यकाल अक्सर विपक्षी दलों के निशाने पर रहा। उन्होंने कई बार राज्यसभा में विपक्षी नेताओं की बातों को बीच में रोका या अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी, जिससे वे पक्षपाती सभापति के रूप में देखे जाने लगे। इस तीव्र आलोचना से बचने के लिए उन्होंने इस्तीफा चुना।

**आंतरिक पार्टी समीकरण:** सूत्रों की मानें तो धनखड़ कई मुद्दों पर भाजपा की आंतरिक रणनीति से सहमत नहीं थे, खासकर न्यायपालिका, मुस्लिम वर्ग, शिक्षा से जुड़ी कुछ विवादास्पद योजनाओं पर,वह स्पष्टवादी सोच रखने वाले रहे हैं। संविधान के अनुच्छेदों, संस्थाओं को लेकर उनकी राय कई बार पार्टी लाइन से टकराती रही, जो नेतृत्व को असहज करती थी।

**2026 के राष्ट्रपति चुनाव की तैयारी:** अटकलें भी है कि धनखड़ अब पूरी तरह विश्राम के लिए नहीं जा रहे, बल्कि 2026 में राष्ट्रपति पद के लिए भाजपा की संभावित रणनीति का हिस्सा हो सकते हैं। इस्तीफा देकर वे खुद को दौड़ से बाहर तो नहीं कर रहे? या फिर भविष्य में किसी राज्यपाल या संवैधानिक भूमिका के लिए रास्ता बना रहे हैं?

### अब ये नाम चर्चा में

संविधान के अनुच्छेद 68 के तहत उपराष्ट्रपति के उत्तराधिकारी का चुनाव छह महीने के भीतर यानी सितंबर 2025 तक पूरा करना अनिवार्य है। ऐसे में बिहार चुनावों के पहले यह नियुक्ति होनी है। ऐसे में भाजपा सरकार चाहेगी कि इसका लाभ बिहार चुनावों में मिले। पिछले 10 सालों में संवैधानिक पदों पर हुई नियुक्तियां पर नजर डालें तो इनका आधार आगामी चुनाव ही रहा है। अनुच्छेद 66 के अनुसार, उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद (लोकसभा, राज्यसभा) के निर्वाचित, मनोनीत सदस्यों द्वारा गुप्त मतदान के जरिए किया जाता है। पर संसद में अब जैसा सत्ताधारी पार्टियां चाहती हैं वही होता है। पार्टियां व्हिप जारी करती हैं और मतदान मुख्य सचेतक के हिसाब से होता है। उपराष्ट्रपति वही बनेगा, जो भाजपा चाहेगी। ऐसे में कयास हैं कि फैसले पर चुनावों की छाप होगी।

**इन नामों की चर्चा:** बिहार चुनावों को देखते हुए राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायन सिंह, स्व. कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनारायण ठाकुर के नाम की चर्चा है। बहुत से लोग नीतीश कुमार का भी नाम ले रहे हैं। इनमें हरवंश नारायण सिंह का नाम सबसे आगे है। वहीं निर्मला सीतारमण, वसुंधरा राजे, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी के साथ कांग्रेस खेमे के शशि थरूर का भी नाम लिया जा रहा है।

**भोपाल, जबलपुर ठिकानों पर छापे**

### डिप्टी कमिश्नर के पास 6 करोड़ की अवैध प्रॉपर्टी



**56 बोतल महंगी शराब भी बरामद**

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) जबलपुर ने मंगलवार को आदिम जाति कल्याण विभाग के जबलपुर में पदस्थ डिप्टी कमिश्नर जगदीश प्रसाद सरवटे के जबलपुर और भोपाल स्थित ठिकानों पर छापे मारे। कार्रवाई में अब तक 5.90 करोड़ की अनुपातहीन संपत्ति के दस्तावेज मिले हैं। ईओडब्ल्यू को सरवटे के खिलाफ भ्रष्टाचार के जरिए करोड़ों की प्रॉपर्टी बनाने की शिकायत मिली थी। जांच में शिकायत सही मिलने पर छापे की कार्रवाई की गई। ईओडब्ल्यू की तीन टीमों ने सुबह 6 बजे सरवटे के जबलपुर स्थित शंकर शाह नगर, भोपाल स्थित बागमुगलिया के मकान और जबलपुर के अधारताल स्थित पैतृक मकान पर रेड मारी। सागर स्थित उनके सरकारी निवास पर भी टीम ने सर्चिंग की। सरवटे के पास जबलपुर के अलावा सागर जिले का भी अतिरिक्त प्रभार है। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## ऑफ बीट

### शख्स ने कबाड़ से बना दी करोड़ों की लेम्बोर्गिनी



*कभी सोचा है कि अगर आपके पास महंगी स्पोर्ट्स कार खरीदने के पैसे न हों, तो क्या होगा? बिबिन नाम के एक शख्स ने इसका जवाब ढूंढ लिया है। केरल के मैकेनिक ने असली लेम्बोर्गिनी का देसी वर्जन तैयार करके इंटरनेट पर लोगों को हैरान कर दिया है। उनकी यह कलाकारी अब सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गई है। बिबिन ने बताया कि महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर उन्होंने तीन साल पहले काम शुरू किया था। लेम्बोर्गिनी का 'देसी वर्जन' बनाने के लिए बिबिन ने स्क्रैप मैटेरियल का इस्तेमाल किया है। उन्होंने पास के एक स्क्रैपयार्ड से कबाड़ के पुर्जे और लोकल हार्डवेयर की दुकानों से अन्य सामान मंगवाए। सुनने में भले ही अजीब लगे, पर उन्होंने कार की बाहरी बॉडी पर असली लेम्बोर्गिनी जैसा लुक देने के लिए कार्डबोर्ड का भी इस्तेमाल किया है। इसके साथ ही मेटल पाइप और फाइबरग्लास जैसे मैटेरियल का उपयोग करके अपने बजट को भी कंट्रोल में रखा। एक कंपनी के क्वालिटी एश्योरेंस डिपार्टमेंट में काम करने वाले बिबिन ने बताया कि सीमित धन और समय की कमी के कारण उन्हें थोड़ी-बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, पर उन्होंने हार नहीं मानी। वह लैम्बॉर्गिनी के अपने देसी वर्जन का अब तक 80 प्रतिशत काम पूरा कर चुके हैं, और इस पर करीब डेढ़ लाख खर्च किए हैं। सबसे मजेदार बात तो यह है कि लेम्बोर्गिनी के पहिये बजट से बाहर थे, तो बिबिन ने अपनी शानदार कार में देसी तड़का लगाने का फैसला किया, और मारुति ऑल्टो के पहियों का इस्तेमाल किया।*

### मानसून सत्र: हंगामे की भेंट चढ़ी कार्यवाही

## बिहार वोटर लिस्ट मुद्दे पर विपक्ष का प्रदर्शन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संसद के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को लोकसभा, राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने बिहार में वोटर्स लिस्ट की जांच, एसआईआर के खिलाफ सदन के अंदर, बाहर विरोध किया। सांसदों ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों पर पीएम के जवाब और सदन में चर्चा की भी मांग की। पहले लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, लेकिन कुछ ही देर बाद दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव सहित कई नेताओं ने मकर द्वार पर संसद भवन की सीढ़ियों पर खड़े होकर बिहार एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। राज्यसभा



में विपक्षी सांसदों ने बिहार में वोटर्स लिस्ट की जांच पर चर्चा की मांग करते हुए नारे लगाए। विपक्ष के हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही 23 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी गई। केंद्रीय स, सरकार चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष प्रदर्शन करके जनता का पैसा बर्बाद कर रहा है। दूसरे दिन की कार्यवाही से पहले संसद भवन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर की बैठक हुई थी। वहीं, विपक्षी नेताओं ने भी मीटिंग की।

### खेल विधेयक के दायरे में आएगा बीसीसीआई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) राष्ट्रीय खेल विधेयक के दायरे में आएगा। हालांकि, बीसीसीआई सरकारी धन पर निर्भर नहीं है, खासकर 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय क्रिकेट टीमों के भाग लेने के मद्देनजर फिर भी इसके शामिल होने की व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही थी। भारत में खेल पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार के लिए मंगलवार को युवा मामले और खेल मंत्रालय ने खेल विधेयक का मसौदा पेश किया। सूत्रों के मुताबकि, खेल विधेयक के प्रभावी होने के साथ एक राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के रूप में बीसीसीआई के इसके दायरे में आने की उम्मीद है।

### मोहन कैबिनेट में हुए अहम निर्णय: राजधानी में विश्व स्तरीय डाटा सेंटर को मंजूरी

## आधुनिक खेती के गुर सीखने स्पेन जाएंगे किसान

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र सरकार उद्यानिकी, फल उत्पादन और कृषि क्षेत्र में स्पेन की तकनीक अपनाएगी। इसके तहत सरकार किसानों को अध्ययन के लिए स्पेन भेजेगी। सरकार जैव विविधता, टाइगर रिजर्व और पर्यावरणीय पर्यटन को बढ़ावा देने संबंधित क्षेत्रों के विकास पर भी जोर देगी। सरकार ने ये निर्णय मंगलवार को कैबिनेट बैठक में लिया। डॉ. मोहन कैबिनेट ने मप्र में विश्व स्तरीय आधुनिक डाटा सेंटर बनाने एवं गांधीसागर बांध के पावर प्लांट के नवीनीकरण सहित कई अहम प्रस्तावों पर भी मुहर लगाई है। कैबिनेट ने व्यापार मेलों में ऑटोमोबाइल विक्रय पर मोटरयान टैक्स में 50 प्रतिशत छूट देने के प्रस्ताव पर भी सहमति जताई है।

बैठक के बाद नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि कैबिनेट ने प्रदेश के योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अंतर्गत सांख्यिकी संबंधी आंकड़ों का समयावधि में संकलन (डाटा



**ग्वालियर-उज्जैन व्यापार मेले में वाहन खरीदने पर 50 फीसदी टैक्स छूट मिलेगी**

कलेक्शन) एवं विश्लेषण कर विभागों, आमजन एवं योजनाविदों के उपयोग के लिए आंकड़े उपलब्ध कराने प्रदेश में डाटा सुदृढ़ीकरण योजनाकी को स्वीकृति दी है। यह डाटा सेंटर विश्व स्तरीय होगा। उन्होंने कहा, राज्य सरकार इसके जरिए सांख्यिकी से समृद्धि की दिशा में एक नई पहल कर रही है। योजना से सरकार को डाटा के आधार पर बेहतर और सही निर्णय लेने में मदद मिलेगी। डाटा और उसका विश्लेषण समय पर मिलने से सरकार बेहतर नीति बना सकेगी। समस्त विभाग बिना किसी रुकावट के डाटा साझा कर सकेंगे, जिससे काम में पारदर्शिता आएगी और कर्मचारियों की कार्यक्षमता में भी वृद्धि होगी। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### तिरंगे जैसे पार्टी झंडों के इस्तेमाल पर रोक नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा तिरंगे से मिलते-जुलते झंडों के इस्तेमाल को चुनौती दी गई थी। इन झंडों में राष्ट्रीय ध्वज के अशोक चक्र की जगह पार्टी चिन्ह लगाए जाते हैं। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस एजी मसीह व जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने सुनवाई की, जिसमें व्यक्तिगत रूप से दायर याचिका में तर्क दिया गया था कि खासतौर पर कांग्रेस लंबे समय से तिरंगे जैसे झंडों का राजनीतिक अभियानों में इस्तेमाल कर रही है, जो 'राष्ट्र गौरव अपमान निवारण अधिनियम' का उल्लंघन है।

### कांवड़ यात्रा: उप्र-उत्तराखंड में क्यूआर कोड पर रोक नहीं

#### सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सभी लाइसेंस प्रमाण प्रदर्शित करें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उप्र, उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों के लिए 'क्यूआर' कोड संबंधी निर्देश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। इस मार्ग पर मौजूद सभी होटल मालिकों को निर्देश दिया कि वे वैधानिक आवश्यकताओं के अनुरूप लाइसेंस एवं पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदर्शित करें। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, वह होटल या ढाबा मालिक का नाम और क्यूआर कोड प्रदर्शित करने के अन्य मुद्दों पर विचार नहीं कर रही, क्योंकि मंगलवार को कांवड़ यात्रा का अंतिम दिन है। पीठ ने कहा, 'हमें बताया गया है कि यात्रा का आज अंतिम दिन है.. इसलिए इस स्तर पर हम केवल यह आदेश पारित कर सकते हैं कि सभी संबंधित होटल मालिक वैधानिक आवश्यकताओं के अनुसार लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदर्शित करने के निर्देश का पालन करेंगे।'


### छात्रा की खुदकुशी पर बोला सुप्रीम कोर्ट-'हम शर्मिंदा हैं'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने ओडिशा के बालासोर में 20 वर्षीय छात्रा द्वारा प्रिंस के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत पर कार्रवाई न होने पर खुद की जान लेने वाली घटना को शर्मनाक बताया है। सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, हम शर्मिंदा हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस तरह की घटनाएं अभी भी हो रही हैं। पीठ ने आगे कहा, हमें सभी से सुझाव चाहिए कि स्कूली लड़कियों, गृहिणियों और ग्रामीण इलाकों के बच्चों को सशक्त बनाने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। हमारे निर्देशों के कुछ स्पष्ट प्रभाव नजर आने चाहिए। ओडिशा के बालासोर में स्थित फकीर चंद कॉलेज की बी एड की छात्रा ने यौन उत्पीड़न की शिकायत पर कोई कार्रवाई ना होने पर खुद को प्रिंसिपल की ऑफिस के सामने आग को आग के हवाले कर दिया था। हादसे में 90 फीसदी झुलसी पीड़िता की अस्पताल में मौत हो गई थी। मामला सामने आने पर कॉलेज के प्रिंसिपल को कोई एक्शन ना लेने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। वहीं आरोपी प्रोफेसर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट महिलाओं, बच्चों और ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने का आदेश देने की मांग करने वाली एक याचिका पर सुनवाई चल रही थी। इस दौरान, वरिष्ठ अधिवक्ता महालक्ष्मी पावनी ने दलील दी कि 'चीजों को बदलने के लिए हमेशा इस तरह के हादसे की जरूरत होती है।' ओडिशा में छात्रा द्वारा के आत्मदाह मामले पर पावनी ने कहा कि पीड़िता ने हेल्पलाइन पर कॉल किया था, लेकिन उसे कोई मदद नहीं मिली। वहीं सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी ने कोर्ट को बताया कि यौन अपराधियों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार किया गया है। हालांकि, याचिकाकर्ताओं ने जोर देकर कहा, जब उत्पीड़न की शिकार महिलाएं हेल्पलाइन पर कॉल करती हैं, तो उन्हें मोरल पुलिसिंग के उपदेश मिलते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### 64 करोड़ की घूंस केस में चंदा कोचर दोषी

**चेन्नई, जेएनएन।** आईसीआईसीआई बैंक-वीडियोकॉन ऋण मामले में तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेर (संपत्ति जब्ती) अधिनियम (एसएएफईएमए) के तहत अपीलीय न्यायाधिकरण ने पूर्व सीईओ



चंदा कोचर को 2009 में वीडियोकॉन समूह को 300 करोड़ का ऋण स्वीकृत करने के बदले 64 करोड़ की रिश्वत लेने का दोषी पाया है। न्यायाधिकरण ने 3 जुलाई, 2025 के आदेश में कहा है कि यह भुगतान स्पष्ट रूप से एक लेन-देन था और ऋण के वितरण को कोचर के पति द्वारा अपनी फर्म, न्यूपावर रिन्यूएबल्स प्रालि के जरिए प्राप्त लाभों से जोड़ा। न्यायाधिकरण ने पीएमएलए के तहत न्यायाधिकरण द्वारा जारी पिछले आदेश को पलट दिया, जिसमें नवंबर 2020 में कोचर की 78 करोड़ रुपए की संपत्ति बताई गई थी। नवीनतम फैसले में पिछले फैसले को त्रुटिपूर्ण बताया गया है और कहा गया है कि यह अप्रासंगिक विचारों पर आधारित था और इसमें महत्वपूर्ण तथ्यों की अनदेखी की गई थी। न्यायाधिकरण के निष्कर्षों के अनुसार, 64 करोड़ सुप्रीम एनर्जी प्रालि के माध्यम से चंदा कोचर के पति दीपक कोचर के स्वामित्व और नियंत्रण वाली कंपनी न्यूपावर में ट्रांसफर किए गए। हालांकि, न्यूपावर शुरू में वीडियोकॉन समूह के प्रमोटर वेणुगोपाल धूत के नाम पर थी, लेकिन न्यायाधिकरण ने धूत के दर्ज पीएमएलए बयान को स्वीकार कर लिया कि दीपक कोचर ही उस इकाई पर पूर्ण नियंत्रण रखते थे।

## टीआई से प्रताड़ित एएसआई ने थाना परिसर में लगाई फांसी



**जागरण, दतिया।** जिले के गोदन थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) प्रमोद पावन ने थाना परिसर स्थित सरकारी आवास में फांसी लगा ली। एएसआई का शव मंगलवार सुबह फंदे पर लटका मिला है। उन्होंने खुदकुशी से पूर्व ३ वीडियो बनाकर देर रात बेटे को भेजे थे। वीडियो में टीआई अरविंद भदौरिया सहित ४ लोगों पर प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। प्रमोद ने वीडियो में बताया था कि उन्हें जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया और 15 दिनों से थाने से बाहर नहीं जाने दिया। टीआई अरविंद भदौरिया, थरेट टीआई अनफासुल हसन, गोदन थाने के ड्राइवर आरक्षक रूपनारायण यादव और रेत व्यवसायी बबलू यादव पर उन्होंने मानसिक प्रताड़ित करने के आरोप लगाए। मामला सामने आने के बाद मंगलवार दोपहर एसपी सूरज कुमार वर्मा ने टीआई अरविंद भदौरिया और आरक्षक रूपनारायण को लाइन अटैच कर दिया। प्रदीप शर्मा को गोदन थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया है।

**रात में बेटे को भेजे थे वीडियो :** प्रमोद के बेटे धीरेंद्र ने बताया कि रात में पिता ने उसे वीडियो भेजे थे। सुबह करीब साढ़े 5 बजे वीडियो को देखकर उसने पिता को फोन किया लेकिन रिसीव नहीं हुआ। फिर अपने चाचा को जानकारी दी। चाचा ने भी कॉल किया, लेकिन फोन नहीं उठा। चाचा ने किसी को कमरे पर भेजा, जहां वे फंदे पल लटके मिले। प्रमोद के छोटे भाई अनिरुद्ध दतिया के बड़ौनी थाने में हेड कॉन्स्टेबल हैं। अनिरुद्ध ने बताया कि भाई का कॉल रिसीव नहीं होने पर वह उनके आवास पर पहुंचे, जहां भाई प्रमोद फांसी पर लटके मिले। एसपी सूरज वर्मा ने बताया कि मामले की जांच डीएसपी अजाक उमेश गर्ग को दी गई है, जो वीडियो सामने आया है उसकी भी जांच की जा रही है। एक विशेष टीम भी गठित की जा रही है, जो इस पूरे मामले की जांच करेगी। उमेश गर्ग ने बताया कि जो भी साक्ष्य सामने आएंगे, उनके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सिखों पर टिप्पणी, राहुल गांधी को राहत नहीं

**वाराणसी, जेएनएन।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र अदालत ने सोमवार को मजिस्ट्रेट अदालत के उस



आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें सिख समुदाय की दुर्दशा पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर उन पर एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज कर दी गई थी। नागेश्वर मिश्रा द्वारा दायर एक पुनरीक्षण याचिका पर न्यायाधीश यजुवेंद्र विक्रम सिंह ने संबंधित मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि वह सुप्रीम कोर्ट के उदाहरणों को ध्यान में रखते हुए नए सिरे से विचार करें और फिर एक नया आदेश पारित करें। मिश्रा द्वारा 2024 में दायर याचिका में आरोप लगाया गया था कि गांधी ने अमेरिका यात्रा के दौरान एक आपत्तिजनक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि भारत में सिखों के बीच असुरक्षा का माहौल है।

## ९0 लाख की धोखाधड़ी की आरोपी साध्वी गिरफ्तार



**जागरण, छिंदवाड़ा।** यहां कनकधाम से जुड़ी करीब 90 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में सालभर से फरार रीना रघुवंशी उर्फ साध्वी लक्ष्मीदास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार देर शाम चौरई पुलिस ने उसे नर्मदापुरम के चांदपुर गांव से गिरफ्तार किया। मंगलवार को उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से दो दिन की रिमांड पर भेज दिया गया। कोर्ट में पेशी के दौरान भारी पुलिस बल तैनात किया था। साध्वी धार्मिक अनुष्ठान के बहाने नर्मदापुरम के चांदपुर में छिपकर रह रही थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि साध्वी गांव में मौजूद है। विशेष टीम के पहुंचते ही साध्वी ने टॉयलेट जाने का बहाना बनाकर भागने की कोशिश की, लेकिन वह पास ही की नदी पार कर दूसरे गांव में छिप गई। पुलिस ने नाव की मदद से उसका पीछा किया और उसे चारों ओर से घेरकर पकड़ लिया।

**अदालत को गुमराह करने का प्रयास :** साध्वी लक्ष्मी दास ने गिरफ्तारी से बचने के लिए मप्र हाईकोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, लेकिन उसे कोई राहत नहीं मिली। 19 मई को हाईकोर्ट ने उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए यह स्पष्ट किया कि उसने तथ्यों को छुपाया और अदालत को गुमराह करने का प्रयास किया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) भी उसने खुद ही वापस ले ली थी, और तब से वह फरार थी। मालूम हो कि महंत कनक बिहारी दास रघुवंशी समाज से थे और समाज के बीच उनकी बड़ी श्रद्धा थी।

# सांसदों के विशेषाधिकार एवं अधिनियम का उठाया मुद्दा

**जागरण, सतना।** मंगलवार को लोकसभा के सत्र में सतना मप्र के सांसद गणेश सिंह ने महत्त्वपूर्ण लोक हित के विषय के तहत नियम 377 में सशक्त हस्तक्षेप करते हुए सरकार से अनुरोध किया कि केंद्रीय सिविल सेवा आचरण नियमावली 1964 के नियम 20 में आवश्यक संशाधन किया जाए ताकि सांसदों एवं विधायकों के विशेषाधिकार और उनके प्रतिनिधित्व के अधिकार की रक्षा की जा सके। सांसद श्री सिंह ने संसद के पटल पर स्पष्ट किया कि नियम 20 के अंतर्गत वर्तमान में यह प्रावधान है कि कोई सरकारी कर्मचारी अपने हितों के लिए किसी सांसद या विधायक से संपर्क सिफारिश या राजनीतिक प्रभाव नहीं डालेगा। उन्होंने कहा कि सांसद एवं विधायक जनता के निर्वाचित प्रतिनिधि हैं उनके हितों का संरक्षण करना न केवल उनका संवैधानिक दायित्व हैए बल्कि उनका विशेषाधिकार भी है।



उन्होंने यह तर्क प्रस्तुत किया कि उक्त नियम सांसदोंध्विधायकों का अपमान करता है और इससे कई बार उनके दायित्व निर्वहन में अवरोध उत्पन्न होता है। यह नियम न केवल अप्रासंगिक हो गया हैए बल्कि यह भेदभावपूर्ण भी प्रतीत होता है जो निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की भूमिका को सीमित करता है। सांसद गणेश सिंह ने सरकार से मांग की कि नियम 20 में संशोधन कर सांसदों और विधायकों के संवैधानिक उत्तरदायित्व और अधिकार क्षेत्र की स्पष्ट व्याख्या की जाए ताकि उनके जनहितकारी कार्यों में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक या कानूनी बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि सरकार देशभर में उन मामलों की जानकारी सार्वजनिक करे जिनमें इस नियम के आधार पर कार्रवाई की गई हो ताकि उसकी प्रवृत्ति एवं दुरुपयोग की संभावनाओं का मूल्यांकन संभव हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी कहा कि जैसे विभिन्न संसदीय समितियों और आयोगों में सांसदों की भूमिका और भागीदारी को विधिसम्मत संरक्षण प्राप्त हैए वैसे ही उनके प्रतिनिधित्व के कार्य और अधिकारों को भी स्पष्ट रूप से सुरक्षित किया जाना चाहिए।

## कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित

**सतना।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार वस्तु अधिनियम 1955 के तहत उर्वरक को आवश्यक वस्तु घोषित किया गया है। उर्वरकों के डायवर्जन, जमाखोरी, कालाबाजारी, तस्करी, अधिक मूल्य पर विक्रय एवं नकली ब्रिकी को रोकने हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग आशीष पाण्डेय ने सहायक संचालक कृषि आरएस बागरी को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार सहायक सांख्यिकी अधिकारी आरपी प्रजापति एवं कम्प्यूटर आपरेटर नीरज सिंह परिहार की नियुक्त कन्ट्रोल रूम में की गई है।

# नगर निगम की जनसुनवाई में आये 37 आवेदन



**जागरण, सतना।** मंगलवार को नगर निगम में सम्पन्न हुई जनसुनवाई के दौरान 37 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे से सर्वाधिक आवेदन विकास कार्यो के लिए आये है। 11 बजे दिन से शुरू हुई जनसुनवाई दोपहर 1 बजे तक चली । जनसुनवाई के अवसर पर महापौर योगेश ताम्रकार निगमायुक्त शेर सिंह मीना स्पीकर राजेश चतुर्वेदी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में सम्पत्तिकर से संबंधित 1 आवेदन अतिक्रमण से संबंधित 5 पेयजल से संबंधित 5 विकास कार्य से संबंधित 14 आवेदन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 12 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटन आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्यों अतिक्रमण के लिए आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही के विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। आयुक्त नगर पालिक निगम सतना द्वारा शहरवासियों को अवगत कराया गया है कि यह जनसुनवाई अगले मंगलवार को फिर आहुत की जाएगी। साथ ही साथ जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की प्रकरणवार समीक्षा भी की जा रही है। ताकि शहरवासियों की जनसुनवाई में आने का उद्देश्य सफल हो सके।

# नगरीय निकायों में ई-गवर्नेंस सेवाओं का होगा विस्तार

**जागरण, सतना।** नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिये केंद्रीयकृत वेब आधारित ई–नगर पालिका 2.0 संचालित हो रही है। यह परियोजना डिजिटल इंडिया के उद्देश्य को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी एवं त्वरित नागरिक सेवा देने के उद्देश्य से नगरीय निकायों में चल रही है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है जहां प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने वर्ष 2025–26 में ई–गवर्नेंस–आईटी के माध्यम से नागरिक सुविधाओं के विस्तार की कार्ययोजना तैयार की है। नगरीय निकायों की सभी सेवाओं को ऑनलाइन नवीन तकनीक से अपग्रेड किया जायेगा। समस्त नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को ई–नगर पालिका 2.0 पोर्टल एवं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से प्रदाय किया जाएगा।

**एनालिटिल डेशबोर्ड :** नगरीय क्षेत्रों के सतत् और योजनाबद्ध विकास तथा विभागीय कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिये रियल टाइम डेशबोर्ड विकसित किया जा रहा है। विभाग की एआई गार्ड योजना में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के प्रयोग किये जाने की भी योजना तैयार की गई है। ई–गवर्नेंस में ज्योग्रोफिकल इन्फॉरमेशन सिस्टम (जीआईएस) के संयोजन के साथ शहरी विकास और सेवा विस्तार में आधुनिक पारदर्शी और डेटा संचालित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जायेगी। जीआईएस पोर्टल पर 90 से अधिक महत्वपूर्ण डाटा लेयर्स का प्रयोग कर इसका विकास किया जायेगा।

**नवीन 3.0 पोर्टल :** ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम 3.0 पोर्टल (एबीपीएएस) के माध्यम से ऑनलाइन भवन अनुज्ञा की सुविधा समस्त नगरीय निकायों में प्रदाय की जायेगी। इसके साथ ही कॉलोनी विकास अनुज्ञा को भी ऑनलाइन किये जाने को इस वर्ष की कार्ययोजना में शामिल किया गया है। नगरीय निकायों में ई–गवर्नेंस एवं आईटी के विस्तार में व्हाट्सएप चेटबोट के माध्यम से नगरीय निकायों के सभी प्रकार के कर एवं गैर करों के बिल भुगतान की सुविधा एवं सेवाओं की जानकारी देने का प्रयास किया जायेगा।

# झंडा दिवस पर प्रतिभावान छात्रों का सम्मान



## अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन ने बढ़ाया हौसला

**जागरण, सतना।** झंडा दिवस के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन सतना द्वारा आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में सतना जिले के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के ऐसे प्रतिभावान छात्र.छात्राओं का सम्मान किया गयाए जिन्होंने जिले में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला अध्यक्ष संदीप नारायण सिंह ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय' उपस्थित रहेए जिनकी प्रेरक उपस्थिति ने विद्यार्थियों का मनोबल और भी ऊँचा किया। विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र तिवारीए कार्यक्रम अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा गुड्डा प्रदेश उपाध्यक्ष शिखा शुक्ला ,अनुराधा सिंह , करूणा तिवारी ,भूपेंद्र सिंह राजू ,एडवोकेट यश यादव , आनंद तिवारी , दीपेन्द्र नाथ त्रिपाठी ,ठाकरे मंडल ,राजकुमार पाण्डेय , अमरजोत तिवारी, मनोज द्विवेदी ,जितेन्द्र पटनाहा शिव वर्मा , सहित कई गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## अस्थायी, अंशकालिक और आउटसोर्स कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**सतना।** प्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों, निगम.मंडलों, विद्युत कंपनियों, नगर निकायों, स्कूलों, छात्रावासों, अस्पतालों और पंचायतों में वर्षों से कार्यरत लाखों आउटसोर्स,अस्थाई, अंशकालिक एवं ग्राम पंचायत कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स, अस्थाई, अंशकालीन, ग्राम पंचायत कर्मचारी संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल को विस्तृत ज्ञापन सौंपकर नौकरियों में लागू अस्थाई आउटसोर्स कल्चर समाप्त पर कार्यरत कर्मचारियों को स्थाई करने की मांग की और 27 जुलाई को भोपाल में महासम्मेलन के जरिए पुरजोर तरीके से उठाने का आव्हान कियाए भोपाल के कार्यक्रम में प्रदेशभर से 50 हजार से अधिक कर्मचारी श्रमिक शामिल होंगे। मोर्चा के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ अमित सिंह' के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए संगठन ने सरकार का ध्यान इन कर्मचारियों की दयनीय सेवा शर्तोंए अल्प वेतनए सेवा की अनिश्चितता और कंपनियों द्वारा हो रहे शोषण की ओर आकर्षित किया।

## अवैध निर्माण हटाकर नाली को कराया गया स्वच्छ



**सतना।** मंगलवार को नगर निगम की टीम ने वार्ड नं 41 जगतदेव तालाब के सामने पेट्रोल पंप के पास की नाली के ऊपर अवैध अतिक्रमण हटवाकर नाली सफाई कराई । बताया जाता है कि इस दौरान डीजल पम्प से पानी निकलवाया गया एवं जेटिंग मशीन से बंद नली को साफकरवाकर अवरुद्ध पानी की निकासी कराई गई। वार्ड क्रमांक 25 वीनस मॉल के बगल में नाला सफाई कराकर कचरा उठवाया गया।

# शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नशे से दूर रहने दिया गया संदेश



**जागरण, सतना।** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के आठवें दिन विभिन्न थानों के पुलिस अधिकारियोंध्कर्मचारियों द्वारा स्कूलों एवम चौराहों में नशे के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई गई। थाना रामनगर पुलिस के द्वारा ग्राम मिरगौती हरदुआ रोड में आम जनों को एकत्र कर नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत नशा न करने की समझाइश दी गई। थाना बदेरा पुलिस के द्वारा शासकीय हाई स्कूल अजवाईन में नशे के विरुद्ध जागरुकता अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी ताला निरीक्षक पंचराज सिंह के द्वारा शासकीय स्कूल ताला के छात्र छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव बताए जाकर नशे से दूरी बनाए रखने की बात कही गई। कोतवाली एवम यातायात पुलिस के द्वारा राज्य परिवहन बस स्टैंड मैहर में पोस्टर का प्रदर्शन कर नशे से दूरी बनाए रखने के संदेश को प्रसारित किया गया साथ ही बसों एवम ऑटो में पोस्टर बैनर चस्पा किए गए।

## राज्यमंत्री आज सतना आयेंगी

**सतना।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी 23 जुलाई को प्रातः 6.30 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आयेंगी।

## मार्निंग वॉक करने निकली महिला पर हमला कर बाइक लेकर भागे बदमाश



**रीवा ।** शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर में अज्ञात बदमाशों ने पहले तो तीन घरों में चोरी का प्रयास किया इसी दौरान एक घर से बाइक चुराकर भाग रहे बदमाश वहीं से मार्निंग वॉक के लिए निकली महिला पर हमला कर फरार हो गए। बताया गया कि बदमाशों ने महिला के सर पर हमला किया जिसके बाद उसे उठा कर दूसरे जगह मैदान में फेंक दिया और बाइक चोरी कर फरार हो गए। घटना के संबंध में पीड़ित प्रतीक पाण्डेय निवासी नेहरू नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि वह किराए के मकान में रहता है बीती रात उसकी बाइक घर में खड़ी थी इसी दौरान अज्ञात चोर बाइक चोरी कर फरार हो गए, प्रतीक ने बताया कि चोरों ने तकरीबन तीन घरों को अपना निशाना बनाया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। वहीं राम सुमिरन नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी भाभी सुबह तकरीबन 5 बजे मॉर्निंग वॉक पर रोजाना की तरह निकली थी इसी दौरान एक बदमाश ने पीछे से उनके सिर पर डंडे से वार कर दिया और उन्हें उठाकर पास के मैदान में ले जाकर फेंक दिया। इस दौरान युवक ने महिला से कहा कि अगर शोर मचाएगी तो वह चाकू मार देगा इसके बाद आरोपी युवक पल्सर बाइक चोरी कर फरार हो गए। घटना की सूचना समान थाने में दी गई, जिसके बाद पुलिस मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश में लगी हुई है।

# डिंडोरी जिले में नशा मुक्ति अभियान के तहत व्यापक जन-जागरुकता कार्यक्रम संपन्न



**डिंडोरी, जागरण ।** जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत कई जन–जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज विशेषकर युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा। चौकी अमरपुर क्षेत्र की शासकीय माध्यमिक शाला चांदपुर में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कर नशा मुक्ति का संदेश दिया गया और प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। पीएम श्री हाई स्कूल मोहगांव में विद्यार्थियों ने भारत के नक्शे में मानव श्रृंखला बनाकर नशा मुक्त गांव का संदेश दिया। इस दौरान नेहरू सेवा केंद्र से आर. पी. कुशवाहा, रक्षित केन्द्र प्रभारी कुंवर सिंह, यातायात प्रभारी सुभाष उईके ,थाना कोतवाली से उपनिरीक्षक बुध्दूलाल वरकडे, चौकी अमरपुर प्रभारी अतुल हरदहा , आर. कमलेश अहिरवार ,आर. पिन्टू कुशवाह और शिक्षकगण उपस्थित रहे। थाना शहपुरा के शासकीय विद्यालय अमेरा में संवाद कार्यक्रम कर नशे के सामाजिक, मानसिक और आर्थिक दुष्प्रभावों से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए शपथ दिलाई गई। थाना मेहंदवानी के ग्राम परापानी, चौकी विक्रमपुर के टिकरिया विद्यालय, गोपालपुर, समनापुर, बिछिया कस्बा, एवं थाना बजाग के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों, विद्यार्थियों एवं व्यापारियों को नशे से दूर रहने की समझाइश दी गई और पंपलेट वितरित किए गए। इन कार्यक्रमों में पुलिस विभाग, शिक्षकगण, समाजसेवी संस्थाएं और स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## दुष्कर्म मामले में फरार 10 हजार रुपए का इनामी गिरफ्तार

**रीवा।** मऊगंज पुलिस ने दुष्कर्म मामले में फरार दस हजार रूपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेजा गया। आरोपी दो साल से फरार था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया था। मऊगंज पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी शुभम उर्फ रवि पिता रामसागर विश्वकर्मा 27 साल निवासी कजरा नाबालिग लड़की से दुष्कर्म मामले में फरार था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी, जिसके बाद वह रविवार को पकड़ा गया।

# राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन



**जागरण, सतना।** मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख पेंशन्सर एसोसिएसन एवम विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ के बैनर तले राज्यपाल के नाम का ज्ञापन जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि आर यल जांगड़े यस डी यम रघुराज नगर को सौपा गया।दोनों संगठन के संख्या बल बढ़ाने के लिये देवेंद्र सिंह भदौरिया राजाराम गर्ग पूरण त्रिपाठी बाल्मीक शुक्ला आर डी मिश्रा बी यल पटेल विजएन्द्र सिंह जी पी गौतम यस पी अग्निहोत्री डी आर सिंह डी के तिवारी आर ये सिंह यस के श्रीवास्तव आर के खरे ओ पी पाण्डेय आर के चतुर्वेदी ने अपनेश्रवण सतनामी राम सुजान शुक्ला हीरा मणि मिश्रा शारदा पाण्डेय यू के मिश्रा आर पी तिवारी आर के चौबे डी पी त्रिपाठी आर बी सिंह आदि ने विचार व्यक्तं किये।तथा भविष्य में होने वाले कार्यक्रमो में एक दूसरे का साथ देने की घोषणा की।

## महापौर ने पेवर्स रोड निर्माण का किया भूमि पूजन



**सतना।** महापौर योगेश ताम्रकार द्वारा वार्ड क्रमांक 16 के विभिन्न स्थलों पर कुल राशि 50.78 लाख रुपए के पेवर्स रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजेश चतुर्वेदी स्पीकर नगर पालिक निगम सतना ग़ोपी गेलानी अध्यक्ष निर्माण विभाग श्रीमती सुनीता सुरेन्द्र चौधरी वार्ड पार्षद एवं वरिष्ठ समाजसेवी ब्रिगेडियर देवेन्द्र प्रताप सिंह के साथ बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

**CHANGE OF NAME**
**(FOR CHANGE OF NAME OF WIDOWS OF DECEASED SOLDIER AND CHANGE OF NAME OF WIVES OF VETERANS AND SERVING SOLDIERS)**
I, KAUSHALYA DEVI (Existing Name of spouse as per change of Next of Kin Record/Service Document), spouse of No 13946925L Rank NK-TS Name Tej Mani Singh Tiwari (Name of the husband) residing of Gram-Chormari, Post-Chormari, Tehsil- Rampur Baghelan, Distt.-Satna(M.P.) (Address) have changed my Name from KAUSHALYA DEVI (Existing Name of spouse as per change of Next of Kin Record/Service Document) to KAUSHILYA TIWARI (proposed/adopted New Name) vide Affidavit dated 21.07.2025(Date of Affidavit DD/MM/YYYY format) before Rampur Baghelan (Name and place of the Court).

**न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त जसो तहसील नागौद जिला सतना (म.प्र.)**
दिनांक 11/07/2025
उद्घोषणा (विज्ञप्ति)
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जादोपुर पटवारी हल्का जादोपुर तहसील नागौद जिला सतना (मध्यप्रदेश) स्थित भूमि खसरा क्रमांक. 400/1 रकवा 0.753हे, 401/1 रकवा 0.083हे, 808/1 रकवा 0.032हे, 409/1 रकवा 0.548हे कुल 04 किता कुल रकवा 2.832हे पर दर्ज भूमिस्वामी धरमकुमारी ठाकुर पत्नी सुजान सिंह निवासी ग्राम अकौना तहसील राजनगर जिला छतरपुर के द्वारा ई.पंजीकरण संख्या MP 06442015A3095537 दिनांक 28/09/2015 के द्वारा आवेदकगण /बसीयत गृहीता पूरन सिंह, छत्रपाल सिंह दोनो के पिता लक्ष्मन सिंह निवासी अकौना तहसील राजनगर जिला छतरपुर के नाम निष्पादित बसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण का प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी आम या खास को कोई आपत्ति हो तो कारण उल्लेख करते हुए अपनी आपत्ति आप स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 25.7.25 तक कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त किसी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। आज दिनांक 11.7.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।
नायब तहसीलदारर नायब
तहसीलदार जसा तहसील नागौद

# अवैध कॉलोनी निर्माण पर बड़ी कार्रवाई, भूमि स्वामियों पर 10-10 लाख का जुर्माना और एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

**जागरण, डिंडोरी ।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या द्वारा अवैध कॉलोनी निर्माण के प्रकरण में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डिंडोरी से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर बिना सक्षम स्वीकृति के कॉलोनी निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। भूमि स्वामी लोकेश खैरवार पिता हरिनारायण खैरवार, निवासी डिंडौरी द्वारा उक्त भूमि को छोटे–छोटे सात भू–खण्डों में विभाजित कर विक्रय किया गया, जो मध्यप्रदेश नगर पालिका नियम 1961 की धारा 339 (ग) के अंतर्गत अवैध कॉलोनी निर्माण की श्रेणी में आता है। बिना अनुमति के कॉलोनी विकास करना कानूनन दंडनीय अपराध है। प्रशासनिक जांच में स्पष्ट पाया गया कि अनावेदक ने 0.1500 हेक्टेयर भूमि को अवैध रूप से कॉलोनी निर्माण हेतु उपयोग किया, जबकि कॉलोनी विकास हेतु न्यूनतम 2.00 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होती है। इसी प्रकार भूमि स्वामी नितिल जैन पिता राजेन्द्र जैन निवासी डिंडौरी के द्वारा भूमि खसरा नं. 12/7/2/1/1/1/1 रकबा 0.1120 हे. एवं खसरा नं. 12/6/2//1/1/1/1/1/1/1 रकबा 0.1380 हे. में से 04 एवं 07 कुल 11 भू–खण्डों में विभाजित कर विक्रय किया गया है। भूमि स्वामी श्रीमती किरण खनूजा पति ज्ञानचंद्र खनूजा एवं आनंद खनूजा पिता ज्ञानचंद्र खनूजा निवासी डिंडौरी के द्वारा भूमि खसरा नं. 273/1/6 रकबा 0.98 हे. एवं खसरा नं. 106/1/1/1/1/1/1/1/1 रकबा 0.2390 हे. में से 11 एवं 10/कुल 21 भू–खण्डों में विभाजित कर विक्रय किया गया है। भूमि स्वामी हरीशराज पिता तिलकराज निवासी सुबखार डिंडौरी के द्वारा भूमि खसरा नं. 35/1/1/1/2/1/1/1/1 रकबा 0.2370 हे. में से 06 भू–खण्डों में विभाजित कर विक्रय किया गया है। भूमि स्वामी आशीष जैन पिता आनंद कुमार जैन निवासी डिंडौरी के द्वारा भूमि खसरा नं. 468/9 रकबा 0.202 हे. में से 07 भू–खण्डों में विभाजित कर विक्रय किया गया है। भूमि स्वामी आरती कटारे पति नरेन्द्र कटारे निवासी डिंडौरी के द्वारा भूमि खसरा नं. 1/1/19/7/2 रकबा 0.084 हे. एवं खसरा नं. 1/19/3/3 रकबा 0.024 हे. भूमि में से 09 भू–खण्डों में विभाजित कर विक्रय किया गया है। भूमि स्वामी अमीन अफजल निवासी डिंडौरी के द्वारा भूमि खसरा नं. 79/1/3/1 रकबा 0.021 हे. भूमि में से 13 भू–खण्डों में विभाजित कर विक्रय किया गया है। भूमि स्वामी पंकज कुमार जैन पिता चन्द्रप्रकाश जैन निवासी डिंडौरी के द्वारा भूमि खसरा नं. 128/1/1/1/1/1/1/1/1/1 रकबा 1.6970 हे. भूमि में से 12 भू–खण्डों में विभाजित कर विक्रय किया गया है। भूमि स्वामी चैतू सिंह पिता बच्चू सिंह निवासी डिंडौरी के द्वारा भूमि खसरा नं. 286/1/1/1/1 रकबा 0.16 हे. भूमि में से 07 भू–खण्डों में विभाजित कर विक्रय किया गया है। अनावेदकों द्वारा प्रस्तुत जवाब में जनसंख्या, भूमि रकबा एवं नियमों की व्याख्या दी गई, किन्तु दस्तावेजी साक्ष्य एवं प्रतिवेदन के अवलोकन के उपरांत यह सिद्ध हुआ कि बिना अनुमति भूखंड विक्रय किया गया है। इस आधार पर कलेक्टर ने अनावेदकों पर दस–दस लाख रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। नगर परिषद डिंडौरी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि एफ.आई.आर. दर्ज कर न्यायालय को सूचित करें। साथ ही तत्कालीन हल्का पटवारी और वार्ड प्रभारी, जिन्होंने समय पर रिपोर्ट नहीं की, उन पर दो–दो हजार रूपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है एवं सेवा पुस्तिका में प्रविष्टि दर्ज करने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। तहसीलदार डिंडौरी को भू–प्रविष्टि में संबंधित भूमि को प्रतिबंधित एवं अहस्तांतरणीय दर्ज करने का आदेश दिया गया है।

MP BIRLA GROUP
**बिरला केबल लिमिटेड**
सीआईएनः L31300MP1992PLC007190
पंजीकृत कार्यालयः उद्योग विहार, पी.ओ. चोरहटा, रीवा – 486 006 (म.प्र.)
टेलीफोन नंबरः +91–7662–400580; फैक्स नंबरः +91–7662–400680
ई–मेलः headoffice@birlacable.com; वेबसाइटः https://www.birlacable.com

**सूचना**

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोध**
**पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु विशेष विंडो**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी सर्कुलर नम्बर सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी पीओडी/पी/सीआईआर/2025/97 दिनांकित 2 जुलाई, 2025 के निबन्धनों में ऐसे हस्तांतरण विलेखों के पुनः प्रस्तुत करने हेतु एक विशेष विंडो खोली गई है, जो 1 अप्रैल 2019 की समय सीमा से पहले प्रस्तुत किए गए थे और दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमी या अन्य कारणों से अस्वीकृत/वापस कर दिए गए थे/उन पर विचार नहीं किया गया था। पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु यह विंडो छह माहकी अवधि अर्थात 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक खुली रहेगी।

इस अवधि के दौरान, हस्तांतरण के लिए पुनः प्रस्तुत की गई प्रतिभूतियां (जिनमें वे अनुरोध भी शामिल हैं जो आज की तिथि तक कम्पनी/आरटीए के पास लम्बित हैं) केवल डीमैट मोड में जारी की जाएंगी। ऐसे हस्तांतरण–सह–डीमैट अनुरोधों के लिए समुचित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।

जो शेयरधारक 31 मार्च 2021 की पिछली समय सीमा से चूक गए हैं, उन्हें आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करके इस अवसर का लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। शेयरधारक आगे की सहायता के लिए कम्पनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट्स ('आरटीए'), नामतः मैसर्स एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सी–101, एम्बैसी 247, एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई–400083, ई–मेलः mumbai@in.mpms.mufg.com या कम्पनी को ई–मेलः investorgrievance@birlacable.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

वास्ते बिरला केबल लिमिटेड

तिथि : 22 जुलाई, 2025
स्थान : रीवा
(सुमन)
कम्पनी सचिव

# दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में युवक एवं युवती की हुई मौत

**जागरण हादसा**

## रैदुअरिया में ट्रैक्टर ने युवती को कुचलकर ली जान

### आक्रोशित ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर किया चक्काजाम





जागरण, सीधी

जिले में थाना रामपुर नैकिन के पुलिस चौकी पिपरांव अंतर्गत ग्राम पंचायत रैदुअरिया कला में आज सुबह करीब 8:30 बजे तेज रफ्तार में जा रहे ट्रेक्टर की चपेट में आने से एक बालिका की घटनास्थल में ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी नाबालिग चालक ट्रेक्टर मौके पर ही छोंड़कर भाग खड़ा हुआ। आक्रोशित लोगों की भीड़ ने शव को सड़क में रखकर चक्काजाम शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर थाना रामपुर नैकिन टीआई सुधांशु तिवारी, पिपरांव चौकी प्रभारी शेषमणि मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ समय बाद रामपुर नैकिन तहसीलदार भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मृतक परिवार को सभी तरह की आर्थिक सहायता नियमानुसार उपलब्ध कराई जाएगी तब करीब दो घंटे में चक्काजाम समाप्त किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब 8:30 बजे ग्राम रैदुआरिया कला नई बस्ती में रामदीन गुप्ता के घर के पास सुलेखा पिता अशोक बंसल उम्र 15 वर्ष निवासी रैदुअरिया कला के तेज रफ्तार ट्रेक्टर की चपेट में आने से मौके में ही दर्दनाक मौत हो गई। ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 53 एए 7944 अमर सिंह का बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना था कि हादसे के वक्त ट्रेक्टर मोनू साकेत पिता सोनू साकेत 14 वर्ष काफी तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक चला रहा था। ग्रामीणों का कहना था कि आरोपी चालक को पूर्व में भी तेज रफ्तार में ट्रेक्टर चलाने से मना किया गया था लेकिन वह किसी की नहीं सुनता था। कई लोग इससे पूर्व भी ट्रेक्टर ड्राइवर की मनमानी से दुर्घटना से बच चुके थे। घटनास्थल पर चक्काजाम समाप्त होने के बाद पिपरांव चौकी पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन पहुंचाया। यहां पोस्टमार्टम होने के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। पिपरांव पुलिस चौकी में आरोपी ट्रेक्टर ड्राइवर के विरुद्ध धारा 106(1) 281 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

> ग्राम पंचायत रेदुअरिया कला में आज सुबह करीब 8:30 बजे ट्रेक्टर की चपेट में आने से एक बालिका की घटनास्थल में ही मौत होने की सूचना मिली। वह तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। यहां मुआवजा की मांग को लेकर कुछ देर तक चक्काजाम की स्थिति रही। अधिकारियों की समझाइश के बाद चक्काजाम समाप्त कर दिया गया। पुलिस मामले की मर्ग विवेचना कर रही है।
>
> **शेषमणि मिश्रा, चौकी प्रभारी पिपरांव**

## मेड़रा में नवनिर्मित खेत-तालाब में डूबने से दो मासूमों की हुई मौत



**जागरण, सीधी।** मझौली थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मेड़रा में दो मासूमो की गांव में ही बने खेत तालाब में डूबने से मौत हो गई। मासूमों की मौत से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जुलाई को सायं लगभग 5:30 बजे आयुष पिता राजबहोर पाल उम्र 6 वर्ष व अजय पिता होरिल पॉल 7 वर्ष निवासी ग्राम मेड़रा अपने दो अन्य साथियों के साथ गांव में अलोपी माता मन्दिर में प्रसाद लेने गए थे व प्रसाद लेने के बाद वहीं पर नजदीक में ही नव निर्मित बने खेत तालाब में चारो बच्चे नहाने चले गए जहां आयुष व अजय की डूबने से मौत हो गई, जबकि अन्य दो बच्चों द्वारा घर आकर इसकी जानकारी परिजनों को दी परिजनों द्वारा हल्ला गुहार कर अन्य ग्रामीणों की मदत से बच्चों को पानी से बाहर निकाला गया तब तक में दोनों बच्चों ने अपनी जान जान गवां दी थी। रात हो जाने के कारण पुलिस द्वारा अगले दिन 22 जुलाई को सुबह बच्चों के शव समेत स्थल पंचनामा कर पीएम के लिए लाया गया।

## मिनी हाइवा की टक्कर से बाइक सवार की मौत




राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-39 सीधी-रीवा में आज सुबह मोहनिया के समीप मिनी हाइवा की टक्कर से एक बाइक सवार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पड़खुरी के निवासी सुरेंद्र पटेल पिता श्याम लाल पटेल उम्र 45 वर्ष आज सुबह बाइक में सवार होकर रेलवे में डियूटी करने रीवा जा रहे थे। रास्ते में मोहनिया के समीप मिनी हाईवा वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडी 7997 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार में बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के दौरान मिनी हाइवा के अगले हिस्से में दोनों पहिया के बीच बाइक का आधा हिस्सा फंस गया था जिससे दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार सुरेंद्र पटेल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। यह घटना आज मंगलवार को सुबह 8 बजे की बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही मोहनिया चौकी प्रभारी चक्रधर प्रजापति के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र पटेल और आरक्षक संजीव सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच कर पंचनामा के पश्चात शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरहट पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने पोस्टमार्टम किया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस द्वारा घटनास्थल से दुर्घटना पारित करने वाले मिनी हाइवा को पुलिस ने जप्त कर मामले की मर्ग विवेचना की जा रही है और दुर्घटनाग्रस्ति वाहन को जब्त कर लिया गया है।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## बिजली विभाग के खिलाफ लामबंद हुए किसान



**जागरण, सीधी।** किसान एकता महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव गंगा प्रसाद पाण्डेय ने जारी अपने प्रेस नोट मे बिजली विभाग चुरहट जिला सीधी मप्र मे पदस्थ एई श्री तिवारी की लापरबाही के कारण हनुमानगढ़ सहित कई जगहो के ट्रांसफार्मर जल गये हैं लेकिन वैधानिक सूचना के बाद भी आज तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है, जिससे किसानों का धान की रोपाई वाला पेंड सूख रहा है, जिससे किसानों की साल भर की खेती नष्ट हो रही है। एई चुरहट बिजली विभाग किसी किसान का फोन भी नहीं उठा रहा है। जिससे सीधी जिले के किसानों ने लापरवाह जेई को शीर्घ निलंबित करने की मांग की है। सांथ ही तीन दिन के अंदर अगर हनुमानगढ़-सीधी का ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो किसान बिजली विभाग चुरहट के खिलाफ बडा आन्दोलन करेंगे।

## सिविल न्यायालय मझौली मे हुआ पौधरोपण



**जागरण, मझौली।** सिविल न्यायालय मझौली में पंच-ज अभियान के अन्तर्गत आज 22 जुलाई 2025 दिन मंगलवार को पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए वृहद वृक्षारोपण विशेष अभियान विधिक सेवायें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड शिवांगी सिंह परिहार एवं व्यवहार न्यााधीश कनिष्ठ खण्ड रुचि परते के तत्वाधान में आयोजित किया गया, जहां अधिवक्ता संघ मझौली के अध्यक्ष एंड. महेंद्र सिंह गौतम, सचिव श्यामकार्तिक पाण्डेय एवं अन्य अधिवक्तागण सहित न्यायालयीन कर्मचारीगण नाजिर राकेश पटेल, किमनल रीडर श्लेष मिश्रा एवं अन्य कर्मचारीगण व न्यायालय सुरक्षा सैनिक बाबूलाल रजक, नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी के साथ आम जन सामिल रहे। जहां औषधियां, फलदार छांयादार कई किस्म के आधा सैकड़ा से अधिक पौधे रोपे गए। इस दौरान वृक्षारोपण एवं पर्यावरण के महत्व के संबंध में जानकारी भी प्रदान की गई।

## शिवसेना ने विद्युत समस्या निवारण हेतु सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सीधी।** जिले में दिनों-दिन बिगड़ती विद्युत व्यवस्था से आम जनता त्रस्त है। बारिश या मौसम में मामूली बदलाव होते ही घंटों नहीं बल्कि दिनों तक बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है। इससे जनजीवन तो प्रभावित हो ही रहा है, साथ ही किसान, छात्र, व्यापारी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिक भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने कलेक्टर के नाम विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि जिले की विद्युत समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गयाए तो संगठन ग्रामीणों के साथ मिलकर घेराव आंदोलन के लिए बाध्य होगा। विवेक पाण्डेय ने विशेष रूप से ग्राम पंचायत अमरपुर डीसी बहरी की स्थिति को गंभीर और अत्यंत चिंताजनक बताया। उन्होंने बताया कि वहां के 30-35 बेड वाले शासकीय अस्पताल का ट्रांसफार्मर कई दिनों से जल चुका है, जिससे पूरे अस्पताल की बिजली आपूर्ति बंद है। इस अस्पताल में गर्भवती महिलाओं और अन्य गंभीर रोगियों का इलाज होता है, लेकिन बिजली न होने से जनस्वास्थ्य सेवाएं लगभग ठप पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अगर विद्युत विभाग और प्रशासन इस गंभीर स्थिति का समाधान शीघ्र नहीं करता तो हमें जनआंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। यह केवल बिजली की बात नहीं, बल्कि जीवन और स्वास्थ्य की सुरक्षा का मामला है। इस दौरान प्रमुख रूप से शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय, जिलाध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोले, नगर अध्यक्ष जैनेंद्र सिंह चौहान उर्फ मुन्ना, सुभम सिंह चौहान उर्फसोनम, रामकुमार विश्वकर्मा, साजन कुमार मौजूद रहे।

## राजपूत करणी सेना ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात



**विंध्यभारत, सीधी।** श्रीराजपूत करणी सेना सीधी द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा से मुलाकात कर कुछ मामलो को लेकर समस्याएं बताई है जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया है। करणी सेना की मांग प्रमुख मांग यह रही है कि सभी पैथालाजी सेंटरों में महिलाओं के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं है, जबकि पैथालाजी में यूरिन टेस्ट के दौरान यह जरूरी रहता है, लेकिन इसकी सुविधा अधिकतर पैथालाजी सेंटरों में नहीं है। इसके साथ ही चौराहों में स्पीड ब्रेकर न होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। इस पर ध्यान देकर स्पीड ब्रेकर लगाने के लिए भी आग्रह किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने दो मांगों को तत्परता से कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिए है। श्रीराजपूत करणी सेना लगातार जन समस्या को लेकर आवाज उठाती आ रही है, जिस वजह से समस्याओं को निराकरण भी होता है। पुलिस अधीक्षक भी इस मामलें में त्वरित निराकरण करने का आश्वासन दिए है। करणी सेना के पदाधिरियों में प्रदेश महासचिव हरपाल सिंह चौहान, संभागीय उपाध्यक्ष अनिल सिंह चौहान अन्नू, संभागीय महासचिव रोहन सिंह कन्हैया टेंट हाउस, प्रमोद सिंह जिलाध्यक्ष, रविशंकर विसेन, राजीव सिंह परिहार, पवन सिंह चौहान, दिलीप सिंह गहरवार, अजय सिंह परिहार, अरविंद सिंह चौहान, सज्जन सिंह परिहार, कीर्ति कुमार पिन्टू, सतेन्द्र सिंह चौहान सहित कई लोग शामिल रहे।

# स्टाप डायरिया सह दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ

## 22 जुलाई से 16 सितम्बर तक चलेगा अभियान



जागरण, सीधी

जिले में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार दस्तक अभियान वर्ष 2025-26 के प्रथम चरण का शुभारंभ मंगलवार, 22 जुलाई को किया गया। यह अभियान 16 सितम्बर तक संचालित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे ने बताया कि दस्तक अभियान के सत्र आंगवाड़ी केन्द्रों में आयोजित किए जाएंगे। जहां 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को अभियान में निहित सेवाएं प्रदान की जाएंगी। शेष छूटे हुए बच्चों एवं नवजात शिशुओं हेतु मापअप के दौरान एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का संयुक्त दल बच्चों के घर.घर जाकर दस्तक सेवाएं देंगी। सत्र एवं मापअप के दौरान बच्चों में बीमारियों की पहचान आवश्यक उपचार एवं त्वरित रेफरल सुनिश्चित किया जाएगा। दस्तक दल का नेतृत्व एएनएम द्वारा किया जाएगा। आशा एवं आगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहयोगी की भूमिका में होगीं। दस्तक दल द्वारा छूटे हुए बच्चों एवं दल के पर्यवेक्षण हेतु सीएचओ उत्तरदायी होंगे। स्टाफ डायरिया कैम्पेन के माध्यम से समुदाय एवं संस्था आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। समुदाय आधारित सेवाओं में 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चों को 2 ओआरएस के पैकेट, 14 जिंक टेबलेट जिसमें 2 माह तक के बच्चे शामिल नहीं होंगे, दस्त रोग के प्रकरणों में अनिवार्यतः निर्जलीकरण का वर्गीकरण कर आवश्यक उपचार एवं रेफर करने, सत्र के दौरान उपस्थित समुदाय के लोगों के समक्ष ओआरएस घोल बनाने की विधि का प्रदर्शन, समुदाय को जिंक टैबलेट का महत्व एवं लक्षणों की समझाईस देने के साथ ही साफ-सफाई के महत्व को समझाने एवं हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि संस्था आधारित गतिविधियों में आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं विद्यालयों में ओआरएस कार्नर स्थापित करनें निर्जलीकरण के मापदंड एवं उसके उपचार का प्रदर्शन तथा मानक उपचार, ओपीडी में आने वाले दस्त रोग वाले बच्चों को 2 ओआरएस के पैकेट, 14 जिंक टेबलेट देने, गंभीर कुपोषण के साथ निर्जली करण के चिन्हांकित बच्चों का मानक अनुसार उपचार करना, ओआरएस एवं जिंक टैबलेट के उपयोग पर चर्चा शामिल हैं।

# अधिवक्ता संघ के चुनाव में अरविंद शुक्ला अध्यक्ष पद की पेश कर रहे हैं प्रबल दावेदारी



**जागरण, सीधी।** जिला अधिवक्ता संघ चुनाव की सरगर्मियां बढ़ने लगी हैं। अध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए प्रत्याशी प्रचार अभियान शुरू कर दिए हैं। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी जो चार-चार बार अध्यक्ष रह चुके हैं वहीं अब इस बार नए अधिवक्ता संघ चुनाव में अध्यक्ष पद की दावेदारी करने वाले अरविंद शुक्ला का जन समर्थन काफी होता दिखाई दे रहा है। जिनका प्रचार अभियान इन दिनों जोरों पर है। मालूम हो कि अधिवक्ता संघ चुनाव में अरविंद शुक्ला ने दावेदारी पेश की है। उनका यह कहना है कि हमने अपने माता-पिता द्वारा जमा की गई बैंक में राशि से अधिवक्ताओं के हितों के लिए सुविधा दिलाने के लिए खर्च करेंगे। इसके साथ ही उनके द्वारा अन्य कई वायदे भी किए जा रहे हैं। जिसमें प्रमुख रूप से स्वयं के व्यय पर अधिवक्ता हॉल के प्रथम तल पर नए अधिवक्ता हाल का निर्माण कराना है। वहीं वर्ष 2020 से अब तक के नए अधिवक्ताओं को 5 हजार रुपए तक की विधि पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध कराना है। संघ के माध्यम से अधिवक्ता चेंबर का निर्माण कराना एवं सुव्यवस्थित पुस्तकालय एवं ई-लाइब्रेरी की स्थापना कराने के अलावा शुद्ध पेय जल, निःशुल्क वाईफाई, संघ की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता देना प्रमुखता रहेगी। इसके साथ ही अधिवक्ता आवासी कॉलोनी हेतु प्रयास किया जाएगा। वहीं अधिवक्ताओं के ग्रुप इंश्योरेंस हेतु प्रयास किया जाएगा। साथ ही युवा अधिवक्ताओं के लिए मार्गदर्शन, मेंटरशिप कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही अधिवक्ताओं के हितार्थ एवं हर संभव कदम उठाने के लिए मेरा मुख्य उद्देश्य रहेगा। उन्होने कहा कि सभी अधिवक्ताओं का आशीर्वाद मुझे मिलेगा तो मैं जिस तरह वर्ष 2002 में अधिवक्ता संघ का सचिव रहा उस दौरान जितना हो सका अधिवक्ताओं के हितों के लिए काम किया उससे ज्यादा अध्यक्ष बनने के बाद अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए काम करूंगा।

# स्कूल में बच्चों को दी गई मलेरिया, डेगू से बचने की जानकारी

## शाउमावि भरतपुर के छात्रों को किया गया प्रशिक्षित

### डॉ. ज्ञानेन्द्र पाठक ने दी सुरक्षा की जानकारी




जागरण, सीधी

वर्षा के समय गांव-घरों में मच्छर उत्पन्न हो जाते हैं जिसके कारण मलेरिया एवं डेगू जैसी बीमारी से लोग ग्रसित हो जाते हैं। मलेरिया व डेगू से बचने के लिए जन जागरुकता करते हुए मलेरिया सलाहकार डॉ. ज्ञानेन्द्र पाठक, सौरव मिश्रा, मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर ने शाउमावि भरतपुर में जिला स्वास्थ केंद्र सीधी के द्वारा विद्यालय के छात्रों को मच्छरों की उत्पत्ति, विकास एवं उन्हें नष्ट करने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए मलेरिया एवं डेंगू के लक्षणों को बताया गया। विद्यालय के जिन छात्रों को एक-दो दिन में बुखार आया हो उनका किट द्वारा जांच भी की गई। जिसमे सभी की रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुई। स्वास्थ विभाग का यह महत्वपूर्ण पहल है, जिससे जिले में मलेरिया एवं डेंगू के रोंकथाम में सार्थक रिजल्ट प्राप्त होगा। स्कूल के छात्र-छात्राओं से अपील की गई कि वह अपने आप एवं अपने परिवार को मलेरिया व डेगू की बीमारी से बचाएं और उससे सुरक्षा का उपाय करें। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य शशिभूषण पाण्डेय, उच्चे श्रेंणी शिक्षक एके पाण्डेय, राविन्द्र सिंह, अरविंद शुक्ला आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

## 763.5 मि.मी. दर्ज हुई जिले में वर्षा, सर्वाधिक सिहावल में

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 22 जुलाई को सीधी जिले में 2.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट में 16.2 मि.मी., गोपद बनास में 0.0 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 0.0 मि.मी., मझौली में 0.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 763.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 22 जुलाई तक तहसील बहरी में सर्वाधिक वर्षा 876.7 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 631.5, चुरहट में 662.0, गोपद बनास में 704.0, सिहावल में 857.6, मझौली में 858.0 मि.मी. और कुसमी में 754.5 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 204.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 558.9 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# कलेक्टर ने सुनी 195 ग्रामीणजनों की फरियाद

## कलेक्टर जन सुनवाई में दूरअंचल से समस्या लेकर आते हैं ग्रामीण

### समस्याओं के त्वरित समाधान का किया जाता है प्रयास



जागरण, सीधी

कलेक्टर जन सुनवाई में जिले भर से गांव-गांव से ग्रामीण जन अपनी समस्याओं की फरियाद लेकर आते हैं। ग्रामीण जनों की समस्याओं का कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी बड़ी सादगी के साथ सुनते हैं और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश देते हैं। आम जनता की समस्याओं का कलेक्टर की जन सुनवाई में समाधान होने से प्रत्येक मंगलवार कलेक्टर से मिलने के लिए ग्रामीणजन भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 195 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, डिप्टी कलेक्टर एसपी मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# पदभार ग्रहण कर नवागत सीईओ ने की कार्यों की समीक्षा



**जागरण, मझौली।** जनपद पंचायत मझौली के कार्य व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ कार्यालय द्वारा ज्ञानेंद्र मिश्रा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी से अतिरिक्त प्रभार के रूप में सौंपी गई। जनपद पंचायत मझौली की कमान वापस लेते हुए धनंजय मिश्रा अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी को अतिरिक्त प्रभार के रूप में सौंपा गया है। जिनके द्वारा आज 21 जुलाई को पदभार ग्रहण करते हुए जनपद पंचायत के समस्त शासकीय सेवकों पीसीओ, उपमंत्री, सचिव, रोजगार सहायकों की बैठक आयोजित कर योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की विधिवत समीक्षा की गई तथा ग्राम पंचायत में समग्र ई-केवाईसी पीएमएबायई-केबायसी, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा प्लान्टेशन, मनरेगा के श्रमिक नियोजन कार्य पूर्णता, निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के फीडबैक में प्रगति लाने निर्देश दिए गए। साथ ही जल वृष्टि से सभी को सजग रहने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में पीसीओ, उपमंत्री, सचिव, रोजगार सहायकों के अतिरिक्त जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। बैठक के पूर्व पदभार ग्रहण करने के उपरांत नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय मिश्रा का जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी रोशन लाल गुप्ता, सन्तोष निगम प्रदीप माण्डले, अरविंद तिवारी, अशोक माथुर, राजेश्वर तिवारी, सुनील तिवारी, डीडी वर्मा, नारायण प्रसाद बैगा, राजेंद्र द्विवेदी, विनोद पटेल, श्रीनिवास साकेत, उमेश कुमार मौर्य, नितिन तिवारी, राहुल आदि के साथ बैठक में उपस्थित समस्त पीसीओ, उपमंत्री, सचिव, रोजगार सहायकों द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया।

# उप निर्वाचन कार्य ग्राम पंचायत चरखरी एवं नरगी में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न



जागरण सोहागपुर। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायत उप निर्वाचन 2025 पूर्वाध्द ब्यौहारी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत चरखरी एवं सोहागपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत नरगी में सरपंच पद के निवार्चन हेतु शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर मतदान प्रक्रिया में सहभागिता निभाते हुए मतदान किया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह ने ग्राम पंचायत नरगी में बनाए गए मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान कार्य का अवलोकन किया तथा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। ग्राम पंचायत नरगी में 63.3त्न एवं ग्राम पंचायत चरखरी में 73.7त्न मतदान हुआ।

# सर्प दंश से युवक की मौत आदिवासी क्षेत्र कल्दा सलेहा में लगातार मौत का सिलसिला जारी

**अस्सी किलोमीटर दूर गुनौर जाना पड़ता है पोस्टमार्टम कराने**



**पन्ना** । जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं पटरी से उतरी हुई है स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर बड़ी दुर्दशा है अधिकांश स्वास्थ्य केन्द्रो में डॉक्टर पदस्थ नहीं है जिससे इलाज के अभाव में लोग भारी परेशान हैं तथा उन्हें 100 किलोमीटर दूर इलाज कराने जाना पड़ता है सबसे बुरी स्थिति आदिवासी बहुल्य क्षेत्र कल्दा सलेहा की है जहाँ पर डॉक्टर पदस्थ नहीं है केवल भवन बना हुआ है तथा नसों के भरोसे स्वास्थ्य केंद्र संचालित हो रहे हैं बरसात के दिनों में आदिवासी बहुल्य क्षेत्र कल्दा में सर्प दंश की घटनाएं बहुत होती हैं क्योंकि डॉक्टर ना होने से इलाज भी नहीं मिल पाता है इसी प्रकार की घटना बीती रात घटित हुई जिसमें संत कुमार आदिवासी पिता स्वामीदीन उम्र लगभग 24 वर्ष को रात्रि में सर्प ने डस लिया जिसे इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र कल्दा लाया गया लेकिन उचित इलाज न मिलने से उसकी मृत्यु हो गई पोस्टमार्टम के लिए स्वयं के वाहन से 80 किलोमीटर दूर गुनौर लाया गया जहां पर उसका पोस्टमार्टम कराया गया इस प्रकार की स्थिति जिले में निर्मित है।

## इंटर नेशनल गणित ओलंपियाड में महाराजा पब्लिक स्कूल के छात्र शशांक प्रथम स्थान में

**रीवा।** महाराजा पब्लिक स्कूल बेला के छात्र शशांक अग्रवाल ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा सत्र 2024-25 में आयोजित गणित विषय के ओलंपियाड टेस्ट में अंतरराष्ट्रीय स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शशांक की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन एवं उनके अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा छात्र के लिए मेडल, सार्टिफिकेट एवं गिफ्ट सर्टिफिकेट भेजा गया था जिसे विद्यालय द्वारा छात्र को प्रदान किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर आनंद सिंह, प्राचार्य थॉमस परूआ, उप प्राचार्य मनोज त्रिपाठी, शिक्षकों सहित सभी ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की है।


## नाम सुधार सूचना

मैं ब्रिजेंद्र सिंह बघेल पिता श्री गजराज सिंह आयु 57 वर्ष निवासी वार्ड नं. 19 खम्हरिया ग्राम भोलगढ़ तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. आधार नं. 706545584793 का मूल निवासी हूं और शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरा पासपोर्ट नं. 19949581 बना है जिसमें मेरा नाम BRIJENDRA SINGH है, जो कि मेरा पुराना नाम है। मेरा वर्तमान में सही नाम BRIJENDRA SINGH BAGHEL है, जो कि मेरे मतदाता कार्ड में अंकित है, जो कि सही व सत्य है। अतः मेरे पासपोर्ट व संबंधित सभी रिकार्ड में अंकित नाम BRIJENDRA SINGH के स्थान पर सही नाम BRIJENDRA SINGH BAGHEL अंकित किया जावे। एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

RN- 82715 ब्रिजेंद्र सिंह बघेल


# ग्राम पंचायत हडा में भीषण पेयजल संकट नाले का गंदा पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

## दूषित पानी से फैल सकती हैं बीमारियां, प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग

**पवई** । जनपद पंचायत पवई से महज 7 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत हडा में पेयजल का भीषण संकट गहराता जा रहा है। करीब 1000 से अधिक अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के ग्रामीण शुद्ध पेयजल से वंचित हैं। गांव में गर्मी के मौसम में पानी की आपूर्ति करने वाला टैंकर-ट्रैक्टर महीनों से बंद पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों को अपनी प्यास बुझाने के लिए 1 किलोमीटर दूर बागराज हनुमान मंदिर के पास स्थित एकमात्र हैंडपंप पर निर्भर रहना पड़ता है। स्कूल परिसर में लगा दूसरा हैंडपंप सिर्फ छात्रों की जरूरत पूरी करने में सक्षम है। गांव के बाकी जलस्रोत या तो बंद पड़े हैं या पीने योग्य नहीं हैं। पानी की किल्लत के चलते हडा के लोग नाले का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं, जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय समाजसेवी रम्मूमणि यादव ने इस समस्या को लेकर हाल ही में अनुभागीय राजस्व अधिकारी पवई को लिखित शिकायत सौंपी थी, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने पेयजल विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों से जल्द से जल्द व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि हडा गांव को बीमारी और संकट से राहत मिल सके।


## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं.: T_25-26_Furnishing/Notice दिनांकः 18.07.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कोच एम.एल.आर कारखाना, झाँसी, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा संख्याः** T_25-26_Furnishing | **मात्राः** एक कार्य

**कार्य का विवरणः** सी.एम.एल.आर. कारखाना झाँसी में स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार POH के दौरान GSCN, GS, SLR, GSCZ एवं सभी प्रकार के ICF type BG कोचों की सम्पूर्ण फर्निशिंग का कार्य।

**निविदा मूल्यः** रु. 48,22,249.60/- (रुपये अड़तालीस लाख बाइस हजार दो सौ उनचास एवं साठ पैसे मात्र)

**कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 06 माह | **बयाना राशिः** रुपये 96500/- | **निविदा प्रपत्र मूल्यः** Rs. 0/-

1. निविदा दिनांक 08.08.2025 को 15:00 बजे बंद होगी एवं भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2. निविदा की संपूर्ण जानकारी के लिये भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। 3. ठेकेदार टेण्डर प्रपत्र को डाउनलोड करने के लिये एवं टेण्डर सूचना संबंधी किसी भी प्रकार के संशोधन/परिशिष्ट (यदि कोई है) हेतु भारतीय रेलवे की ई-टेण्डरिंग की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखते रहें। इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी जायेगी और ना ही किसी भी प्रकार का पत्राचार किया जायेगा। 1276/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



### नाम परिवर्तन सूचना

मै घोषणा करती हूँ कि पूर्व मे मेरा नाम जो शैक्षणिक दस्तावेज में SHWETA KHATRI था। जिसे मै शादी के बाद मै अपना नया नाम SHWETA VINDHWANI कर ली हूं कृपया अब से मुझे नये नाम SHWETA VIDHWANI W/O RAVI VIDHWANI के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता WARD NO. 31 NEAR VINDHYAWASINI MANDIR, TARAHATI, HUZUR PO. REWA DISTT REWA (M.P.) है।



## नाम सुधार सूचना


मैं अमित गुप्ता पिता श्री प्रेमलाल गुप्ता निवासी वार्ड क्रमांक 09 मकान क्रमांक 9/50/8/6 नियर शान्ती इलेक्ट्रिल्स बोदाबाग अजगरहा रीवा तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) का निवासी हूं व शपथपूर्वक बयान करता हूं कि आधार नं. 925630089651 मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा नाम अमित गुप्ता अंकित है लेकिन अंकसूची में अमित कुमार गुप्ता अंकित है। अतः मेरा अमित कुमार गुप्ता की जगह अमित गुप्ता सुधार किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए। यह कि अगर भविष्य में नाम के संबंध में कोई वाद विवाद होता है तो समस्त जिम्मेदारी मेरी होगी।

RN- 82681 अमित गुप्ता


## कॉलेज प्रोफेसर्स को मिलेगा 7वां वेतनमान

**जागरण, रीवा।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कहा है कि अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों के प्राध्यापकों को भी सातवें वेतन आयोग का लाभ प्रदान किया जाए। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने कहा कि 31 मार्च 2000 के पहले नियुक्त प्राध्यापकों को 1 जनवरी 2016 से प्रभावी सातवें वेतनमान के अनुसार वेतन व अन्य लाभ प्रदान किए जाएं। आगामी चार माह के भीतर याचिकाकर्ताओं को 25 प्रतिशत एरियर का भुगतान किया जाए। साथ ही सेवानिवृत्त प्राध्यापकों को शेष एरियर का भुगतान आगामी 9 माह के भीतर किया जाए। इसके अलावा जो प्राध्यापक अभी सेवा में हैं, उन्हें आगामी 12 माह के भीतर शेष एरियर का भुगतान करना होगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उक्त समयावधि में भुगतान नहीं होने की स्थिति में 6 प्रतिशत ब्याज का भुगतान भी करना होगा। मप्र अशासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ के प्रांताध्यक्ष की ओर से याचिका दायर की गई थी। इसमें कहा गया था कि राज्य सरकार ने 27 फरवरी 2024 को अशासकीय अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों के प्राध्यापकों को सातवें वेतनमान का लाभ देने से इनकार कर दिया है।

## लापरवाह पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**पन्ना** । प्रशासनिक सर्वे में पात्र पाये गए ढाई सैकड़ा से अधिक भूमिहीनों को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना द्वारा आवासीय पट्टे ना देकर उन्हें परेशान करने की नियत से पुनः सर्वे करना सरासर गलत है। फिर भी तहसीलदार पन्ना के माध्यम से पुनः सर्वे कराने की कड़ी में लगभग 1 वर्ष से पन्ना पटवारी द्वारा प्रत्येक भूमिहीनों की खसरा रिपोर्ट न देने में लापरवाही के प्रति जनसुनवाई में एक निश्चित तारीख के तहत पटवारी द्वारा भूमिहीन व्यक्तियों की खसरा रिपोर्ट तहसील कार्यालय में प्रस्तुत करने की मांग के साथ निश्चित अवधि में पटवारी द्वारा कार्रवाई न करने की स्थिति में लापरवाह पटवारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है ज्ञात हो कि उक्त मुद्दे को लेकर पन्ना जिले के समाजसेवी साहित्यकार चिरौलिया लगातार संघर्ष कर रहे हैं लेकिन प्रशासन द्वारा गरीबों के साथ न्याय नहीं किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा लगातार जनसुनवाई तथा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की गई है लेकिन अभी तक मामले में कोई कार्यवाही नहीं हो रही है प्रजातंत्र की सरकार में गरीबों को न्याय क्यों नहीं मिल रहा है।


## मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय, चतुर्थ तल, ब्लाक नंबर-7, शक्ति भवन, रामपुर, जबलपुर - 482008 (म.प्र.)
CIN : U40109MP2002SGC015120, Website: www.mpez.co.in.
Email:aspkoz@gmail.com, Phone No. 0761-2702020

क्र.-प्र.सं./पू.क्षे./मु.म.प्र. (मा.सं.एवं प्रशा.) पी.आर.ओ./11285 दिनांक: 21.07.2025

### आम सूचना



श्री रोम बहादुर, कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक (मा. संसा. एवं प्रशा.) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि., जबलपुर में भृत्य के पद पर कार्यरत है एवं दिनांक 07.02.2025 को बिना किसी पूर्व सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित हैं और आपके अस्थाई पते पर अनुपस्थिति की सूचना चस्पा करने के उपरांत भी कार्य पर उपस्थित नहीं हुये है। अत: आप तत्काल अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित हो अन्यथा की स्थिति में सेवा से बर्खास्त करने की एकपक्षीय कार्यवाही संपादित कर दी जावेगी। जिसके आप स्वयं उत्तदायी होगें।

महाप्रबंधक (स्थापना)
पता- म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि., जबलपुर
दूरभाष 0761-2661219,
ई-मेल- aspkez@gmail.com



## म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित

मुख्यालय : जहांगीराबाद, भोपाल

क्रं./यां.शा./496/2025 भोपाल, दिनांक : 22.07.2025

### निविदा सूचना (प्रथम अल्पावधि आमंत्रण)

विपणन संघ द्वारा स्वयं के गोदाम मरम्मत/निर्माण कार्य एवं विधायक निधि अंतर्गत कृषक विश्राम शेड (Farmer Shed) निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से E-Tender प्रणाली के अन्तर्गत www.mptenders.gov.in पर केवल Online प्रतिशत दर के आधार पर निविदाएं दिनांक 05.08.2025 को शाम 05:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं कार्य के संबंध में अन्य जानकारी एवं अनिवार्य शर्तें निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं विपणन संघ की वेबसाइट www.mpmarkfed.mp.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी।

| क्र. | Tender Ref. No. | कार्य का नाम | निविदा राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2133 | Repairing work of 2000MT Godown No.-9A & 9B of Markfed at Rau, Distt.-Indore (1st Call, Short Term Tender) | 22,11,439.00 |
| 2 | 2134 | Construction of C.C. Road at Storage Campus of Markfed Ambah, Distt.-Morena (1st Call, Short Term Tender) | 14,56,385.00 |
| 3 | 2135 | Construction of Krishak Vishram Shed (Farmer Shed) (20'X40' ft) In the Storage Campus of Markfed Under MLA Fund At Nagod, Distt.-Satna (1st Call, Short Term Tender) | 4,92,827.00 |

**नोट :-** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना अथवा संशोधन संबंधी जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/121208/2025 मुख्य अभियन्ता (सि.)



## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



## आवश्यकता है

सीधी जिले में-फील्ड में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। 10वीं पास व फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं। मोबाइल एवं मोटर सायकल अनिवार्य है।
मो. 7773038883, 8319449348, 8966001766 आरएन (25/7)



## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944


## इन्टर स्कूल ड्रग अवेयरनेस फुटबॉल प्रतियोगिता 25 से

**जागरण, रीवा।** अंडर 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के युवा फुटबालरों को खेलों में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने व राष्ट्रीय स्तर के फुटबाल मैदान पर अपने खेल कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से खेल और युवा कल्याण विभाग रीवा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स और फुटबाल खेल क्लब संघ/स्कूल संस्थाओं के सहयोग व आइजी,एसपी व कलेक्टर रीवा के मार्गदर्शन में प्रारंभ किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एमके धौलपुरे ने बताया कि रीवा में ड्रग अवेयरनेस के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसमें अंडर 17 वर्ष के कम युवा फुटबालरों के बीच इंटर स्कूल ड्रग अवेयरनेस फुटबाल चैम्पियनशिप कराया जावेगा। इस प्रतियोगिता हेतु ज्योति सीनियर सेकण्डरी स्कूल रीवा, बालभारती स्कूल रीवा, गुरुकुल हायर सेकण्डरी स्कूल रीवा, सिक्रेट हार्ड स्कूल रीवा, बी.बी.एस.हायर सेकण्डरी स्कूल रीवा, बिलाबांग स्कूल रीवा, किड्स वर्ड स्कूल रीवा, इंटरनेशनल स्कूल रीवा, सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल रीवा, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 01, एवं 02 रीवा, राजहंस स्कूल रीवा, ज्ञानस्थली स्कूल रीवा, फेमेंन्स स्कूल रीवा, इंटीग्रेटी एक्सीलेंस स्कूल रीवा, सावी मदर स्कूल रीवा, दून पब्लिक स्कूल रीवा, डी-पॉल स्कूल रीवा, गीतांजली पब्लिक स्कूल रीवा, महाराजा स्कूल रीवा, लाईफसेफ्र्ड स्कूल रीवा, शासकीय मार्तण्ड क्रमांक 1,2 एवं 03, शासकीय मॉडल हायर सेकण्डरी स्कूल रीवा गर्वमेन्ट क्रमांक 01 रीवा के टीमों को आमंत्रित किया गया है एवं इच्छुक विद्यालय अपनी टीमों की सीधे इंट्री करा सकते है, प्रतियोगिता के मैचों का कार्यक्रम 24 जुलाई 2025 शाम 06:00 बजे पर्ची निकाल कर (लकी-ड्रा) के माध्यम से कराया जावेगा। निर्णायकों व प्रोटेस्ट कमेटियों का गठन किया जा चुका है, इंटर स्कूल ड्रग अवेयरनेस फुटबाल प्रतियोगिता लीग कम नॉक ऑउट पद्धति से कराया जावेगा।


## कार्यालय नगर परिषद डभौरा जिला-रीवा (म0प्र0)

E-mail ID- cmodabhora@mpurban.gov.in

क्रमांक/1221/E-TENDER/न.परि./2025 डभौरा, दिनांक 22.07.2025

### ई-निविदा द्वितीय आमंत्रण-सूचना

म.प्र. शासन लोक निर्माण विभाग एवं विद्युत विभाग में नवीन केन्द्रीकृत पंजीकृत प्रणाली के अंतर्गत अथवा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से फार्म "ए" में ई-टेन्डरिंग के माध्यम से निम्न तालिका विवरण अनुसार वर्ष 2021 के एस.ओ.आर. (02.08.2021) पर निविदा आंमत्रित की जाती हैं। विवरण निम्नानुसार हैं:-

| S.N | Tender No | Name Of the Work | Probable amount of Contract (Rs in Lacs) | Earnest Money Deposit (E.M.D.) (In Rs) | Cost Of Bid Document (In Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_438978_1 | Installation Of Pole,Cable & Street Light in Ward No 7,10,11,12,13,14 & 15 Of ULB (Second Call) | Rs 125.41 | Rs 62706.00 | Rs 12500.00 |

शर्तें:-

1. निविदा दिनांक 22.07.2025 को सायं 05.30 बजे से दिनांक 06.08.2025 को सायं 5.30 बजे तक बेवसाईट पर ऑनलाईन प्राप्त/प्रस्तुत की जा सकती है।
2. विस्तृत निविदा सूचना बेवसाईट https://mptender.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन केवल बेवसाईट में किया जावेगा। दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापन का प्रकाशन नही किया जावेगा।

(ज्ञानेन्द्र मिश्रा)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद डभौरा
जिला रीवा (म.प्र.)



## कार्यालय कलेक्टर जिला-मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

अधिसूचना भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013

क्रमांक/74/भूअर्जन/2025/ धारा-11 मऊगंज दिनांक 24.6.25

चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत हो गया है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पडने की संम्भावना है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी सम्बधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है। राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धांरा-12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता हूँ।

चूंकि भूमि भूमिस्वामियों द्वारा उक्त भूमियों के बदले वर्तमान भू-अधिग्रहण अधिनियम, 2014 के नियमों एवं शर्तो के अधिन मुआवजा प्राप्त करने हेतु सहमत है। अतः इस कारण अधिनियम की धारा-4 के तहत सामाजिक समाघात निर्धारण की आवश्यकता नही है, और इस कारण अधिनियम की धारा-11 (3) के तहत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का सार प्रकाशित नही किया जा रहा है।

**अनुसूची**

| भूमि का वर्णन | | | कुल रकवा क्षेत्रफल (हे.मे.) | अर्जित रकवा (हे.मे.) | धारा 12 की धारा द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| मऊगंज | मऊगंज | मिसिरगवां काटन | 0.318 हे. | 0.084 हे. | कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग, मऊगंज/रीवा, म.प्र. | सी.एम. राइज विद्यालय ढ़ेरा में परिवर्तित पहुच मार्ग हेतु निर्माण कार्य |
| मऊगंज | मऊगंज | डोकरा भाट खुर्द | 2.433 हे. | 0.183 हे. | कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग, मऊगंज/रीवा, म.प्र. | सी.एम. राइज विद्यालय ढ़ेरा में परिवर्तित पहुच मार्ग हेतु निर्माण कार्य |

भूमि का नक्शा प्लान कलेक्टर जिला मऊगंज के कार्यालय में देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(संजय कुमार जैन)
कलेक्टर जिला-मऊगंज एवं पदेन उपसचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग

G-16033/25



## संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, म.प्र. भोपाल के अंतर्गत पैरामेडिकल संवर्ग के फिजियोथेरेपिस्ट, काउंसलर, फार्मासिस्ट ग्रेड-2, नेत्र सहायक एवं ओ.टी. टेक्नीशियन पदों की भर्ती परीक्षा 2025 हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं

| आवेदन पत्र भरने की तिथि | ऑनलाइन परीक्षा पद्धति | आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि |
|---|---|---|
| 28.07.2025 से 11.08.2025 तक | समय सारणी | 28.07.2025 से 16.08.2025 तक |

| संभावित परीक्षा दिनांक | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|
| 27 सितम्बर 2025 से प्रारंभ | प्रथम | प्रात: 8:30 से प्रात: 10:00 बजे तक | प्रात: 10:30 से 12:30 बजे तक (02 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 01:00 से दोपहर 02:30 बजे तक | दोपहर 03:00 से 05:00 बजे तक (02 घंटे) |

**आवेदन पत्र भरने की प्रकिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. परीक्षा के नियम, विभागवार रिक्त पदों की आरक्षण तालिकाएं एवं परीक्षा संचालन नियम से संबंधित विस्तृत नियम पुस्तिका मण्डल की वेबसाइट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट www.esb.mponline.gov.in के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **संभावित परीक्षा शहर :** अनूपपुर, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी एवं उज्जैन।
4. **प्रवेश परीक्षा शुल्क***

| | |
|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए | रु. 500/- (प्रति प्रश्न पत्र) |
| केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए | रु. 250/- (प्रति प्रश्न पत्र) |
| **ऑनलाइन आवेदन-** कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क | रु 60/- |
| अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क | रु. 20/- |

**विशेष निर्देश :**

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अत: जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक है वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, केलकुलेटर, लॉग टेबल्स, डिजीटल घड़ी, नकल पर्चा एवं **Sun glasses** (धूप का चश्मा) आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नही किया जाकर नियुक्ति प्रकिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अत: कम्प्यूटर आधारित (Online) परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णत: प्रावधिक (Provisional) होगी।

**विशेष नोट : मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।**

विज्ञापन क्र. 70/2025

संचालक
मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल
Madhya Pradesh Employees Selection Board(MPESB)
'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011
FAX: +91-0755-2550498, Website : www.esb.mp.gov.in

म.प्र. माध्यम/121217/2025

# कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में आयोजित हुई जनसुनवाई

## जनसुनवाई में प्राप्त 68 आवेदनों पर हुई सुनवाई



**जागरण, डिंडोरी ।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 68 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। जिन मामलों में तत्काल निराकरण संभव नहीं हो पाया, उनमें संबंधित आवेदकों को निश्चित समय-सीमा में समाधान का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने अपनी स्थानीय समस्याओं को लेकर जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर शीघ्र निराकरण की मांग की है। ग्राम अमठेरा तहसील शहपुरा निवासी श्री चैतू सिंह ने अपने खेत की भूमि में हो रहे नुकसान को लेकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि बंजर नाले पर निर्माणाधीन स्टाप डेम की गुणवत्ता खराब होने के कारण फूट जाने से नाले का पानी खेतों में घुस रहा है, जिससे करीब 25-30 डिसमिल भूमि पर लगी फसलें बर्बाद हो रही हैं। जिस पर कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने सीईओ जनपद पंचायत को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम समनापुर निवासी शूलभ कुमार मांझी ने समनापुर शराब दुकान के ठेकेदार के द्वारा शासन से निर्धारित एमआरपी से अधिक दाम पर शराब बेची जा रही है। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम डिंडौरी को जांच कर दो दिवस के अन्दर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिससे संबंधित के उपर कार्यवाही की जा सके। शासकीय कन्या क्रीडा परिसर शहपुरा की छात्राओं ने अधीक्षिका द्वारा मीनू के अनुसार भोजन न दिए जाने और समय पर खानपान व्यवस्था नहीं होने की शिकायत करते हुए खेल परिसर को सुचारु रूप से संचालित करने की गुहार लगाई। झगरहटा समस्त ग्रामवासियों एवं बालक छात्रावास के बच्चों ने आवेदन प्रस्तुत कर छात्रावास अधीक्षक के स्थानांतरण होने के बावजूद भी छात्रावास से मोहमाया के चक्कर में एवं छात्रावास की बच्चों को परेशान करने की शिकायत दी है। जिस पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को कन्या क्रीडा परिसर शहपुरा की जांच कर संबंधित के उपर कार्यवाही करने एवं बालक छात्रावास झगरहटा के अधीक्षक को हटाते हुए नवीन व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि छात्रों को किसी प्रकार की समस्या न हो। ग्राम पंचायत नारायणडीह के श्रमिक श्री विक्रम सिंह परस्ते ने मनरेगा मजदूरी भुगतान न होने की शिकायत दर्ज कराई। श्रमिक ने बताया कि फरवरी 2025 से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। जिस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत डिंडौरी को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत कंचनपुर के पोषक ग्राम तितराही प्राथमिक शाला बनवासी टोला के खेल मैदान में आम लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जिस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत समनापुर एवं तहसीलदार समनापुर को अतिक्रमण हटाकर खेल मैदान मुक्त कराने के निर्देश दिए जिससे ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढावा मिल सके। आवेदक दिनेश कुमार पिता चमन लाल निवासी पचगांव ने अपने पिता की मृत्यु के होने के उपरांत अनुकम्पा नियुक्ति मांग की है। जिस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ बजाग को अनुकम्पा नियुक्ति की पूर्ण कार्यवाही करते हुए कलेक्टर को अवगत कराने के निर्देश दिए। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास रूसा में आदिवासी कोटा में नियुक्त अधीक्षिका पद से पृथक करने हेतु ग्रामवासी/पंच, सरपंच ने लिखित आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया। कि छात्रावास के बच्चों को मीनू के अनुसार भोजन, बच्चों के साथ दुरूव्यवहार, अधीक्षिका के छात्रावास अनुपस्थिति रहना, बच्चों से झाडू-पोंछा लगवाना एवं छात्रावास में बच्चों की व्यक्तिगत सामग्री जलकर खाक हो गई जिसे फायर ब्रिगेड द्वारा आग बुझाई गई, जिसकी जांच आज दिनांक तक अधीक्षिका द्वारा नहीं कराई गई। लापरवाही की शिकायत की गई, जिस पर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने आवेदनों के माध्यम से अधिकारियों से उचित कार्रवाही और त्वरित समाधान की मांग की है। सभी आवेदन पर प्रशासन द्वारा जांच कर उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया।

# विधायक छतरपुर ने सुनी जनता की समस्याएं



**जागरण, छतरपुर ।** छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव जनसेवा और क्षेत्र की जनता की समस्याओं के प्रति अपनी सतत सजगता के लिए जानी जाती हैं। इसी क्रम में रविवार को भी बड़ी संख्या में लोग विधायक निवास पर अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिक शामिल थे। लोगों ने पेयजल संकट, विद्युत आपूर्ति, सड़क जर्जर स्थिति, पेंशन अटकी होने, पीएम आवास योजना में लाभ न मिलने, आयुष्मान कार्ड और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी जैसे कई मुद्दों पर अपनी परेशानियां रखीं। विधायक ललिता यादव ने एक-एक व्यक्ति की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर समस्या का त्वरित समाधान कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के हर नागरिक की परेशानी उनकी अपनी चिंता है और किसी भी जरूरतमंद को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। श्रीमती यादव ने कहा कि, मैं हमेशा जनता के बीच रहकर उनकी समस्याएं सुनने और उनका समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मेरे दरवाजे हर जरूरतमंद के लिए हमेशा खुले हैं। विकास योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचे, यही मेरी प्राथमिकता है। इस दौरान विधायक के सहयोगियों एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधियों ने भी लोगों की समस्याओं को नोट कर संबंधित विभागों तक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू की। विधायक के इस जनसंपर्क और जनसंवाद से आम लोगों में संतोष और विश्वास का भाव देखने को मिला। जन संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोग शामिल हुए और उन्होंने विधायक द्वारा समय दिए जाने और संवेदनशीलता के साथ जवाब देने पर आभार जताया।

# एक पेड़ मां के नाम : अभियान के तहत कार्यालय परिसर में लगाये गए आधा दर्जन पौधे



**जागरण, लवकुशनगर।** पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में संचालित किए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान में शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सक्रिय भागीदारी निभाकर कार्यालय परिसर और सार्वजनिक स्थलों में पौधारोपण किया जा रहा। जिसके चलते जिला परियोजना अधिकारी दिनेश दीक्षित द्वारा लवकुशनगर महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय का निरीक्षण किया गया निरीक्षण उपरांत डीपीओ और लवकुशनगर परियोजना अधिकारी विक्रम सिंह द्वारा कार्यालय परिसर में करीब आधा दर्जन पौधों को रोपा गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान कार्यक्रम में पर्यवेक्षक आकांक्षा गुप्ता,पर्यवेक्षक रानू सिंह,सचिन पचौरी, राजेश अवस्थी,मोनू यादव ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# कलेक्टर के निर्देशन में गौरिहार में जनसुनवाई सम्पन्न

**छतरपुर ।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में 22 जुलाई 2025 मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन अनुविभागीय कार्यालय गौरिहार में किया गया। साथ ही लोगों को मुनादी कर इसकी जानकारी भी दी गई। जिला प्रशासन का यह नवाचार आमजन की सुविधा के दृष्टिगत शुरू किया गया है। इस नवाचार से लोग उत्साहित और खुश नजर आए। गौरिहार में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जनसुनवाई में 196 शिकायती आवेदनों की सुनवाई की गई। इस दौरान एसडीएम बलबीर रमन सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में राजस्व विभाग से संबंधित 156 आवेदन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 17, विद्युत के 8, पुलिस विभाग के 10 और खाद्यान्न, कृषि, पशु चिकित्सा के 1-1 तथा शिक्षा विभाग के 2 शिकायती आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों का अवलोकन कर जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। अगले मंगलवार को लवकुशनगर में जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

# बाढ़ और अतिवृष्टि को लेकर पूर्व तैयारियां पुख्ता रखें मुख्यमंत्री डॉ. यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए निर्देश




**जागरण, मंडला ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाढ़ और अतिवृष्टि को लेकर पूर्व तैयारियां पुख्ता रखें। हमारा प्रबंधन इस तरह का हो कि कोई भी अप्रिय घटना न होने पाए। आपदा में होने वाली जनहानि हमारे लिए पीड़ादायक होती है। बारिश के समय हमारे जो तीज, त्यौहार आ रहे हैं उनके लिए नदी, सरोवर आदि के तटीय क्षेत्रों में श्रद्धालुओं के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को कलेक्टर, कमिश्नर की वीडियो कॉन्फ्रेंस में मानसून के संबंध में तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे जिलों के कलेक्टर्स को संबोधित करते हुए कहा कि वे उत्तर प्रदेश के तटवर्तीय जिलों के जिला प्रशासन के संपर्क में रहें जिससे वहां के नदियों के जल प्रवाह की जानकारी समय पर मिले।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मानसून के इस सत्र में अभी तक हुई बारिश, बाढ़ की स्थिति, किए गए रेस्क्यू ऑपरेशन, राहत शिविर की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में खरीफ फसलों के लिए उर्वरक की मांग तथा आपूर्ति की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यूरिया, एनपीके, डीएपी तथा एसएसपी जैसे रासायनिक उर्वरकों के साथ-साथ हमें जैविक उर्वरकों के बारे में किसानों को ज्यादा जागरूक करने की जरूरत है, जिससे आने वाले वर्षों में रासायनिक उर्वरकों की मांग को कम किया जा सके। बैठक में आने वाले वर्षाकाल के लिए तैयारियाँ, वर्षा का पूर्वानुमान, बांधों में जलभराव की स्थिति, जनहानि, पशुहानि तथा मकान क्षति के राहत प्रकरण आदि विषयों पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस वीडियो कॉन्फ्रेंस में मंडला एनआईसी कक्ष से कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, श्री अरविंद सिंह सहित संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

## मामूली विवाद में जलाया गरीब का आशियाना

**छतरपुर ।** ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम बंधीकला में बीते रोज दो पक्षों में हुए मामूली विवाद के बाद से एक युवक लापता है। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों पर रात के वक्त लापता युवक के घर में आग लगाने के आरोप लगे हैं। लापता युवक के पिता ने सोमवार को एसपी ऑफिस में आवेदन देकर सुरक्षा मुहैया कराने और लापता पुत्र की तलाश किए जाने की मांग की है। ग्राम बंधीकला निवासी सुंदर कुशवाहा ने बताया कि बीते रोज उसके पुत्र विनोद का गांव के मनकू, भज्जू, लखन और हरी कुशवाहा से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के बाद विनोद ने उन्हें गालियां दे दीं थीं। इस विवाद के बाद से विनोद लापता है और उक्त लोग, सुंदर पर हमला करने की फिराक में हैं। सुंदर का आरोप है कि रात के समय आरोपियों ने उसके घर में आग लगा दी है। भय के कारण वह गांव नहीं जा पा रहा है। अपनी पत्नी के साथ सुंदर ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर परिवार की सुरक्षा और लापता विनोद का पता लगाने की मांग की है।

## एंबुलेंस चालक के साथ युवकों ने मारपीट

**छतरपुर ।** जिला अस्पताल परिसर में एक निजी एंबुलेंस के चालक के साथ तीन युवकों द्वारा बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित का कहना है कि वह छतरपुर से रेफर किए गए एक मरीज के परिजनों से बात कर रहा था तभी आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू की है। गुलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रजपुरा निवासी 26 वर्षीय अरविंद पुत्र छोटेलाल यादव ने बताया कि एक प्राइवेट एंबुलेंस का चालक है। बीती रात करीब 9 बजे जिला अस्पताल से एक मरीज को झांसी रेफर किया गया था। परिजन एंबुलेंस तलाशते हुए उसके पास आए और जब वह मरीज के परिजनों से बात कर रहा था तभी सिद्धार्थ रैकवार, अरमान रैकवार और शुभम रैकवार ने उस पर हमला कर दिया। अरविंद के मुताबिक आरोपियों के पास कट्टा था और उनके द्वारा कट्टा दिखाकर मारपीट की गई। अरविंद के मुताबिक तीनों आरोपी भी एंबुलेंस चालक है जो आए दिन इसी तरह से विवाद करते हैं। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि अरविंद यादव की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कलाकृतियों को कलेक्टर ने की सराहना



**जागरण, मंडला ।** सैयद हैदर रजा फाउंडेशन और जिला प्रशासन के तत्वाधान में देश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा मनमोहक कलाकृतियों का निर्माण किया जा रहा है। प्रसिद्ध चित्रकार सैयद हैदर रजा की स्मृति में नगर के एक ढाबे में हो रहे इस आयोजन में प्रदेश और देश के नामी कलाकार शामिल हुए हैं।कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने मंगलवार को ढाबे पर पहुँच कर कलाकृतियों को देखा और इनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि वेस्ट मटेरियल का उपयोग कर इतनी शानदार कलाकृतियों को बनाया जा रहा है। इन्हें हम स्थानीय पार्क और अन्य स्थानों पर लगवाएंगे ताकि हमारे युवा और बच्चे इनसे प्रेरणा लें। वेस्ट मटेरियल से रायपुर छत्तीसगढ़ के श्री जितेंद्र साहू ने राजकीय पक्षी दुग्धराज की, श्री नरेन्द्र देवांगन ने एनवायरमेंट बैलेंस (बरगद वृक्ष) जबलपुर के अमित कुमार सिन्हा ने हैदर रजा और स्वामीनाथन की उत्कृष्ट फोटो, खैरागढ़ छत्तीसगढ़ के श्री सुमित वर्मा ने कमल का फूल और ब्रजेश सेन ने दीप प्रज्ज्वलन स्टैंड बनाकर प्रदर्शित किया है। कलेक्टर श्री मिश्रा के साथ पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## मण्डला-बिछिया मार्ग पर 35 वाहनों की सघन जांच की गई

**मंडला ।** परिवहन आयुक्त महोदय, मध्यप्रदेश, ग्वालियर एवं कलेक्टर के आदेशानुसार परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस मण्डला द्वारा संयुक्त रूप से 22 जुलाई को मण्डला-बिछिया मार्ग पर वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान 35 वाहनों की जांच की गई, जिसमें फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, अग्निशमन यंत्र, फर्स्टएड बॉक्स, ओव्हरलोडिंग, अधिक किराया लेने, हेलमेट, सीटबेल्ट एवं ब्रेथ एनालाइजर द्वारा वाहन चालकों की जांच की गई। चैकिंग के दौरान 14 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम 1988 की विभिन्न प्रावधानों के तहत 10500 रूपये का समन शुल्क जमा कराया गया है। चैकिंग अभियान में जिला परिवहन अधिकारी बिमलेश कुमार गुप्ता, यातायात प्रभारी ललित धुर्वे, राहुल उइके, लिम्बाजी उइके, विकास उइके, प्रकाश प्रधान एवं नन्दकिशोर धुर्वे उपस्थित रहे।

## सर्जन डॉक्टर मनोज चौधरी की उपचार प्रणाली ने एक बार फिर लोगों का जिला अस्पताल के प्रति बढ़ाया भरोसा



**छतरपुर ।** छतरपुर के जिला अस्पताल में पदस्थ बच्चो के रियल सुपरहीरो सर्जन डॉक्टर मनोज चौधरी के द्वारा एक बार फिर 6 साल की बच्ची के गले में फसी चुंबक को बिना ऑपरेशन के सफलतापूर्वक निकाला गया है।छतरपुर शहर के ही रहने वाले पुनीत कुमार जैन की 6 साल की बच्ची मानवी जैन ने घर पर खेल-खेल में बीती रात चुंबक निगल ली थी जो उसके गले में जा फंसी। आनन फानन मे परिजन बच्ची को लेकर छतरपुर जिला अस्पताल लेकर आए, जहां सर्जन डॉक्टर मनोज चौधरी ने उनकी बच्ची को देखा और ऑपरेशन थिएटर में ले जाकर बिना ऑपरेशन के सफलतापूर्वक बच्ची के गले में फसी चुंबक को निकाल दिया गया।जहाँ एक ओर लोगों को जिला अस्पताल के प्रति कई प्रकार की भ्रांतियां होती है तो वही दूसरी तरफ इन्हीं सभी भ्रांतियां को दूर करते हुए अपनी उपचार प्रणाली से सर्जन डॉक्टर मनोज चौधरी जिला अस्पताल के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा रहे है ।

### जनसुनवाई में आए 76 आवेदन

# कलेक्टर ने सुनी समस्याएं अधिकारियों को दिए निर्देश



**जागरण, मंडला ।** जिला योजना भवन में सम्पन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने आवेदकों की समस्याएं सुनते हुये उनके समुचित निराकरण के आवश्यक निर्देश संबंधित विभाग प्रमुखों को दिए। जनसुनवाई में 76 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, श्री जेपी यादव, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम ने जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी। संपन्न हुई जनसुनवाई में सम्रग आईडी, राशन कार्ड एवं आवास योजना, वाद विवाद, तथा दिव्यांग योजना एवं अगल-अलग विषयों से संबंधित आवेदन आए।

## छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**हरपालपुर ।** नगर के ई-ड्रीम पब्लिक स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से हुए इस कार्यक्रम में फलदार पौधे रोपे गए। सोमवार सुबह 10 बजे ई ड्रीम पब्लिक स्कूल में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष अमित अग्रवाल, महाकौशल उद्योग भारतीय सचिव बृजेंद्र गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अजित सिंह, और शासकीय व अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता की जांच हेतु एसडीएम ने किया निरीक्षण



**जागरण, डिंडोरी ।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन में आज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) बजाग श्री रामबाबू देवांगन ने डिंडौरी से अमरकंटक कबीर चबूतरा तक मध्यप्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण (एमपी आरडीसी) द्वारा निर्माण किया जा रहा है। समाचार पत्रों व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि निर्माण कार्य शासन के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं हो रहा है तथा कार्य की गुणवत्ता में गंभीर अनियमितताएं देखी जा रही हैं। कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन के द्वारा मौके पर पहुंचकर सड़क निर्माण कार्य की बारीकी से जांच की। उन्होंने निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, डामर की मोटाई, समतलीकरण और अन्य तकनीकी पहलुओं की गुणवत्ता का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि नागरिकों को सुरक्षित एवं टिकाऊ सड़क सुविधा मिले। इस दिशा में निर्माण कार्य की नियमित निगरानी की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार पुनः जांच भी की जाएगी। यदि निर्माण कार्य में दोषी पाए जाते हैं, तो संबंधित एजेंसी पर कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान राजस्व, जनपद एवं तकनीकी विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## गंदगी करने एवं सिंगल यूज पॉलिथिन का उपयोग करने पर 2400 रूपये के चालान काटे गये



**मंडला ।** नगर पालिका परिषद मंडला के द्वारा नगर के सार्वजनिक स्थान पर गंदगी करने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथिन का उपयोग करने पर 2400 रूपये के चालान काटे गये हैं। उक्त अभियान श्री एस.सी. चौधरी प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक, श्री सुनील लाहोरिया, श्री रवि कुमार टकोरिया, श्री घनश्याम घेसरे, श्री पुष्पेन्द्र पाण्डेय वार्ड सुपरवाईजर के द्वारा चलाया गया है। नगर पालिका परिषद मण्डला के द्वारा आम लोगों से अपील की गई है कि नगर के सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न करें। बाजार जाते समय कपड़े के थैले का उपयोग करें एवं अपने पशु को नगर के सार्वजनिक स्थानों पर न छोड़ें माँ नर्मदा के तट को साफ-सुथरा रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। पूजा-पाठ से निकली निर्माल्य सामग्री माँ नर्मदा के जल में विसर्जित न करें। घरों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को नगर पालिका के कचरे वाहन में प्रदाय करें।

MP BIRLA GROUP
विंध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड
सीआईएनः L31300MP1983PLC002134
पंजीकृत कार्यालयः उद्योग विहार, पी.ओ. चोरहटा, रीवा – 486 006 (म.प्र.)
कार्पोरेट कार्यालयः 5वां तल, सिग्नेचर टावर–।।।, टावर सी, सेक्टर 15–।।,
एनएच–8, निकट 32वां एवेन्यू, गुरूग्राम–122001 (हरियाणा)
टेलीफोनः +91-7662 400400; फैक्सः +91-7662 400591
ई–मेलः headoffice@vtlrewa.com; वेबसाइटः https://www.vtlrewa.com

सूचना
भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोध
पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु विशेष विंडो

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी सर्कुलर नम्बर सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी पीओडी/पी/सीआईआर/2025/97 दिनांकित 2 जुलाई, 2025 के निबन्धनों में ऐसे हस्तांतरण विलेखों के पुनः प्रस्तुत करने हेतु एक विशेष विंडो खोली गई है, जो 1 अप्रैल 2019 की समय सीमा से पहले प्रस्तुत किए गए थे और दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमी या अन्य कारणों से अस्वीकृत/वापस कर दिए गए थे/उन पर विचार नहीं किया गया था। पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु यह विंडो छह माहकी अवधि अर्थात 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक खुली रहेगी।

इस अवधि के दौरान, हस्तांतरण के लिए पुनः प्रस्तुत की गई प्रतिभूतियां (जिनमें वे अनुरोध भी शामिल हैं जो आज की तिथि तक कम्पनी/आरटीए के पास लम्बित हैं) केवल डीमैट मोड में जारी की जाएंगी। ऐसे हस्तांतरण–सह–डीमैट अनुरोधों के लिए समुचित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।

जो शेयरधारक 31 मार्च 2021 की पिछली समय सीमा से चूक गए हैं, उन्हें आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करके इस अवसर का लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। शेयरधारक आगे की सहायता के लिए कम्पनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट्स ('आरटीए'), नामतः मैसर्स एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सी–101, एम्बैसी 247, एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई–400083, ई–मेलः mumbai@in.mpms.mufg.com या कम्पनी को ई–मेलः investorgrievance@vtlrewa.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

वास्ते विंध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड

तिथि : 22 जुलाई, 2025
स्थान : रीवा

(दिनेश कपूर)
कम्पनी सचिव

संस्थापक गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# वायु रक्षा में मील का पत्थर बनेगी आकाश मिसाइल

> वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास लद्दाख में 15 हजार फीट की ऊंचाई पर किया गया आकाश प्राइम मिसाइल का सफल परीक्षण भारत की रक्षा क्षमता में वृद्धि का एक और उल्लेखनीय प्रमाण है। यह देश की वायु रक्षा क्षमता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

पिछले दिनों आकाश प्राइम मिसाइल का लद्दाख में 15 हजार फीट की ऊंचाई पर किया गया सफलतापूर्वक परीक्षण, जहां ऑक्सीजन कम और हवाएं तेज होती हैं, भारतीय रक्षा क्षमता में वृद्धि की दिशा में एक और उल्लेखनीय कदम है। परीक्षण के दौरान इन मिसाइलों ने 15 हजार फीट की ऊंचाई पर दो तेज रफ्तार ड्रोन को निशाना बनाकर अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारत की वायु रक्षा क्षमता की मजबूती का सबूत पेश किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपनी ताकत और ज्यादा बढ़ाने के लिए विगत 16 और 17 जुलाई को दरअसल आकाश प्राइम, अग्नि-1 और पृथ्वी-2 के परीक्षण किये। लद्दाख में आकाश मिसाइल के परीक्षण को इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) के नजदीक है।

यह चीन और पाकिस्तान, दोनों देशों के लिए संदेश है। वे सीमांत क्षेत्रों और ऊंचाई वाले स्थानों से नापाक हरकत करने की कोशिश करेंगे, तो उन्हें मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। भारतीय सेना जल्दी ही आकाश प्राइम मिसाइल को अपने बेड़े में शामिल करने जा रही है। गौरतलब है कि सेना और वायुसेना के पास पहले से ही आकाश मिसाइलें हैं, जिनका इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किया गया था।

आकाश मिसाइल आकाश हथियार प्रणाली का ही उन्नत संस्करण है, जिसे स्वदेशी रूप से विकसित किया है। इसमें बेहतर ग्राउंड सिस्टम, रडार और रेडियो फ्रीक्वेंसी सिस्टम लगे हैं। यह 30-35 किलोमीटर तक के लक्ष्यों को मार सकता है, 18-20 किलोमीटर की ऊंचाई तक प्रभावी है और लड़ाकू विमानों, क्रूज मिसाइलों व ड्रोन जैसे खतरों से निपट सकता है। इसमें राजेंद्र रडार है, जो 360 डिग्री कवरेज देता है और कई लक्ष्यों को एक साथ ट्रैक कर सकता है। इसका सबसे बड़ा फीचर स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर है, जो लक्ष्य को सटीकता से पहचानता है और मिसाइल को सही दिशा देता है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने इसे डिजाइन किया है और भारत डायनेमिक्स ने इसका उत्पादन किया है। ताजा परीक्षण में आकाश प्राइम मिसाइल सिस्टम ने बेहद तेज गति से उड़ने वाले लक्ष्य विमानों को दो बार सीधे निशाना बनाया। यह परीक्षण लद्दाख की ऊंची और दुर्गम पहाड़ियों में जहां हवा पतली होती है वहां किया गया। इस मुश्किल हालात में भी मिसाइलों की सटीकता ने सभी को प्रभावित किया। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, यह सिस्टम भारतीय सेना की तीसरी और चौथी आकाश रेजिमेंट का हिस्सा बनेगा, जो देश की हवाई रक्षा को और मजबूत करेगा। यह सिस्टम न सिर्फ सीमा पर, बल्कि देश के भीतर संवेदनशील जगहों की हवाई सुरक्षा के लिए भी इस्तेमाल होगा। रक्षा अधिकारियों का कहना है कि यह सिस्टम भारत की हवाई रक्षा नेटवर्क को और मजबूत करेगा, खासकर चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों के बढ़ते खतरे को देखते हुए। यह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की स्वदेशी रूप से विकसित वायु रक्षा प्रणालियों के असाधारण प्रदर्शन के बाद सामने आयी है।

# मानसून सत्र में हंगामे होने तय, सत्ता पक्ष के सामने भी चुनौतियां

संसद सत्र

**नीरजा चौधरी**



> संसद का मानसून सत्र हंगामेदार बीतने के आसार नजर आ रहे हैं। सरकार को घेरने के लिए विपक्ष के पास बहुत सारे मुद्दे हैं, लेकिन विपक्षी दल एकजुट नहीं हैं, जिसका सबूत इंडिया गठबंधन की बैठक में मिला। सत्तापक्ष के सामने भी चुनौतियां हैं। विपक्ष हंगामा करने की बजाय नियम के तहत अपनी बात रखे, तो वह ज्यादा अच्छा होगा। सदन में व्यवस्था बनाये रखना सत्तापक्ष की जिम्मेदारी है।

संसद का मॉनसून सत्र हंगामों से भरा होगा, इसकी पूरी संभावना है। हालांकि फिलहाल सत्ता पक्ष का प्रबंधन कौशल मजबूत दिखाई देता है। अगर जून में संसद का विशेष सत्र बुलाया जाता, जैसा कि इंडिया गठबंधन मांग कर रहा था, तब सरकार क्ह्या पहलगाम हमले, खुफिया चूक और सुरक्षा चूक पर सरकार को जवाब देना पड़ता। वह स्थिति सरकार के लिए बहुत असहज करने वाली होती, लेकिन उसने तब सत्र न बुला कर एक तरह से खुद को बचा लिया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जो संसदीय प्रतिनिधिमंडल बाहर भेजे गये थे, उसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय समर्थन से ज्यादा घरेलू समर्थन हासिल करना था। भेजे गये प्रतिनिधिमंडलों के जरिये सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिति मजबूत की। फिर प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं ने भी, जिनके जरिये ग्लोबल साउथ को महत्व मिला, खुद उनकी और सरकार की छवि मजबूत की। संसद सत्र की रणनीति तैयार करने के लिए पिछले दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के निवास पर वरिष्ठ मंत्रियों की एक बैठक हुई। माना यही जा रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दोनों सदनों में मोर्चा संभालेंगे।

## विपक्ष कई मुद्दे उठायेगा

इस सत्र में विपक्ष कई सारे मुद्दे उठायेगा। मसलन, बिहार में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले चुनाव आयोग द्वारा शुरू किये गये एसआइआर यानी स्पेशल इंटेसिव रिवीजन, संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा पचहत्तर की उम्र में रिटायर होने का मुद्दा, एयर इंडिया विमान हादसा, जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ लाया जा रहा महाभियोग, विदेश नीति आदि-आदि। पहलगाम हमला अब उतना बड़ा मुद्दा रहा नहीं। बेशक पुलवामा के बाद बालाकोट पर जवाबी कार्रवाई करने का सरकार को जैसा रणनीतिक लाभ मिला था, वैसा लाभ इस बार नहीं मिला है, लेकिन इस मामले में विपक्ष के लिए बहुत हमलावर होने की गुंजाइश नहीं है। हालांकि अब ट्रंप ने भारत-पाक संघर्ष के दौरान चार-पांच जेट विमानों के गिराये जाने की जो बात कही है, विपक्ष सरकार से उस बारे में सवाल पूछ सकता है, जबकि विपक्षी दलों का एकजुट न होना सत्तापक्ष के लिए राहत की बात है।

पाकिस्तान के साथ हुए टकराव को लेकर सरकार समय-समय पर जवाब दे चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक समर्थन जुटाने के लिए उसने जब कई देशों में प्रतिनिधिमंडल भेजे, तो उनमें विपक्षी सदस्यों को भी जगह दी गई। लेकिन, फिर भी कुछ सवाल हैं, जिन पर विपक्ष सीधे प्रधानमंत्री से जवाब की उम्मीद कर रहा है। इसमें सबसे अहम हैं ये सवाल कि टकराव में भारत को कितना नुकसान हुआ और सीजफायर में अमेरिका ने क्या भूमिका निभाई। विपक्ष हंगामा करने की बजाय नियम के तहत अपनी बात रखे, तो वह ज्यादा अच्छा होगा। यूं तो सदन में व्यवस्था बनाये रखना सत्तापक्ष की जिम्मेदारी है।

## सत्तापक्ष का बढ़िया होमवर्क

सत्तापक्ष ने इस सत्र के लिए बढ़िया होमवर्क किया है। उसे मालूम है कि इस सत्र में बिहार में चुनाव आयोग की कवायद और भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष रोकने के अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दावे पर विपक्ष ज्यादा हमलावर होगा। पहलगाम हमले के बाद जब विपक्षी इंडिया गठबंधन संसद का विशेष अधिवेशन बुलाने की मांग कर रहा था, तब सरकार ने अचानक ही मानसून सत्र की तारीखों की घोषणा कर दी। पहली बार लगभग चालीस दिन पहले संसद के किसी सत्र की घोषणा सरकार की तरफ से की गयी, जबकि आमतौर पर घोषणा इतनी जल्दी नहीं की जाती। देखने वाली बात यह भी है कि इस बार सत्र 15 अगस्त के बाद भी जारी रहने वाला है। इस सत्र में सत्तापक्ष ने आठ नये विधेयक पारित कराने की बात कही है। इनमें नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल भी है और नया आयकर विधेयक भी, जबकि कुछ पुराने विधेयक फिर से पेश किये जायेंगे। यह भी सच है कि किसी बिल को पारित कराने में सरकार को परेशानी नहीं आयेगी। सरकार ने मानसून सत्र की अवधि जिस तरह बढ़ाई है, उससे यह अंदेशा है कि सरकार शायद कोई नया चौंकाने वाला बिल भी पेश करे।

## सत्र में विपक्ष हमलावर होगा

उम्मीद यह है कि इस सत्र में विपक्ष हमलावर होगा, क्योंकि सरकार को असहज करने के लिए कई सारे मुद्दे हैं। हालांकि विपक्ष अपने ही अंदरूनी दबावों से परेशान दिखता है। इंडिया गठबंधन की आखिरी बैठक इस साल पांच जून को ऑपरेशन सिंदूर पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग को लेकर हुई थी। उससे पहले इंडिया गठबंधन की बैठक पिछले साल जून में लोकसभा चुनाव को लेकर हुई थी। अब मानसून सत्र से पहले विपक्ष की बैठक हुई भी, तो वर्चुअल हुई। आमने-सामने की बैठक और वर्चुअल बैठक में बहुत फर्क होता है। इससे विपक्ष की तरफ से फ्लोर मैनेजमेंट के मामले में बहुत उम्मीद नहीं जगती। विपक्ष की बैठक से पहले आम आदमी पार्टी ने इंडिया गठबंधन और कांग्रेस के नेतृत्व पर सवाल उठाया। याद रखना चाहिए कि लोकसभा चुनाव के बाद से ही 'आप' इंडिया गठबंधन से अलग रास्ते पर चल रही है। दरअसल 'आप' के सामने अंदरूनी चुनौतियां हैं, जिससे वह उबरने की कोशिश में है। दिल्ली में पराजय के बाद 'आप' खुद को मजबूती से जोड़ने की कोशिश कर रही है। भाजपा ने दिल्ली की सत्ता से 'आप' को भले ही बाहर कर दिया, पर वह भी चाहती है कि 'आप' का अस्तित्व बना रहे। दो साल बाद गुजरात में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। 'आप' वहां चुनाव लड़ेगी, तो कांग्रेस को नुकसान पहुंचायेगी, जिसका लाभ भाजपा को होगा।

## राहुल गांधी को सक्रिय होने की जरूरत

जहां तक कांग्रेस की बात है, तो 'भारत जोड़ो यात्रा' से राहुल गांधी की बेहतर छवि बनी थी, फिर 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन से उसे बल मिला था, लेकिन उसके बाद के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने वह लय खो दी। फिलहाल वह कर्नाटक में सिद्धारमैया-शिवकुमार विवाद और केरल में शशि थरूर मामले के कारण बैकफुट पर है। हालांकि कांग्रेस नेतृत्व ने इस बारे में स्पष्ट नहीं किया है कि क्या सचमुच कर्नाटक में मुख्यमंत्री का कार्यकाल ढाई-ढाई साल बांटे जाने पर सहमति बनी थी। अगर ऐसा हुआ था, तो उससे मूर्खतापूर्ण बात कुछ और नहीं हो सकती। हमने देखा है कि कहीं भी ऐसे फैसलों पर अमल नहीं हो पाया। बेहतर होता कि कांग्रेस नेतृत्व इसका हल निकालने में तत्पर दिखता।

इसी तरह केरल में शशि थरूर को बड़ी जिम्मेदारी देना वक्त का तकाजा है। पता नहीं क्यों, कांग्रेस में भी थरूर के भाजपा में जाने की अफवाह को बल मिला, जबकि भाजपा थरूर को अपनी पार्टी में नहीं लेने वाली, क्योंकि इससे खुद उसकी किरकिरी होगी। कांग्रेस की बेहतरी के लिए राहुल गांधी को सक्रिय होने की जरूरत है। सरकार के सामने चुनौतियां बहुत हैं। अगर कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दल एकजुट होते हैं, तो सरकार के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं, लेकिन फिलहाल विपक्ष के सामने खुद को एकजुट रखने की चुनौती ज्यादा बड़ी है।

आमतौर पर संसद से हंगामे की तस्वीरें ही ज्यादा आती हैं। पिछला शीत सत्र में 65 से ज्यादा घंटे बर्बाद हो गए। सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन का काम नहीं करना समय के साथ देश के संसाधनों की भी बर्बादी है।

# चेतावनी के रूप में लेना होगा पर्यावरणीय स्थिति को

पर्यावरणीय संकट

**कमलाकर सिंह**



> प्राकृतिक विविधता और सांस्कृतिक संपदा से समृद्ध भारत इस समय अनेक पर्यावरणीय संकटों का सामना कर रहा है। वायु प्रदूषण,  वन क्षेत्र का विनाश, जलवायु परिवर्तन और कचरा प्रबंधन की असफलताएँ मिलकर एक भयावह तस्वीर प्रस्तुत कर रही है। भारत की वर्तमान पर्यावरणीय स्थिति एक गंभीर चेतावनी के रूप में उभरकर सामने आती है। विश्व बैंक के अनुसार, भारत को वायु प्रदूषण के कारण हर वर्ष 95 अरब से अधिक का आर्थिक नुकसान होता है।

भारत दुनिया के उन देशों में शामिल है, जो तेजी से औद्योगिक और आर्थिक विकास की ओर बढ़ रहा हैं, लेकिन इसका पर्यावरण पर गहरा नकारात्मक प्रभाव भी पड़ा है। क्या आप जानते हैं दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 10 भारत में हैं। यह एक भयावह आंकड़ा है, जो देश की बड़ी आबादी के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन की रिपोर्ट बताती हैं कि वायु प्रदूषण गंभीर संकट बन चुका है। दिल्ली, कानपुर और गाज़ियाबाद जैसे शहर लगातार दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) कई बार 400 से ऊपर पहुंच जाता है, जो बेहद खतरनाक है। विश्व बैंक के अनुसार, भारत को वायु प्रदूषण के कारण हर वर्ष 95 अरब से अधिक का आर्थिक नुकसान होता है।

वाहनों से निकलने वाला धुआं, उद्योगों से होने वाला उत्सर्जन, पराली जलाना, निर्माण कार्य की धूल और कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्र इस समस्या को और भी विकराल बना रहे हैं।

इसका सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों पर पड़ता है। इसका समाधान केवल कठोर नीति के ज़रिए ही संभव है, जिसमें सख्त उत्सर्जन मानकों को लागू करना, हरित ऊर्जा को बढ़ावा देना, सार्वजनिक परिवहन को सुधारना और नागरिकों को जागरूक करना शामिल है।

इसी तरह देश की पवित्र नदियाँ जैसे यमुना, गंगा और गोदावरी प्रदूषण की चपेट में हैं। यमुना नदी कई स्थानों पर जहरीले झाग से भर गई है और भारत का लगभग 70 प्रतिशत सतही जल पीने योग्य नहीं रह गया है। लगभग 16 करोड़ से अधिक लोग साफ पानी की अनुपलब्धता से प्रभावित हैं। गंदा औद्योगिक अपशिष्ट, खराब सीवेज प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन इस संकट को और भी गहरा बना रहे हैं। हर वर्ष लगभग 40 मिलियन लोग जलजनित बीमारियों से पीड़ित होते हैं और लगभग 4 लाख मौतें हो जाती हैं। यह संकट सिंचाई में उपयोग होने वाले जल को भी प्रभावित करता है, जिससे फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों गिरते हैं। साथ ही जलचरों की प्रजातियाँ भी लुप्त होने की कगार पर हैं।

वनों की कटाई भी भारत के सामने एक गंभीर चुनौती है। ग्लोबल फारेस्ट वॉच के अनुसार, वर्ष 2001 से 2023 के बीच भारत ने अपने 18 प्रतिशत से अधिक वनों को खो दिया है। विशेष रूप से पश्चिमी घाट और पूर्वोत्तर भारत, जो जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध हैं, अब संकट में हैं। इससे मिट्टी का क्षरण, वर्षा चक्र में असंतुलन और वन्यजीवों का विलुप्ति होना जैसे गंभीर परिणाम सामने आ रहे हैं। यदि वनों का कटाई इसी गति से जारी रही, तो तापमान वृद्धि और आपदाओं की तीव्रता और आवृत्ति दोनों बढ़ेंगी।

जलवायु परिवर्तन अब केवल एक वैज्ञानिक चेतावनी नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष अनुभव बन चुका है। हिमालय के ग्लेशियर तेज़ी से पिघल रहे हैं, जिससे जल संसाधनों पर संकट बढ़ा है और पनबिजली उत्पादन प्रभावित हो रहा है। समुद्र के बढ़ते स्तर ने मुंबई, चेन्नई जैसे तटीय शहरों के लिए खतरा बढ़ा दिया है।

इस संकट से निपटने के लिए कार्बन उत्सर्जन में तत्काल कटौती, हरित ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन और दीर्घकालिक नीतियों की जरूरत है, जिनमें पर्यावरणीय स्थिरता को प्राथमिकता दी जाए। शहरीकरण के बढ़ते दबाव के कारण भारत में हर वर्ष लगभग 62 मिलियन टन कचरा पैदा हो रहा है, लेकिन इसका मात्र 30 प्रतिशत ही ठीक से निपटाया जाता है। शेष कचरा लैंडफिल्स, नदियों और जल निकायों में जमा होकर प्रदूषण फैला रहा है।

यद्यपि भारत सरकार ने पर्यावरणीय संकटों से निपटने के लिए कई प्रयास किए हैं। वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सीएनजी, बायोफ्यूल जैसे वैकल्पिक ईंधनों को बढ़ावा देने की योजना पर काम हो रहा है। वायु प्रदूषण अधिनियम, 1981 के तहत उद्योगों और प्रदूषण स्रोतों पर सख्त नियंत्रण लगाया गया है, जिससे कुछ क्षेत्रों में सुधार भी देखने को मिला है। जल प्रदूषण को रोकने के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जा रहे हैं। नई दिल्ली में हाल ही में दो ऐसी परियोजनाएँ शुरू की गई हैं, जिनका उद्देश्य कचरे को ऊर्जा में बदलना है। सर्वोच्च न्यायालय ने ध्वनि प्रदूषण पर भी रोक लगाने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर लाउडस्पीकर और हॉर्न के उपयोग को लेकर भी सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

इन सबके बावजूद, यह साफ है कि भारत को पर्यावरणीय संकट से उबरने के लिए केवल सरकारी प्रयासों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। नागरिकों की जागरूक भागीदारी, स्थायी जीवन शैली अपनाना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और वैश्विक सहयोग समय की सबसे बड़ी मांग है। यह केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि हमारा साझा उत्तरदायित्व है। भारत का पर्यावरणीय संकट न केवल देश का मामला है, बल्कि यह संपूर्ण विश्व के भविष्य को प्रभावित कर सकता है। इसलिए हमें मिलकर काम करना होगा क्योंकि आने वाला कल हमारे आज के निर्णयों पर निर्भर करता है।

प्रसंगवश

# जलवायु परिवर्तन के कारण घट रही है जीवन प्रत्याशा

> यूएनइपी की ताजा रिपोर्ट बताती है कि बीती सदी में नब्बे के दशक के बाद से लेकर अब तक भीषण गर्मी से बुजुर्गों की मौत में 85 फीसदी की वृद्धि हुई है। यह रिपोर्ट बुजुर्गों के समक्ष मौजूद गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों की ओर इशारा करती है।

निर्विवाद रूप से जलवायु परिवर्तन से उपजी चुनौतियों का सामना आज समाज का हर वर्ग कर रहा है। खासकर विकासशील व गरीब देशों की स्थितियां विकट हैं जहां पर्यावरणीय प्रदूषण व लचर स्वास्थ्य सेवाओं के चलते स्थिति गंभीर बनी हुई है। इसका सबसे ज्यादा असर विभिन्न रोगों से जूझ रहे बुजुर्गों पर ज्यादा पड़ रहा है। जिसकी पुष्टि संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम यानी यूएनइपी की ताजा रिपोर्ट करती है। चौंकाने वाली रिपोर्ट बताती है कि बीती सदी में नब्बे के दशक के बाद से लेकर अब तक भीषण गर्मी से बुजुर्गों की मौत में पिच्चासी फीसदी की वृद्धि हुई है। दरअसल, यूएनइपी की यह रिपोर्ट बुजुर्गों के समक्ष दरपेश गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों की ओर इशारा करती है। यह संकट लचर स्वास्थ्य सेवाओं व प्रदूषित वातावरण वाले गरीब व विकासशील मुल्कों में ज्यादा है।


बुजुर्गों पर बढ़ते इस संकट की मूल वजह बड़ी उम्र में आंतरिक तापमान को नियंत्रण में करने की क्षमता घटना है। जिससे वे मौसम की तीव्रता को सहन नहीं कर पाते। फलतः गर्मी व ठंड की तीव्रता को सहन करने में उनका शरीर सक्षम नहीं हो पाता। कुल मिलाकर उनकी कम होती रोग प्रतिरोधक क्षमता गंभीर बीमारियों का कारण बनती है। वैसे भी मौसम के चरम का असर उन लोगों के लिये ज्यादा संवेदनशील होता है जो बढ़ती उम्र के रोगों से जूझ रहे होते हैं।

ऐसे में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहे देशों को बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा देने के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना चाहिए। दरअसल, पर्यावरण प्रदूषण इस संकट को और गहरा कर रहा है। खासकर शहरों में स्थिति ज्यादा विकट है, जहां बुजुर्ग बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रलोभन में आ बसते हैं। फलतः मरीजों के दबाव से स्वास्थ्य सेवाएं भी चरमराने लगती हैं। जिसकी कीमत बुजुर्गों को चुकानी पड़ती है। सेवानिवृत्ति के बाद व्यक्ति की आय कम हो जाती है, फलतः शारीरिक क्षमता में गिरावट के बाद बढ़ती उम्र के रोगों का इलाज करा पाना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। ऐसे में



यदि उनके बच्चे उनका साथ नहीं देते तो उनके लिए संकट और गहरा जाता है। निस्संदेह, बुनियादी ढांचे को मजबूत करके स्वास्थ्य सेवाओं को सस्ती व सर्व सुलभ बनाने की भी जरूरत है। जिससे संवेदनशील वर्ग के संकट के समाधान में मदद मिल सके। ऐसे में बुजुर्गों की भागीदारी सामाजिक कार्यक्रमों व आय के साधन जुटाने में बढ़ाई जानी चाहिए। जिससे शारीरिक गतिशीलता से उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके। दरअसल,बढ़ती उम्र व बीमारियां उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम करती हैं। निस्संदेह, यदि वैश्विक तापमान में और वृद्धि होती है, तो बुजुर्गों के लिये ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के घातक परिणाम हो सकते हैं। यूएनइपी की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक तापमान में यदि औद्योगिक समय के बाद से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है तो वर्ष 2050 के बाद बुजुर्गों की मौत के प्रतिशत में तीन सौ फीसदी से अधिक की वृद्धि हो सकती है। इस आसन्न संकट से योजनाबद्ध प्रयासों से ही निबटा जा सकता है।

## ॥गीता॥



**श्लोक**

**स्वयमेवात्मनात्मानं वेत्थ त्वं पुरुषोत्तम।
भूतभावन भूतेश देवदेव जगत्पते॥**

**भावार्थ**

हे भूतों को उत्पन्न करने वाले! हे भूतों के ईश्वर! हे देवों के देव! हे जगत्‌ के स्वामी! हे पुरुषोत्तम! आप स्वयं ही अपने से अपने को जानते हैं।

जीवन दर्शन

# खुशी मंजिल नहीं, बल्कि जीवन की यात्रा है



यदि कोई अपने सपनों की ओर आत्मविश्वास से बढ़े और वह जीवन जिए, जिसकी उसने कल्पना की, तो उसे ऐसी सफलता मिलेगी, जो सामान्य घड़ी में नहीं मिलती। सच्चे सपनों का पीछा करें। सरलता, सजगता, और प्रकृति के साथ मिलकर जीवन जिएं। जीवन जीने का कोई खास समय नहीं होता, इसलिए हर पल खुश रहें। खुशी मंजिल नहीं, बल्कि यात्रा है। खुशी एक तितली की तरह है, जितना अधिक आप इसका पीछा करेंगे, उतना ही यह आपसे दूर भागेगी, लेकिन यदि आप अपने आसपास की अन्य चीजों पर ध्यान देंगे, तो यह धीरे से आकर आपके कंधे पर बैठ जाएगी। हमारा स्वयं को देखने का नजरिया मायने रखता है। जीवन के प्रति हमारा दृष्टिकोण ही अहम होता है। यदि आप खुद को बहुत गंभीरता से नहीं लेते हैं, तो बहुत जल्द आप अपने रोजमर्रा के जीवन में हंसी के पात्र बन जाएंगे। हर पल अपने विचार को बेहतर करें और जीवन को सुंदर बनाएं। नैतिकता कोई सिद्धांत नहीं, बल्कि वह जीवन है, जो हम जीते हैं। इसलिए, अपने हर कदम को प्रेम, सच्चाई और ईमानदारी के साथ उठाइए। जीवन का अर्थ कोई ऐसी चीज नहीं, जो हमें किसी किताब में या किसी ऊंचे पहाड़ पर मिलेगी। यह हमारे भीतर है, हमारी हर सांस में, हमारे हर विचार में। दुनिया वही है, जो हमारी नजर में है। इस दुनिया को एक चमत्कार की तरह देखिए। हर पल को उसकी पूरी गहराई के साथ जिएं। जब हम ऐसा करेंगे, तो हम पाएंगे कि जीवन का अर्थ कोई जवाब नहीं, बल्कि वह अनुभव है, जो हम हर पल जीते हैं। इस रहस्यमयी जीवन को गले लगाइए, और इसे साहस और प्रेम के साथ जिएं।

हम अक्सर सोचते हैं कि कल बेहतर करेंगे। लेकिन जीवन कल के लिए नहीं है, यह केवल वर्तमान क्षण में है। इसलिए, जो भी बेहतर करना हो, केवल आज ही करें। जब आप कोई काम करें, तो उसे पूरी तन्मयता से करें, बिना किसी और बात की चिंता किए। जीवन का अर्थ इसी में छिपा है कि लगन से हम अपना कार्य करें।

## संक्षिप्त खबरें

### फूल उत्पादन में मप्र देश में तीसरे स्थान पर

**विसं, भोपाल।** मध्यप्रदेश ने फूलों के उत्पादन में देश में अलग पहचान बनाई है। देश में मध्यप्रदेश पुष्प (फूल) उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। प्रदेश में उद्यानिकी के कुल 27.71 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में फूल उत्पादन की भागीदारी 42 हजार 978 हैक्टेयर है। प्रदेश के किसानों द्वारा वर्ष 2024-25 में 5 लाख 12 हजार 914 टन फूलों का उत्पादन किया गया है, जो रिकार्ड है। वह दिन दूर नहीं जब फूलों के उत्पादन में मध्यप्रदेश देश का सिरमौर बनेगा। प्रदेश में किसानों का फूलों के उत्पादन के प्रति बढ़ता रुझान ही है कि गत चार वर्षों में फूलों का उत्पादन रकबा जो वर्ष 2021-22 में 37 हजार 647 हेक्टेयर था वह वर्ष 2024-25 में बढ़कर 42 हजार 976 हेक्टेयर और उत्पादन में 86 हजार 294 टन की बढ़ोत्तरी हुई है। किसानों की आय को दोगुना करने और खेती को लाभ का धंधा बनाने में केन्द्र और राज्य सरकार किसान को कैश-क्रॉप की ओर प्रेरित कर रही है। छोटी कृषि जोत रखने वाले किसान, जिनके पास एक-दो एकड़ या तीन एकड़ की कृषि भूमि है, वे फूलों का उत्पादन कर अच्छा लाभ कमा सकते है।

### बैठक के पहले देखीं परिषद सभागार की व्यवस्थाएं

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** 24 जुलाई को होने वाली निगम परिषद की बैठक से पूर्व नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने सोमवार को आईएसबीटी स्थित परिषद सभागार का मुआयना कर व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। निगम अध्यक्ष बैठक के दौरान काम करने वाले साउंड सिस्टम की विशेष रूप से जांच करवाई। पिछली बार साउंड सिस्टम बंद होने के चलते पार्षदों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। साथ ही सभागार की साफ सफाई व्यवस्था को भी विशेष रूप से परखा गया।

### 26 पुलिसवालों के तबादले

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** नगरीय पुलिस में सोमवार को 26 पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर हुए हैं। डीसीपी जोन 3 भोपाल रियाज इकबाल ने तीन अलग आलग आदेश जारी कर भोपाल के अलग अलग थानों में तैनात 14 आरक्षकों, 4 प्रधान आरक्षकों, 2 एएसआई और 6 सब इंस्पेकटर को दूसरे थानों में पदस्थ किया है। जानकारी के अनुसार एसआई शेषनाथ सिंह, सुमेर सिंह और कमला चक्रवर्ती को कोहेफिजा थाना में पदस्थ किया गया है, जबकि हेमंत पाटिल को कोतवाली, पूजा त्यागी को तलैया और अद्रियाना भगत को हनुमानगंज थाना भेजा गया है।

# कांग्रेस जैसी पार्टियां सामाजिक ताना-बाना तोड़ना चाहती हैं: सीएम

## डॉ. यादव ने भारतीय युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को किया संबोधित, कहा- युवा मोर्चा कार्यकर्ता भाजपा संगठन की ऑक्सीजन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस जैसे दल अपने फायदे के लिए कुछ भी कर सकते हैं। कांग्रेस जैसी पार्टियां सामाजिक ताने-बाने को तोड़ना चाहती हैं। इसके लिए युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं को सजग रहना होगा। सीएम यादव रविवार को भाजपा मुख्यालय में भायतीय युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भाजयुमो कार्यकर्ताओं से कहा विरोधियों को अपने मकसद में कामयाब नहीं होने देना है, ताकि वर्ष 2047 तक भारत को विश्व गुरु बनने में कोई अड़चन न आए। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भाजपा संगठन की ऑक्सीजन हैं। कार्यकर्ता संकल्पों और सिद्धांतों के साथ भाजपा की विजय यात्रा में योगदान जारी रखें। भारत दुनिया का युवा देश है। सबसे बड़ा और सशक्त लोकतांत्रिक देश है। देश में जब से गणतंत्र लागू हुआ, देश लगातार आगे बढ़ रहा है। देश को आजादी दिलाने में क्रांतिकारी युवाओं का अहम योगदान है। शहीद भगत सिंह, सुभाषचंद्र बोस जैसे क्रांतिकारियों ने आगे बढ़कर देश को आजाद कराने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। क्रांतिकारियों के योगदान से मिली आजादी अलग प्रकार की है, क्योंकि भारत के साथ दक्षिण अफ्रीका भी आजाद हुआ था। भारत में क्रांतिकारियों ने एक भी अंग्रेज को देश में नहीं रहने दिया, इसका परिणाम यह हुआ कि भारत आज विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है, जबकि दक्षिण अफ्रीका को गुलाम बनाने वाले देश के आजाद होने के बाद भी उसके संसाधनों पर कब्जा कर बैठे रहे और आज भी दक्षिण अफ्रीका के नागरिक अलग प्रकार की दुनिया में ही जी रहे हैं।



### सरकार के कामों को जनता तक पहुंचाए युवा मोर्चा : खण्डेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वो मूलभूत चीजें और सुविधाएं आमजन को उपलब्ध कराईं, जिनके बारे में कांग्रेस की सरकारों ने 70 वर्षों में सोचा तक नहीं। युवा मोर्चा कार्यकर्ता यह ध्यान रखें कि सोशल मीडिया पर जितनी भी गतिविधियां हैं, उनमें सरकार के कामों की चर्चा अवश्य हो। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस के आयोजनों के लिए विधानसभा स्तर पर प्रभारी बनाएं। खण्डेलवाल ने कहा कि 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के बाद युवा मोर्चा की स्थापना हुई और यह भारतीय जनता पार्टी की यात्रा की पहली सीढ़ी है। आज जो वरिष्ठ नेता हैं, वो सभी कभी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता रहे हैं। उन सभी ने दिए गए काम की चिंता की, अपने भविष्य की चिंता नहीं की। भाजपा एक परिवार है और परिवार में बालक स्वयं की चिंता नहीं करता, उसकी चिंता अभिभावक करता है। उसी तरह युवा मोर्चा कार्यकर्ता भी अपनी चिंता छोड़कर पार्टी की विचारधारा, संगठन और अपने काम की चिंता करें। जिस पद पर भी हैं, उसका श्रृंगार करें। यदि आप पार्टी की चिंता करेंगे, तो आपकी चिंता पार्टी नेतृत्व करेगा।

### भारत को दुनिया का नंबर एक देश बनाने में मप्र की बड़ी भूमिका होगी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद 55 साल तक देश में शासन किया, लेकिन देश को उस मुकाम तक नहीं पहुंचा सके, जहां उसे होना चाहिए था। कांग्रेस पार्टी सामाजिक ताने-बाने को तोड़ना चाहती है। दस तरह की बातें करने वाली कांग्रेस के अंदर कुछ और होता है, बाहर कुछ और होता है। युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं को सजग रहना होगा और कांग्रेस के सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने के मंसूबे में कामयाब नहीं होने देना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश का लगातार विकास करते हुए भारत को दुनिया का नंबर एक देश बनाने में जुटी है। इस काम में मध्यप्रदेश के युवा भी अपने परिश्रम व पुरुषार्थ से पूरा योगदान दें। उन्होंने कहा कि युद्ध के मोर्चों में जिस प्रकार विजय प्राप्त करने के बाद सेना अपने पड़ाव की ओर आगे बढ़ती जाती है, लेकिन बीते युद्धों का स्मरण भी हमेशा करती रहती है, ताकि आगे के युद्ध भी वह आसानी से जीतती रही।

### सरकारों के खिलाफ नैरेटिव बनाने का प्रयास कर रहा विपक्ष : हितानंद

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि विपक्ष लगातार हमारी सरकारों के खिलाफ नैरेटिव बनाने का प्रयास कर रहा है। हमारी केंद्र और राज्य सरकारों ने देश व प्रदेश के हित में जो काम किए हैं, युवा मोर्चा कार्यकर्ता उन कामों को जनता तक पहुंचाएं। पूरे साक्ष्यों के साथ विपक्ष के नैरेटिव का जवाब दें। युवा मोर्चा कार्य, कार्यक्रम और कार्यकर्ता के स्तर पर समीक्षा करके अपने कार्यों का सिंहावलोकन करें। इसके लिए मैपिंग का भी सहारा लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक देश-एक चुनाव को लेकर युवा मोर्चा प्रत्येक संभाग में प्रतिमाह कम से कम एक कार्यक्रम आयोजित करे। इसी तरह से पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर भी युवाओं को दृष्टिगत रखते हुए कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल उपस्थित रहे।

# युवती ने नवजात को कचरे के साथ भरकर फेंका, आवारा कुत्तों ने नोचा



**छिंदवाड़ा का मामला युवती से हिरासत में पूछताछ**

**जागरण, छिंदवाड़ा।** एक युवती ने नवजात शिशु को को डस्टबिन में कचरे के साथ भरकर फेंक दिया। थोड़ी देर में आवारा कुत्तों का झुंड यहां पहुंचा और नवजात को नोच डाला। लोगों ने जब ये नजारा देखा तो कुत्तों को भगाकर तत्काल पुलिस को खबर की। पुलिस बच्चे को जिला अस्पताल ले गई। यहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। युवती के इस कृत्य का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। रविवार को बच्चे का पोस्टमॉर्टम कराकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। युवती को हिरासत में लेकर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि युवती ने नवजात को जिंदा फेंका या मरा हुआ। साथ ही उसकी उम्र को लेकर भी खुलासा नहीं हो सका है। कुत्ते बच्चे का हाथ और छाती का कुछ हिस्सा चबा चुके थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर कुछ मिनट और देर हो जाती तो आवारा कुत्ते नवजात को पूरा खा जाते।

# जातिगत जनगणना राहुल गांधी की बड़ी सोच: चौधरी

## मांडू में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विधायकों व पदाधिकारियों को कई नेताओं ने किया संबोधित

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस के मांडू में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन कई सत्र आहुत किए गए। सोमवार को शिविर के दूसरे दिन भी पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने विधायकों और पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा अगला चुनाव एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से मैनेज रहेंगे। कांग्रेस को भी सोशल मीडिया को अपना हथियार बनाना पड़ेगा। सोच को बदलना होगा पार्टी से बड़ा कोई नहीं होता बदलाव जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि संगठन मेरे ही अनुसार चले यह जिद छोड़नी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना राहुल गांधी की बड़ी देन है। इसके अलावा अलग-अलग सत्रों में प्रेरक वक्ता सोनू शर्मा और मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व प्रमुख सचिव भगवानदेव इसरानी ने भी विधायकों के साथ संवाद कर जानकारी और अनुभव साझा किया।



### पीड़ित जनता को न्याय दिलाने का नव संकल्पः उमंग सिंघार

मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी की सरकार घोटालों से घिरी है और जनता त्रस्त है। किसान खाद के लिए मारा मारा फिर रहा है। यह शोषण के खिलाफ महिला, युवा, गरीब, आदिवासी और प्रदेश के प्रत्येक नागरिकों की खुशहाली का नव संकल्प है।

### पार्टी शरीर है और विधायक उसका चेहराः जीतू पटवारी

मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि पार्टी शरीर है और विधायक उसका चेहरा हैं। हमारे पास 3 और 4 वर्ष का समय है। कांग्रेस के लिए यह परीक्षा की घड़ी है और 2028 में हमें पास होना है।

### प्रदेश में निवेश लाना चुनौती, यह आकर्षण से आता है : कमलनाथ

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ वर्चुअल रूप से शिविर से जुड़े। उन्होंने कहा कि यह समय नौजवानों और किसानों के लिए चुनौती भरा है। निवेश आकर्षण से आता है डिमांड से नहीं। मध्य प्रदेश में निवेश लाना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है।

### सरकार के इशारे पर काम कर रही ईडी और सीबीआई : तन्खा

झूठे मुकदमे, जांच एजेंसियां, सीबीआई, ईडी के दुरुपयोग पर वर्चुअल जुड़कर राज्यसभा के सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि ये सरकार के इशारे पर काम कर रही हैं। हमें कांग्रेस के लीगल डिपार्टमेंट को मजबूत बनाना होगा। बार काउंसिल के सदस्यों को भी उसमें जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि हमने 17 वकीलों की टीम तैयार की है। हमें डरने की बजाय कानून का सहारा लेना होगा और अपने अधिकारों की जानकारी भी हमें होनी चाहिए।

# महाकालेश्वर का नगर भ्रमण, चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में दिए दर्शन

**जागरण उज्जैन।** सावन माह में भगवान महाकालेश्वर की पारंपरिक सवारी के क्रम में गत सोमवार को शाम 4 बजे भगवान महाकालेश्वर नगर भ्रमण पर निकले। इस अवसर पर भगवान महाकालेश्वर चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में रजत पालकी में तथा मनमहेश स्वरूप में हाथी पर सवार होकर नगरवासियों को दर्शन देने निकले। सवारी में मुख्यमंत्री डॉ. यादव भी शामिल हुए और उन्होंने रामघाट पर पालकी पूजन किया। महाकालेश्वर भगवान की दूसरी सवारी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सवारी निकलने से पूर्व शाम 4 बजे मंदिर के सभा मंडप में भगवान चंद्रमौलेश्वर का विधिपूर्वक पूजन-अर्चन किया गया। तत्पश्चात रजत पालकी में विराजमान भगवान महाकालेश्वर ने नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान किया। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल द्वारा भगवान को सलामी दी गई। सवारी में मध्यप्रदेश पुलिस का बैंड शामिल हुआ, जिसमें 300 पुलिस जवान और अधिकारी पालकी के आगे धार्मिक धुनें बजाते चल रहे थे। इसके अलावा पूरे सवारी मार्ग पर तीन ड्रोन कैमरे भी निगरानी रख रहे थे और व्यवस्थाओं के लिए 1500 पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी।



### सीएम यादव व मंत्री विजयवर्गीय ने बजाए डमरू और झांज मंजीरे

भगवान महाकालेश्वर की सवारी महाकाल चौराहा, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी होते हुए रामघाट पहुंची, जहां मां क्षिप्रा के पावन जल से भगवान का अभिषेक एवं पूजन-अर्चन हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मौजूद रहे और उन्होंने रामघाट पर पालकी पूजन किया। इसके पश्चात सवारी सवारी मार्ग में भी मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पैदल चले। इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय डमरु बजा रहे थे और उनके साथ मुख्यमंत्री डॉ यादव ताल मिलाते हुए मंजीरे बजा रहे थे। सवारी रामघाट पर पालकी पूजन के बाद रामानुजकोट, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और गुदरी बाजार से होती हुई पुनः महाकाल मंदिर लौटी।

# घर बैठकर सार्थक एप से उपस्थिति लगाने वाले दो प्राचार्य और दो प्रोफेसर निलंबित

## जहां से निलंबित किया वहीं मुख्यालय बनाकर किया पदस्थ, अतिथि विद्वानों पर भी होगी चुकी है कार्रवाई

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने सार्थक एप उपस्थिति लगाने में गड़बड़ी करने वालों पर सख्ती शुरू कर दी है। इसी के तहत फर्जीवाड़ा करने वाले दो प्राचार्य और दो प्रोफेसरों को निलंबित किया गया है। इसके पहले गंजबासौदा के गर्ल्स कालेज में कार्यरत आधा दर्जन अतिथि विद्वानों को सेवामुक्त कर दिया गया था। सार्थक एप से उपस्थिति लगाने को लेकर प्रोफेसर गंभीरता से नहीं ले रहे थे। इसके विरोध में कई बार विभाग को ज्ञापन तक दिए गए हैं। विभाग ने सार्थक एप की उपस्थिति से वेतन देने के आदेश जारी किए तो प्रोफेसरों ने फर्जीवाड़ा शुरू कर दिया। इसकी शिकायत होने पर विभाग ने सख्त कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। सोहन कुमार यादव प्रभारी प्राचार्य गर्ल्स कालेज गंजबासौदा अपने घर में बैठकर उपस्थिति लगा रहे थे। उनकी शिकायत विभाग में दर्ज कराई गई थी। जांच के दौरान उन्हें दोषी ठहराते हुए निलंबित कर दिया गया है। उनका मुख्यालय गर्ल्स कालेज गंजबासौदा ही बनाया गया है। लॉ कालेज श्योपुर के प्रभारी प्राचार्य



सुनीता यादव को भी निलंबित किया गया है। इसी तरह लाल बहादुर शास्त्री कालेज सिरोंज में पदस्थ असिस्टेंट प्रोफेसर साधना कुमारी झा और अतिरिक्त संचालक कार्यालय में पदस्थ असिस्टेंट प्रोफेसर राजीव कुमार शुक्ला को निलंबत किया गया है। उक्त सभी प्रोफेसर और प्राचार्य के मुख्यालय उनके कार्य स्थल बनाए गए हैं।

### जांच प्रभावित करने नहीं बनाया दूसरा मुख्यालय

विभाग ने प्रभारी प्राचार्य सुनीता यादव और सोहन यादव को निलंबित कर उनके ही कालेज को मुख्यालय बनाकर पदस्थ किया है। प्रो. राजीव कुमार शुक्ला और प्रो साधना कुमारी झा को अपने कालेज में निलंबन अवधि समाप्त नहीं होने तक मुख्यालय के तौर पर पदस्थ किया है। नियमानुसार निलंबन की कार्रवाई जहां से होती है वहां से प्राचार्य और प्रोफेसर को हटाकर दूसरे जिले या जिले के दूसरे कालेज में मुख्यालय बनाकर पदस्थ किया जाता है, ताकि जांच प्रभावित न हो। विभाग ने दोनों प्राचार्य और दोनों प्राचार्यों का मुख्यालय तक बदलना जरूरी नहीं समझा। इससे उनके खिलाफ चलने वाले जांच प्रभावित हो सकती है।

### आधा दर्जन अतिथि विद्वान हो चुके हैं बर्खास्त

सार्थक एप में उपस्थिति में फर्जीवाड़ा करने पर विभाग ने गत माह आधा दर्जन अतिथि विद्वानों के आमंत्रण पत्र को निरस्त करते हुए उनकी सेवा बर्खास्त कर दी थीं। वे फर्जी उपस्थिति दर्ज कराकर वेतन ले रहे थे। इसमें गंजबासौदा कालेज के प्रकाश चंद मौर्य, हेमंत कुमार अहिरवार, हेमंत कुमार सक्सेना, सूर्यकांत शर्मा, डॉ. सरताज मंजू पर्रे और संजय कुमार राय शामिल थे।

# एनसीटीई को गलत जानकारी देने पर भोज की बीएड समन्वयक हेमलता निलंबित

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** भोज मुक्त विश्वविद्यालय ने सोमवार को बीएड विभाग की समन्वयक डॉ. हेमलता दिनकर को निलंबित कर दिया है। निलंबन के आदेश में बताया गया है कि एनसीटीई द्वारा विश्वविद्यालय के बीएड सामान्य शिक्षा कोर्स की मान्यता समाप्त होने के संबंध में डॉ. हेमलता दिनकर ने वर्ष 2021-2022 एवं वर्ष 2022-23 का बीएड कोर्स के लिए एनसीटीई को प्रस्तुत की जाने वाली परफारमेंस अप्रेजल रिपोर्ट (पीएआर) जमा हो चुकी है, जबकि ये जमा नहीं हुई थी। तत्कालीन कुलपति ने 16 नवंबर 2021 को पीएआर जमा करने आपको अधिकृत किया था। डॉ. दिनकर द्वारा पीएआर को ऑनलाइन भरने के संबंध में हो रही कठिनाई के बारे में आज तक वस्तुस्थिति से निदेशक डीएमई कुलगुरु और कुलसचिव को अवगत नहीं कराया गया। डॉ. दिनकर द्वारा समय पर एनसीटीई द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब भी प्रस्तुत नहीं किया। इससे एनसीटीई ने बीएड की मान्यता समाप्त कर दी। उन्होंने अपने पदेन दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक नहीं किया है। उनके द्वारा कर्तव्य के प्रति उदासीनता को दर्शाता है एवं सेवा आचरण नियमों के विपरीत है। निलंबन अवधि में डॉ. दिनकर का मुख्यालय ईएमपीआरसी रहेगा।

### दिल्ली के चक्कर लगा रहे झारिया

डायरेक्टर एलपी झारिया मान्यता जारी करने के लिए दिल्ली के चक्कर काट रहे हैं। अभी तक बीएड की मान्यता जारी नहीं हो सकी है। जबकि बीएड की एक हजार सीटों पर प्रवेश लेने के लिए चार हजार 535, डीएलएड (बैचलर एंड लर्निंग एजुकेशन) की एक हजार सीटों पर के लिए पांच हजार 83, विद्यार्थियों ने फार्म जमा कर उनकी परीक्षाएं तक करा ली गई हैं, लेकिन अभी तक उनके रिजल्ट जारी नहीं किए गए हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

**स्वास्थ्य वजह या...**
वजह कुछ और है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, २१ जुलाई को दोपहर में धनखड़ ने कार्यमंत्रणा समिति की अध्यक्षता की। थोड़ी देर की चर्चा के बाद तय हुआ कि अगली बैठक शाम 4.30 बजे फिर होगी। सदस्य दोबारा बैठक के लिए एकत्र हुए। सभी नड्डा और रिजिजू का इंतजार करते रहे, वे नहीं आए। हैरानी की बात यह थी कि धनखड़ को व्यक्तिगत रूप से यह नहीं बताया गया कि दोनों मंत्री बैठक में नहीं आएंगे। स्वाभाविक रूप से उन्हें इस बात का बुरा लगा और उन्होंने बीएसी की अगली बैठक दोपहर 1 बजे के लिए टाल दी। इससे साफ है कि कल दोपहर 1 बजे से शाम 4.30 बजे के बीच जरूर कुछ गंभीर बात हुई है, जिससे नड्डा और रिजिजू ने जानबूझकर शाम की बैठक में हिस्सा नहीं लिया। अब एक बेहद चौंकाने वाला कदम उठाते हुए धनखड़ ने इस्तीफा दे दिया है। वजह सेहत को बताया है, हमें इसका मान रखना चाहिए, लेकिन सच्चाई यह भी है कि इसके पीछे कुछ और गहरे कारण हैं। धनखड़ का इस्तीफा उनके बारे में बहुत कुछ कहता है। साथ ही यह उन लोगों की नीयत पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है, जिन्होंने उन्हें उपराष्ट्रपति पद तक पहुंचाया था।

**पर्दे के पीछे खेलः पवन खेड़ाः** कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इस मुद्दे पर केंद्र और भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने पीएमओ और भाजपा नेताओं की चुप्पी को संदिग्ध बताया है और कहा है कि इससे स्पष्ट संकेत हैं कि पर्दे के पीछे कुछ बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम चल रहा है। खेड़ा ने एक्स पर लिखा, उपराष्ट्रपति ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर इस्तीफा दे दिया, लेकिन पीएमओ और पार्टी से जुड़े किसी भी व्यक्ति ने अब तक ना उन्हें स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दीं और ना ही उनका धन्यवाद किया। यह चुप्पी इशारा करती है कि पर्दे के पीछे कोई बड़ा खेल चल रहा है और भाजपा भारी तनाव में है।

**विपक्ष बोला-स्वास्थ्य वजह या कुछ औरः** कांग्रेस ही नहीं, शिवसेना (यूबीटी) और टीएमसी जैसे विपक्षी दल भी सवाल उठा चुके हैं। कई नेताओं ने इसे सामान्य इस्तीफा मानने से इनकार करते हुए कहा कि उपराष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद से अचानक हटना कोई साधारण बात नहीं हो सकती। कांग्रेस सांसद जेबी माथेर ने कहा, यह बहुत चौंकाने वाला है। अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराओं और प्रत्येक मुद्दे को देखने के हमारे नजरिए के कारण हमारे बीच मतभेद हो सकते हैं। वे जल्द स्वस्थ हों। वहीं कांग्रेस के दानिश अली ने कहा, रहस्यमयी चीजें हो रही हैं, जो देश के हित में नहीं हैं। धनखड़ के इस्तीफे का कारण स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं नहीं लगतीं। सुनने में आया था कि भाजपा के कुछ टॉप लीडर्स उनके पद की गरिमा के मुताबिक बयान नहीं दे रहे थे। ऐसा लगता है कि जस्टिस यादव और जस्टिस वर्मा को लेकर सरकार से उनके मतभेद थे। उन्होंने कई बार कहा है कि वह कभी किसी के दबाव में नहीं आएंगे। कांग्रेस के ही सुखदेव भगत ने कहा, राजनीति में कुछ भी अचानक नहीं होता। पटकथा पहले से ही लिखी जाती है। बिहार चुनाव नजदीक हैं। यह एक पहलू हो सकता है। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की इच्छा के मुताबिक बहुत सी अप्रत्याशित चीजें होती हैं।

**डिप्टी कमिश्नर के पास 6 ...**
ये मिली संपत्ति
-नकदीः 8.३५ लाख
-घरेलू सामान-43.४१ लाख
-17 अचल संपत्तिः ३.१७ करोड़
-महंगी शराबः 1.८ लाख
-मां के नाम 10 प्रॉपर्टीः मूल्यांकन जारी
-सोने के जेवरः 15 लाख
-चांदी के जेवर. 1.३६ लाख
-बैंक एफडीः 1.५० लाख
-भोपाल में मकान और फ्लैट 16.२० लाख
-एलआईसी व एसबीआई लाइफ में निवेश : 29.५० लाख
-भोपाल में कोरलवुड बिल्डिंग में फ्लैट : 60 लाख
-जबलपुर में पैतृक मकानः आंकलन बाकी
-भाई राजा सरवटे के नाम पर प्लॉटः 1.५० करोड़
-बीमा कंपनियों में निवेशः 6.५१ लाख

**कई प्रॉपर्टी का मूल्यांकन शेष, एफआईआर दर्ज :** डीएसपी ईओडब्ल्यू स्वर्णजीत सिंह धामी के अनुसार, डिप्टी कमिश्नर के ठिकानों पर दस्तावेजों, आभूषणों, बैंक खातों और नकद राशि से संबंधित सर्च मंगलवार शाम तक जारी है। जांच खत्म होने पर अनुपातहीन संपत्ति का आंकड़ा काफी ज्यादा होने की उम्मीद है। मामले में ईओडब्ल्यू ने फिलहाल 6 करोड़ आय से अधिक अनुपातहीन संपत्ति मिलने के बाद डिप्टी कमिश्नर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 13 (1) (बी) और 13(2) के तहत केस दर्ज किया है। छापे की जानकारी संबंधित विभाग के आयुक्त और प्रमुख सचिव को भी भेजी जाएगी, ताकि संबंधित अफसर के खिलाफ विभागीय स्तर पर भी कार्रवाई की जा सके।

**आधुनिक खेती के गुर ...**
एक अन्य प्रस्ताव को मंजूर करते कैबिनेट ने गांधीसागर बांध के पावर जनरेशन प्लांट के नवीनीकरण का रास्ता साफ कर दिया। विजयवर्गीय ने बताया कि मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी के ये प्लांट 40 साल पुराने हैं, जिन्हें अपग्रेड करने 464 करोड़ व्यय होंगे। इसमें से 30 प्रतिशत राशि राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी, जबकि शेष राशि ऋण से जुटाई जाएगी। इससे मप्र को 115 मेगावॉट बिजली मिल सकेगी। निर्णय अनुसार गांधीसागर जल विद्युत गृह की पांचों इकाइयों (5×23 मेगावाट) के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण के लिए 55 लाख का अनुमोदन किया गया। राणा प्रताप सागर जल विद्युत गृह की चारों इकाइयों (4×43 मेगावाट) के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण की डीपीआर अनुसार अनुमानित लागत 573 करोड़ 76 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया। विजयवर्गीय ने बताया कि दोनों परियोजनाओं की स्वीकृति परियोजना राशि पर निर्धारित अंशपूंजी को मप्र एवं राजस्थान द्वारा 50-50 अनुपात पर वित्त विभाग के परामर्श अनुसार मप्र की हिस्से की राशि 127 करोड़ 6 लाख रुपए को वर्षवार प्रदान किए जाने का अनुमोदन किया गया। मशीनरी बदलने के लिए राशि का व्यय होगा। विजयवर्गीय ने बताया कि कैबिनेट ने उज्जैन के विक्रमोत्सव व्यापार मेला एवं ग्वालियर व्यापार मेले में वर्ष-2025 में ऑटोमोबाइल विक्रय पर मोटरयान कर में 50 प्रतिशत छूट प्रदान करने की स्वीकृति भी प्रदान की है।

# बांग्लादेश में उड़ान के 24 मिनट बाद चीन में बना एफ-7 विमान कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त, 19 लोगों की मौत

## 164 से अधिक घायल, कई की हालत नाजुक, मौतों का आंकड़ा बढ़ने का अंदेशा, बांग्लादेश में एक दिन का राष्ट्रीय शोक




**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में एक स्कूल पर वायुसेना का विमान गिरने से अब तक कम से कम 19 लोगों की मौत हुई है। इस हादसे में कम से कम 100 लोग घायल बताए जा रहे हैं। कई घायलों की हालत नाजुक है, ऐसे में मौत का आंकड़ा बढ़ने का अंदेशा है। बांग्लादेश की वायुसेना ने बताया है कि उसका एक एफ-7 विमान5उत्तरा स्थित माइलस्टोन कॉलेज में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि इस विमान ने दोपहर 1.06 बजे उड़ान भरी और लगभग 1.30 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे की जांच की जा रही है। मौके पर बांग्लादेशी सेना, अर्धसैनिक बल, वायुसेना और पुलिस की कई टुकड़ियां राहत और बचाव कार्य चला रही हैं। दुर्घटनाग्रस्त हुआ एफ-7 विमान चीनी मूल का था, जिसे मिग-21 की लाइसेंस कॉपी बताया जाता है। माइलस्टोन कॉलेज के फिजिक्स के टीचर के हवाले से द डेली स्टार ने लिखा है कि फाइटर जेट माइलस्टोर कॉलेज परिसर में ही बनी तीन मंजिला इमारत से टकराया। उन्होंने बताया कि जब हादसा हुआ उस वक्त वह कॉलेज 10 मंजिला इमारत में खड़े थे, जबकि फाइटर जेट पास ही स्थित तीन मंजिला इमारत से टकराया, इसके बाद अफरा तफरी मच गई।

### मोहम्मद यूनुस ने जताया दुख

बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने दुर्घटना में लोगों के मारे जाने पर गहरा सदमा और दुख व्यक्त किया है। मुख्य सलाहकार के प्रेस विंग द्वारा आज दोपहर जारी एक बयान में उन्होंने कहा, माइलस्टोन स्कूल और कॉलेज परिसर में बांग्लादेश वायु सेना के विमान से हुई हृदयविदारक दुर्घटना में हुई हताहतों से मैं बहुत दुखी हूं।

### बांग्लादेश में झुका रहेगा राष्ट्रीय ध्वज

ढाका के उत्तरा स्थित माइलस्टोन कॉलेज में वायु सेना के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद सरकार ने एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है। यह शोक दिवस कल आज मनाया जाएगा। इसके बाद, देश भर के सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी, स्वायत्त संस्थानों और शैक्षणिक प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। इसके अतिरिक्त, सभी सरकारी और निजी भवनों के साथ-साथ विदेशों में स्थित बांग्लादेशी मिशनों में भी ध्वज झुका दिए जाएंगे। देश भर के सभी धार्मिक स्थलों पर घायलों और मृतकों के लिए विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाएंगी।

## 2011 में खरीदे थे बांग्लादेश ने एफ-7 फाइटर जेट

एफ-7 बीजीआई बांग्लादेश एयरफोर्स का मल्टीरोल फाइटर जेट है। यह चीन के चेंगदू जे-7 फाइटर का एडवांस वर्जन है, जिसे सोवियत यूनियन के एमआईजी-21 की तर्ज पर बनाया गया था। बांग्लादेश एयर फोर्स ने 2011 से 2013 के बीच यह फाइटर खरीदा था। इसे थंडरकैट स्क्वाड्रन में शामिल किया गया था। एफ-7 बीजीआई एक बार में 600 से 650 किलोमीटर की कॉम्बैट रेंज तय कर सकता है, जबकि फेरी रेंज 2,230 किमी तक है। यह अधिकतम 17,800 मीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है। 155 मीटर/सेकंड की रफ्तार से ऊपर उठ सकता है। इस फाइटर जेट में 2 तोपों के साथ 7 हथियार लगाने वाले पॉइंट हैं। इन पर 3 हजार किलोग्राम तक की मिसाइलें और बम लगाए जा सकते हैं। यह पीएल-5 और पीएल-9 मिसाइल, लेजर गाइडेड बम और सी-704 एंटी-शिप मिसाइल से लैस हो सकता है।




### आंखों के सामने हुआ क्रैश

प्रत्यक्षदर्शी ग्यारहवीं कक्षा के छात्र फहीम हुसैन ने उस भयावह मंजर को बयां किया है। फहीम ने बताया, विमान मेरी आंखों के सामने, मुझसे सिर्फ 10 फ़ीट आगे क्रैश हुआ। वह एक दो मंजिला इमारत की निचली मंजिल से टकराया, जहां प्राइमरी क्लास के छात्र पढ़ाई कर रहे थे।

### अस्पताल ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया

उत्तरा स्थित माइलस्टोन स्कूल एवं कॉलेज परिसर में आज बांग्लादेश वायु सेना के प्रशिक्षण विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद राष्ट्रीय बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी संस्थान में एक आपातकालीन हेल्पलाइन शुरू की गई है। अधिकारियों ने बताया कि हेल्पलाइन नंबर 01949-043697 है।

### तीन मंजिला इमारत से टकराया विमान

फाइटर जेट माइलस्टोर कॉलेज परिसर में ही बनी तीन मंजिला इमारत से टकराया। उन्होंने बताया कि जब हादसा हुआ उस वक्त वह कॉलेज 10 मंजिला इमारत में खड़े थे, जबकि फाइटर जेट पास ही स्थित तीन मंजिला इमारत से टकराया, इसके बाद अफरा तफरी मच गई। छात्र इमारत में फंस गए। कॉलेज के शिक्षक और कर्मचारी उन्हें बचाने के लिए दौड़े, कुछ ही देर में सेना के जवान पहुंचे।

### राहत में बांग्लादेश बार्डर गार्ड की टुकिड़यां तैनात

बांग्लादेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुख्य सलाहकार के विशेष सहायक मो. सईदुर रहमान ने बताया कि माइलस्टोन कॉलेज परिसर में वायुसेना का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई। बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड (बीजीबी) मुख्यालय के अनुसार, कानून प्रवर्तन और बचाव कार्यों में सहायता के लिए उत्तरा में बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड (बीजीबी) की तीन टुकड़ियां तैनात की गई हैं।

## सैयारा ने लहराया बंपर कमाई का परचम

सैयारा इस वक्त एक ऐसी फिल्म बन गई है, जिसकी चर्चा दिन पर दिन बढ़ती चली जा रही है। अहान पांडे और अनीत पड्डा स्टारर इस रोमांटिक थ्रिलर ने सही मायनों में ऑडियंस का दिल जीत लिया है, जिसके चलते भारी तादाद में इस मूवी को देखने के लिए दर्शक सिनेमाघरों में पहुंच रहे हैं। बॉक्स ऑफिस पर सैयारा की धमाकेदार कमाई थमने का नाम नहीं ले रही है। रिलीज के चौथे दिन भी सैयारा ने बमफाड़ कलेक्शन करते हुए हर किसी को चौंका दिया है। सोमवार का दिन सैयारा के लिए कमाई के लिहाज से एक बड़ी अग्निपरीक्षा समान माना जा रहा था। ओपनिंग वीकेंड में धमाकेदार कारोबार करने के बाद माना जा रहा था कि सोमवार को इसके कलेक्शन में गिरावट आएगी, लेकिन सारे अनुमान और कयास सैयारा ने गलत साबित कर दिए हैं और मंडे टेस्ट में डबल डिजिट में कमाई कर कमाल कर दिया



## नेटफिलिक्स ने एआई से बनाया सीरीज का दृश्य, लागत घटी

**मुंबई, जेएनएन।** नेटफिलिक्स ने ऑफिशियली कन्फर्म किया है कि उसने अपने नए अर्जेंटीना बेस्ड साइंस-फिक्शन शो द इंटरनॉट में पहली बार जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जेन एआई) का यूज किया है। जिस विजुअल इफेक्ट सीन के लिए टीम को लंबा वक्त और भारी-भरकम बजट चाहिए था, वही काम एआई टूल्स की मदद से 10 गुना जल्दी और काफी कम लागत में हो गया। नेटफिलिक्स का ये कदम न सिर्फ इंडस्ट्री में चर्चा का टॉपिक बना है, बल्कि हॉलीवुड में एआई के बढ़ते रोल को लेकर डिबेट भी शुरू हो गई है। नेटफिलिक्स के को-सीईओ टेड सरानडोस ने हाल ही में इन्वेस्टर कॉल में साफ कहा कि द इंटरनॉट में बिल्डिंग गिरने वाले एक बड़े सीन को, जो कहानी का पिवोट पॉइंट भी है, जनरेटिव एआई के वर्चुअल प्रोडक्शन टूल्स से तैयार किया गया। उनकी मानें तो इस शो के बजट के हिसाब से इतने हाई-क्वालिटी इफेक्ट्स बनाना पारंपरिक तरीकों से लगभग नामुमकिन था। कंपनी के मुताबिक, एआई से बना ये सीन ना सिर्फ जल्दी तैयार हुआ, बल्कि क्वालिटी को देखकर टीम पूरी तरह संतुष्ट है।द इंटरनॉट वैसे तो अर्जेंटीना का एक पोस्ट-एपोकैलप्टिक सर्वाइवल शो है, जिसमें अजीबो-गरीब बर्फबारी से पूरी आबादी खत्म होने लगती है। इसी थीम में जब क्रिएटर्स को बड़ी बिल्डिंग गिराने की जरूरत पड़ी, तब नेटफिलिक्स टीम की आईलाइन ब्रांच ने क्रिएटिव टीम के साथ मिलकर एआई इंजन को यूज किया। इस एक सीन पर पारंपरिक वीएफएक्स स्टूडियो के मुकाबले 10 गुना कम वक्त और कैपेबल बजट में काम हो गया।




### आईआईटी-बीएचयू गैंगरेप मामला

## 4 बार बुलाने पर पीड़िता कोर्ट नहीं पहुंची तो जज ने जिरह की खत्म

**वाराणसी, जेएनएन।** वाराणसी की फास्ट ट्रैक कोर्ट में आईआईटी-बीएचयू गैंगरेप केस की पीड़ित छात्रा सोमवार को भी गवाही देने नहीं पहुंची। इसके बाद कोर्ट ने उसके वकील से कहा- आपको 4 बार मौका दिया गया, इसके बाद भी छात्रा जिरह के लिए नहीं आई। इसलिए आपका जिरह का मौका खत्म किया जाता है। कोर्ट ने आईआईटी-बीएचयू में हुए गैंगरेप के वक्त मौजूद पीड़ित के दोस्त को तलब किया। 31 जुलाई को अब एकमात्र चश्मदीद गवाह कोर्ट में बयान देगा। आईआईटी-बीएचयू की छात्रा के साथ 31 अक्टूबर, 2023 को गैंगरेप हुआ था। उसने पुलिस और कोर्ट में अपने बयान दिए। कोर्ट में 18 जुलाई, 2024 से ट्रायल शुरू हुआ। 22 अगस्त, 2024 को पहली बार कोर्ट में पीड़ित ने बयान दर्ज कराए। 9 महीने में छात्रा को 15 बार कोर्ट ने तलब किया। वह 10 बार कोर्ट में पेश हो चुकी है। फिर उसने सुरक्षा का हवाला देते हुए कोर्ट में वर्चुअल पेशी के लिए आवेदन दिया। इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था।



## मुंबई एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसला एयर इंडिया का विमान, टायर फटे

**मुंबई, जेएनएन।** भारी बारिश के बीच सोमवार सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा टल गया, जब एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-2744 रनवे से फिसल गई. यह ए320 एयरक्राफ्ट कोच्चि से मुंबई आ रही थी और सुबह 9.27 बजे रनवे 27 पर लैंड करते समय विमान फिसल गया। विमान लैंडिंग के समय रनवे 27 पर टचडाउन जोन के पास फिसलकर 16 से 17 मीटर बाहर चला गया। मसलन, विमान एयरपोर्ट से उतर गया और अनपेव्ड एरिया में जा घुसा और वहां से निकलकर टैक्सीवे पर जा पहुंचा, जहां पायलट ने विमान को संभाला और रोका।



### विमान को जांच के लिए ग्राउंड कर दिया गया: एयर इंडिया

एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बयान में कहा, कोच्चि से मुंबई आ रही फ्लाइट एआई-2744 को लैंडिंग के समय भारी बारिश का सामना करना पड़ा। टचडाउन के बाद रनवे एक्सकर्शन हुआ, लेकिन विमान सुरक्षित रूप से गेट तक रुकने में सफल रहा।

### मुख्य रनवे को पहुंचा नुकसान

हादसे में एयरक्राफ्ट के तीन टायर फट गए, और मुख्य रनवे 09/27 को नुकसान पहुंचा है। एयरपोर्ट प्रवक्ता ने बताया, मुख्य रनवे पर कुछ नुकसान हुए हैं। ऑपरेशन्स को जारी रखने के लिए सेकेंडरी रनवे 14/32 को एक्टिव कर दिया गया है। कोच्चि से आने वाली फ्लाइट को रनवे एक्सकर्शन का सामना करना पड़ा।

### गोवा से आ रही फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**जागरण, इंदौर।** गोवा से इंदौर आ रही इंडिगो की फ्लाइट के पहियों का हाइड्रोलिक सिस्टम उड़ान के दौरान खराब हो गया। विमान की इंदौर में ही इमरजेंसी लैंडिंग कराई। एयरपोर्ट प्रबंधन ने बताया कि पायलट ने अंडर कैरिज वॉर्निंग का मैसेज भेजा था। इसके बाद विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई। विमान में सवार करीब 140 यात्री सुरक्षित हैं। इंडिगो की फ्लाइट ने सोमवार दोपहर 3.14 पर गोवा एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। रोजाना यह फ्लाइट 2.40 बजे गोवा एयरपोर्ट से इंदौर एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरती है।

## बिहार विधानमंडल में मतदाता पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष ने किया जोरदार हंगामा, विधानसभा की कार्रवाई हुई स्थगित

**पटना, जेएनएन।** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र का आगाज हंगामादार रहा। एसआईआर पर चर्चा को लेकर पूरा विपक्ष अड़ा रहा। मतदाता पुनरीक्षण में लोगों का नाम मतदाता सूची से काटने का आरोप लगाया। बैनर-पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन किया है। जिसके बाद विधानसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित हो गई। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन के विधायक दलों की अहम बैठक विधानसभा के परिसर में हुई। जिसमें सत्र को लेकर विपक्ष की रणनीति बनी। बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि विधानसभा में वोटर लिस्ट के मुद्दे पर हर हाल में चर्चा कराई जाए, नहीं तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। आज से सत्र शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि महागठबंधन के प्रतिनिधियों ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर स्पष्ट रूप से कहा है कि वोटर लिस्ट से नाम कटने की साजिश पर चर्चा कराना जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर विधानसभा में इस विषय को नजरअंदाज किया गया तो इसका राजनीतिक और लोकतांत्रिक जवाब दिया जाएगा। इससे पहले वोटर लिस्ट रिवीजन को लेकर तेजस्वी यादव ने देश के 35 बड़े नेताओं को पत्र भी लिखा था। जिसमें उन्होने कहा था कि बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण का तमाशा और त्रासदी बड़े पैमाने पर मताधिकार से वंचित करके लोकतंत्र की नींव हिला रही है। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि कैसे भारतीय चुनाव आयोग जैसी स्वतंत्र संस्था हमारी चुनावी प्रक्रिया की अखंडता में जनता के विश्वास को खत्म करने पर अड़ी हुई है। लाखों मतदाताओं को, बिना किसी गलती के, अधिकारहीन और अपमानित किया जा रहा है। हम सब मिलकर इस प्रक्रिया का तब तक विरोध करेंगे जब तक यह पारदर्शी एवं समावेशी ना हो। इधर, कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने कहा कि सदन के अंदर एसआईआर का विरोध होगा। भ्रष्टाचार, लॉ एंड ऑर्डर और मतदाता पुनरीक्षण का मुद्दा अहम है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि यहां गुंडाराज कायम है। सरकार फ्रस्ट्रेशन में है। सरकार इन सभी मुद्दों पर सदन में विस्तृत चर्चा करवाए। आरजेडी विधायक सतीश दास ने बिहार सरकार के मंत्री और बीजेपी नेता जीवेश मिश्रा के बर्खास्तगी को लेकर एक अलग तरीके से विरोध किया। वे अपने गले में दवाइयों का माला डालकर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के मंत्री जीवेश मिश्रा को राजस्थान के कोर्ट ने नकली दवाई का दोषी पाया है।



## भूस्खलन से 6 श्रद्धालु घायल और एक की मौत

**कटरा, जेएनएन।** मौसम की बेरुखी तथा लगातार हो रही भारी बारिश मां वैष्णो देवी की यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं पर भारी पड़ी। सोमवार सुबह करीब 8.30 बजे जब श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ तेज बारिश के बीच अपनी मां वैष्णो देवी की यात्रा जारी रखे हुए थे, तभी बाणगंगा क्षेत्र में गुलशन लंगर के पास भारी भरकम भूस्खलन हुआ। देखते ही देखते भारी भरकम चट्टानें तथा पत्थर आदि टीन शेड को क्षतिग्रस्त करते हुए सीधे सड़क मार्ग पर गिरे, जिसके कारण दो स्थानीय निवासियों सहित 7 श्रद्धालु घायल हो गए। भूस्खलन में घोड़ा पिट्ठू तथा पालकी आदि की सेवाओं को सुचारू करने को लेकर एम टेक कंपनी द्वारा स्थापित प्रमुख प्रीपेड काउंटर भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस भूस्खलन की चपेट में कुछ और श्रद्धालुओं के दबे होने की भी आशंका है।

## कई प्राणी ऐसे भी जो बिना आक्सीजन रहते हैं जिंदा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आमतौर पर हम सभी यही मानते हैं कि मनुष्य और जानवरों के लिए ऑक्सीजन जरूरी है, लेकिन कुछ जानवर ऐसे भी हैं, जो बिना ऑक्सीजन के भी जीने में सक्षम हैं। ये जानवर ऑक्सीजन की कमी को पूरा करने के लिए कुछ खास शारीरिक संरचना का इस्तेमाल करते हैं। आपको कुछ ऐसे ही जानवरों के बारे में बताते हैं, जो बिना ऑक्सीजन के भी जीवित रह सकते हैं।



**पेंटेड कछुआ :** पेंटेड कछुआ एक ऐसा कछुआ है, जो उत्तरी अमेरिका में पाया जाता है। वह अपने शरीर के हिस्सों को बिना ऑक्सीजन के घंटों जीवित रख सकता है। कछुआ पानी में ऑक्सीजन के बिना 16 घंटों तक जीवित रह सकता है।

**एपोलेट शार्क :** यह अपने शरीर के कुछ हिस्सों में बिना ऑक्सीजन के जीवन को बनाए रख सकती है। ऑक्सीजन के बिना पानी में 2 से 3 दिन तक जीवित रह सकती है।

**जेलीफिश :** जेलीफिश एक समुद्री जीव है, जो बिना ऑक्सीजन के भी जीवित रह सकता है। इसके अलावा जेलीफिश के शरीर में एक विशेष रसायन मौजूद होता है, जो इसे ठंडा रखता है और इसके कारण जेलीफिश पानी में बिना ऑक्सीजन के भी जीवित रह सकती है।

**नेक्ड मोल-रैट :** ऐसा जीव है, जो बिना ऑक्सीजन के भी जीवित रह सकता है। शरीर के कुछ हिस्सों में बिना ऑक्सीजन के जीवन को बनाए रख सकता है।

## महाकाल के गर्भगृह में जबरन घुसा भाजपा विधायक का बेटा

### मंदिर के कर्मचारी ने टोका तो धमकाया

**जागरण, उज्जैन।** महाकाल मंदिर में इंदौर-1 से विधायक गोलू शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष ने गर्भगृह में जबरन प्रवेश किया। इस दौरान मंदिर कर्मचारी आशीष दुबे ने उसे रोकने की कोशिश की, तो रुद्राक्ष ने उसे धमकाया। मौके पर विधायक गोलू शुक्ला भी मौजूद थे। दोनों ने 5 मिनट मंदिर में पूजा-अर्चना की। दरअसल, विधायक गोलू शुक्ला की कांवड़ यात्रा रविवार रात उज्जैन पहुंची थी। सोमवार तड़के भस्म आरती के पट खुलने के बाद गोलू अपने समर्थकों के साथ महाकाल मंदिर पहुंचे। बेटा रुद्राक्ष भी साथ था। मंदिर प्रशासन के अधिकारी ने बताया कि परमिशन सिर्फ गोलू शुक्ला को दी थी। वहीं भाजपा विधायक गोलू शुक्ला ने कहा- मंदिर प्रशासक और कलेक्टर ने 5 लोगों का परमिट दिया था। दर्शन के दौरान कर्मचारी ने रोकने की कोशिश की, तो हल्की-फुल्की कहासुनी हुई।

### श्रद्धालुओं की डेढ़ किमी लाइन

महाकाल मंदिर में सावन के महीने में आम श्रद्धालु करीब डेढ़ किमी लंबी लाइन में लगने के बाद सिर्फ 200 फीट दूर से दर्शन कर पा रहे हैं, वहीं वीवीआईपी नियमों को ताक पर रखकर गर्भगृह में प्रवेश कर रहे हैं। गर्भगृह में श्रद्धालुओं का प्रवेश प्रतिबंधित है। यहां केवल पुजारी ही जा सकते हैं।

खुलासा | चीन के चिकित्सा विश्वविद्याल के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन में पता चला

## एलर्जी सिर्फ समस्या नहीं, कैंसर से बचाती भी है

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में एलर्जी एक बढ़ती हुई स्वास्थ्य समस्या है। लगभग 20-30 प्रतिशत आबादी कम से कम एक एलर्जी से जूझ रही है। वैसे तो ये लोगों की परेशानियां बढ़ा देती हैं, लेकिन क्या हो जब आपको पता लगे की आपकी एलर्जी आपकी सुरक्षा कर रही हैं? एक हालिया अध्ययन में बताया गया है कि एलर्जी फेफड़ों के कैंसर के जोखिम को कम करने में मददगार हो सकती हैं। चीन में किया गया अहम अध्ययन को फ्रंटियर्स इन मेडिसिन नामक पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। इसे चीन स्थित जिलिन कैंसर अस्पताल, चांगचुन चीनी चिकित्सा विश्वविद्यालय और तियानजिन चिकित्सा विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पूरा किया है।



### पुराने अध्ययनों का भी था विश्लेषण

शोधकर्ताओं ने फेफड़ों के कैंसर के जोखिम के साथ एआर और एक्जिमा के संबंधों का मेटा-विश्लेषण किया। उन्होंने पुराने अध्ययनों को ढूंढने के लिए वेब ऑफ साइंस, एमबेस, कोक्रेन लाइब्रेरी और पबमेड डेटाबेस पर खोज-बीन की थी। चयनित अध्ययनों से प्रतिभागियों के परीक्षण और परिणाम वाला डाटा इकट्ठा किया गया। अध्ययनों पर निम्न, मध्यम या उच्च गुणवत्ता के रूप में विभाजित करने के लिए न्यूकैसल-ओटावा पैमाने का उपयोग किया गया था।

### एलर्जी और फेफड़ों के कैंसर के बीच क्या है संबंध?

एलर्जी संबंधी बीमारियों और फेफड़ों के कैंसर के जोखिम का संबंध एलर्जी के प्रकार के अनुसार अलग-अलग होता है। अस्थमा का इतिहास फेफड़ों के कैंसर के उच्च जोखिम से जुड़ा है, जबकि एलर्जिक राइनाइटिस या एक्जिमा का इतिहास बीमारी के जोखिम को कम कर सकता है।

### जांच 226 में से 10 अध्ययनों का हुआ था चयन

खोज के जरिए 226 अध्ययन मिले थे और कई समीक्षाओं के बाद मेटा-विश्लेषण के लिए 10 का चयन किया गया था। इनमें से 8 केस-कंट्रोल और 2 कोहोर्ट अध्ययन थे, जिनम कुल मिलाकर 38 लाख से ज्यादा प्रतिभागी शामिल थे।

### क्या रहे इस अध्ययन के नतीजे?

अध्ययन में विश्लेषण लिंग, एलर्जी के प्रकार और भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर किया गया था। सामने आया कि एक्जिमा और फेफड़ों के कैंसर के जोखिम के बीच कोई महत्वपूर्ण संबंध नहीं पाया गया। इसके विपरीत, एआर और फेफड़ों के कैंसर के जोखिम के बीच नकारात्मक संबंध पाए गए।

## ट्रेन चलने-रुकने की पूरी रिपोर्ट बनाएगा स्वदेशी एआई



**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** यात्रियों की सुरक्षा, संचालन में पारदर्शिता और लोको पायलट की कार्यप्रणाली में जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने एक महत्वपूर्ण तकनीकी पहल की है। मंडल के इन-हाउस प्रयासों से विकसित किया गया 'स्पीडो विजन' नामक आधुनिक सॉफ्टवेयर लोकोमोटिव स्पीडोमीटर डेटा का तेज, सटीक और स्वचालित विश्लेषण कर संचालन रिपोर्ट मिनटों में तैयार करने में सक्षम है। इस सॉफ्टवेयर का उद्घाटन हाल ही में पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय द्वारा गुना क्रू लॉबी में किया गया। यह सॉफ्टवेयर भोपाल मंडल के मुख्य लोको निरीक्षक सुरेंद्र श्रीवास्तव द्वारा, मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी और वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरओ) सचिन शर्मा के मार्गदर्शन में मात्र एक माह के भीतर तैयार किया गया है।

### घंटों का काम मिनटों में होगा

स्पीडो विजन की कार्यप्रणाली अत्यंत सहज एवं प्रभावी है। यह लोकोमोटिव स्पीडोमीटर से प्राप्त डेटा की एक्सेल फाइल को सेकंडों में प्रोसेस कर ग्राफिकल रिपोर्ट तैयार करता है, जिसमें तारीख, समय, गति, दूरी, ब्रेकिंग पैटर्न, ओवरस्पीड, फील टेस्ट और ब्रेक पावर टेस्ट जैसी प्रमुख जानकारियां शामिल होती हैं। यह विश्लेषण पूर्णतया स्वचालित और त्रुटिरहित होता है, जिससे पहले की मैनुअल प्रक्रिया की तुलना में समय और संसाधनों की बड़ी बचत होती है। भोपाल मंडल में प्रतिदिन औसतन 13 फ्लॉपी का विश्लेषण किया जाता है, और हर महीने करीब 400 स्पीडोमीटर डेटा को डाउनलोड कर लोको पायलट की कार्यशैली की समीक्षा की जाती है। यदि विश्लेषण में किसी प्रकार की चूक, गति सीमा का उल्लंघन या संचालन व्यवहार में असामान्यता पाई जाती है, तो संबंधित लोको पायलट को लोको निरीक्षकों द्वारा काउंसलिंग दी जाती है और आवश्यकतानुसार पुनः प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता है।

# फर्जी पट्टों का खुलासा, विधायक की शिकायत पर शासन ने दिए एफआईआर के निर्देश

### खरगापुर विधानसभा में वर्षों से सक्रिय भू-माफिया गिरोह का पर्दाफाश, उच्चस्तरीय जांच के बाद राजस्व विभाग ने कलेक्टर को कार्रवाई के निर्देश भेजे



**टीकमगढ़।** खरगापुर विधानसभा क्षेत्र सहित टीकमगढ़ जिले में शासकीय और निजी जमीनों पर फर्जीवाड़े के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। भू-माफियाओं द्वारा लंबे समय से शासकीय जमीनों पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर कब्जा किया जा रहा है। इस मामले में जब विधायक ने विधानसभा के माध्यम से कई गंभीर मुद्दे उठाए तो सरकार को जांच करनी पड़ी और अब कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। विधानसभा बजट सत्र 2025 में खरगापुर विधायक चंदा सुरेंद्र सिंह गौर द्वारा प्रस्तुत एक मामले ने पूरे राजस्व प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया। मामला ग्राम रामपुरा नजदीक हटा का है, जहाँ खसरा क्रमांक 1/1, रकबा 3.228 हेक्टेयर की शासकीय भूमि का स्थाई पट्टा वर्ष 1984-85 में सुरेन्द्र सिंह लोधी और उनकी पत्नी के नाम जारी किया गया था। हैरानी की बात यह है कि खुद सुरेन्द्र सिंह लोधी की जन्म तिथि 10 जून 1985 और उनकी पत्नी की 5 मार्च 1986 है। इसका साफ मतलब है कि जिस वर्ष यह पट्टा जारी किया गया था, उस समय दोनों का जन्म भी नहीं हुआ था। यह फर्जीवाड़ा किस तरह से किया गया, इसे लेकर विधायक ने सदन में राजस्व मंत्री करण वर्मा से सीधा सवाल पूछा। मंत्री ने सदन में स्वीकार किया कि यह गंभीर धोखाधड़ी का मामला है और दोषियों पर एफ.आई.आर. दर्ज की जाएगी। राजस्व विभाग द्वारा 28 मई 2025 को अवर सचिव, राजस्व मंत्रालय द्वारा जिला कलेक्टर टीकमगढ़ को लिखे पत्र क्रमांक 804/ई.नं. 2982045/2025/सात-3 में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सुरेन्द्र सिंह लोधी एवं उनकी पत्नी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही कर एफ.आई.आर. दर्ज की जाए और की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन विभाग को भेजा जाए। विधायक का आरोप है कि यह अकेला मामला नहीं है। खरगापुर, बल्देवगढ़, पलेरा और टीकमगढ़ तहसीलों में शासकीय जमीनों को हथियाने के लिए भू-माफिया सक्रिय हैं। अनुविभागीय अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर करके आदेश तैयार कर जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है। कई मामलों में लोग जेल भेजे जा चुके हैं और कुछ फरार हैं।

### खरगापुर विधायक ने दी चेतावनी

वही मामले को लेकर खरगापुर विधायक चंदा सुरेंद्र सिंह गौर ने इस मामले में एफ.आई.आर. दर्ज नहीं होती है और प्रशासन राजनैतिक दबाव में आकर कार्यवाही नहीं करता, तो यह मामला एक बार फिर विधानसभा में उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून का शिकंजा भू-माफिया गिरोह पर कसता जा रहा है और कोई भी कितना भी प्रयास कर ले, कानून से नहीं बच पाएगा। यह रहे।

**मुख्य बिंदु :** 1984-85 में जारी किया गया फर्जी पट्टा, जबकि हितग्राही का जन्म ही 1985 के बाद हुआ। राजस्व मंत्री ने विधानसभा में माना फर्जीवाड़ा, एफ.आई.आर. के निर्देश दिए। कलेक्टर टीकमगढ़ को पत्र जारी कर कार्यवाही के आदेश। भू-माफिया पर लगे गंभीर आरोप, विधायक ने बताई राजनीतिक संरक्षण की भूमिका। यदि कार्रवाई नहीं हुई तो मामला फिर गूंजेगा विधानसभा में।

# कुंडेश्वर मार्ग पर घुप्प अंधेरा, श्रद्धालुओं की सुरक्षा खतरे में, कलेक्टर ने दिए 48 घंटे में व्यवस्था सुधारने के निर्देश

**टीकमगढ़।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल शिवधाम कुंडेश्वर जाने वाला मार्ग इन दिनों घुप्प अंधेरे में डूबा हुआ है। लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों के कारण राहगीरों और श्रद्धालुओं को रात के समय आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंधकार के बीच सड़क पर गोवंश का बैठा रहना और सर्प-बिच्छुओं जैसे जहरीले जीवों का निकलना खतरे को और बढ़ा रहा है।

### सावन में बढ़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

वर्तमान में सावन माह चल रहा है, ऐसे में दर्जनों की संख्या में कांवड़िए प्रतिदिन कुंडेश्वर मंदिर जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन शाम होते ही टीकमगढ़ से कुंडेश्वर तक की 5 किलोमीटर की सड़क अंधेरे में डूब जाती है। वर्षा ऋतु में झाड़ियों और खेतों से निकलने वाले जीव-जंतु श्रद्धालुओं के लिए खतरा बन रहे हैं।

### चार साल पहले लगे थे खंभे, अब तक नहीं जलीं लाइटें

सड़क के दोनों ओर चार साल पहले विद्युत खंभे तो लगा दिए गए थे, लेकिन स्ट्रीट लाइटें आज तक चालू नहीं की गईं। विभाग की लापरवाही से दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है, लेकिन जिम्मेदार अब तक आंख मूंदे बैठे हैं।



### कलेक्टर ने बुलाई आपात बैठक

शहरवासियों की शिकायतों के बाद कलेक्टर श्री विवेक श्रोत्रिय ने मंगलवार को इस मुद्दे को लेकर बैठक बुलाई। बैठक में एसडीएम लोकेंद्र सरल, तहसीलदार, नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया, विद्युत विभाग के अधिकारी और कुंडेश्वर मंदिर समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### 48 घंटे में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने कुंडेश्वर मार्ग की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा करते हुए बिजली कंपनी के अधिकारियों को शाम तक वितरण प्रणाली की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए 48 घंटे के भीतर पूरे मार्ग की बिजली व्यवस्था चालू की जाए। शहरवासियों और श्रद्धालुओं को अब उम्मीद है कि जल्द ही कुंडेश्वर मार्ग रोशन होगा और यह मार्ग श्रद्धा के साथ-साथ सुरक्षित भी बनेगा।

# साफ-सफाई को लेकर नगर पालिका सीएमओ एक्शन में



### कलेक्टर के निर्देश पर नगर पालिका ने अम्बेडकर पार्क में चलाया गया विशेष सफाई अभियान

**टीकमगढ़।** कलेक्टर विवेक श्रोतीय के निर्देशानुसार मंगलवार को अरुणोदय काल के समय मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया के नेतृत्व में नगर पालिका द्वारा शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान अम्बेडकर तिराहा पर स्थित अम्बेडकर पार्क की सफाई कराई गई। बारिश के चलते पार्क में उगी घास और अनचाहे पौधों को हटवाया गया तथा पूरे पार्क की सफाई करवाई गई। इसके साथ ही डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को पानी से धुलवाया गया, जिससे उसकी चमक और गरिमा फिर से दिखाई देने लगी। वहीं दूसरी ओर रोरेया मंदिर मेले से पहले नगर में साफ-सफाई का कार्य तेज कर दिया गया है। रेल्वे पुल से लेकर नगर पालिका तक के मार्ग का कचरा हटवा कर साफ-सफाई कराई गई। नगर पालिका की टीम ने मौके पर रहकर कार्य की निगरानी की।

### नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखेंगे- सीएमओ ओमपाल सिंह

कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर में स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए अम्बेडकर पार्क सहित अन्य प्रमुख स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया है। बरसात के कारण उत्पन्न घास एवं झाड़ियों को हटवाकर पार्क को साफ किया गया। इसके साथ ही रोरेया मंदिर मेला को ध्यान में रखते हुए रेलवे पुल से नगर पालिका तक के मार्ग का भी कचरा हटवाकर सफाई कराई गई है। नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए हमारी टीम लगातार कार्य कर रही है और भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा।

# जिला पंचायत परिसर में किया गया वृक्षारोपण दिव्यांग जागेश्वरी गर्ग ने पांव से पौधा किया रोपित

**पन्ना ।** जिले में लगातार वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसी कड़ी में जिला पंचायत परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें दिव्यांग जागेश्वरी गर्ग निवासी नादान तहसील रैपुरा द्वारा वृक्षारोपण में भाग लिया तथा उनके द्वारा पांव से पौधे रोपित किए गए क्योंकि दिव्यांग जागेश्वरी गर्ग के दोनों हाथ नहीं है जागेश्वरी गर्ग लगातार पढ़ाई भी कर रही हैं तथा लोगों को संदेश दे रही हैं हाथ न होने के बावजूद यदि जज्बा है तो आप कुछ भी कर सकते हैं ऐसा अवसर पर पत्रकार शिवकिशोर पांण्डे सहित अनेक पत्रकार साथी उपस्थित रहे।



# नजरबाग स्थित कन्या स्कूल की टूटी बाउंड्रीवाल से बढ़ा खतरा, शौचालयों में गंदगी और शराबियों का अड्डा बनने का अंदेशा

### छात्राओं की सुरक्षा दांव पर, हैंडपंप से पानी भरने को मजबूर, स्कूल में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

**टीकमगढ़।** शहर के मध्य स्थित शासकीय कन्या माध्यमिक शाला नजरबाग की हालत बद से बदतर होती जा रही है। बीते दो हफ्तों से स्कूल की बाउंड्रीवाल का एक हिस्सा पूरी तरह से टूटा हुआ है, जिससे छात्राएं उसी असुरक्षित रास्ते से स्कूल में प्रवेश कर रही हैं। इस टूटी दीवार के कारण किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन अब तक विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार, इस गिरती हुई दीवार की जानकारी 9 जुलाई को जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी आई.एल. आथ्या को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी गई थी, परंतु उन्होंने इस सूचना को नजरअंदाज कर दिया। कुछ ही दिनों बाद बाउंड्रीवाल का और हिस्सा गिर गया, जिससे यह साफ होता है कि लापरवाही जानबूझकर की गई।



### स्थानीय स्थिति की तस्वीर बयां करती है हालात

प्राप्त फोटो में नजर आता है कि दीवार पूरी तरह गिर चुकी है और उसका मलबा सड़क पर फैला हुआ है। वहीं बगल से स्कूल के छात्र-छात्राएं रोजाना आना-जाना करते हैं। अगर दीवार का बचा हिस्सा और गिरा, तो बड़ा हादसा हो सकता है। यही नहीं, स्कूल परिसर में शौचालयों पर ताले लगे हैं, और जो एक शौचालय खुला है, उसमें गंदगी और दुर्गंध फैली हुई है। स्थिति इतनी गंभीर है कि वहां शराब के खाली क्वार्टर भी देखे गए हैं, जिससे यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि शाम होते ही यह स्थान शराबियों का अड्डा बनता जा रहा है।

### पानी की व्यवस्था भी बदहाल

छात्राओं को पीने के पानी के लिए परिसर में लगे हैंडपंप पर निर्भर रहना पड़ रहा है। यही हैंडपंप आसपास की अन्य शालाओं के छात्र भी उपयोग करते हैं। स्कूल में नल से पानी की जो व्यवस्था थी, वह पूरी तरह से खराब हो चुकी है, और वहां से नल की टोंटियां भी गायब हैं।

### स्कूली शिक्षिका ने बताया

बाउंड्रीवाल और अन्य समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग को पत्र लिखकर सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### स्थानीय अभिभावकों का कहना है

बच्चियों की सुरक्षा और सुविधा की कोई परवाह नहीं की जा रही है। अगर समय रहते कोई कदम नहीं उठाया गया, तो इसकी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन और प्रशासन की होगी।

### लापरवाही का साफ सबूत

अब सवाल ये उठता है की क्या शिक्षा विभाग किसी बच्चे के घायल होने या जान जाने का इंतज़ार कर रहा है? जब पहले ही चेताया जा चुका था, तब तक इंतज़ार क्यों किया गया? अब जरूरत है कि जिला शिक्षा विभाग और प्रशासन इस गंभीर मामले का संज्ञान लें और तुरंत सुधारात्मक कार्यवाही करें। छात्राओं की सुरक्षा, स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी भविष्य के लिए खतरे की घंटी है।

# 11वीं राज्य स्तरीय जु-जित्सु प्रतियोगिता में पन्ना के खिलाड़ियों का जलवा, जीते 26 पदक




### राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन, प्रशिक्षकों ने भी दिलाया जिले को गोल्ड
### एस.पी. सिंह बघेल (एस.डी.ओ.पी) ने किया खिलाड़ियों का सम्मान

**पन्ना ।** भोपाल में आयोजित 11वीं राज्य स्तरीय जु-जित्सु प्रतियोगिता 2025 में पन्ना जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में फिटनेस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना मार्शल आर्ट क्लासेस एवं जिला जु-जित्सु संघ पन्ना से चयनित खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सचिव व प्रशिक्षक सेंसई इरफान खान ने बताया कि जु-जित्सु में पाँच इवेंट होते हैं, जिनमें प्रत्येक खिलाड़ी को दो इवेंट में भाग लेना होता है। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी सितंबर में होने वाली राष्ट्रीय जु-जित्सु चैंपियनशिप 2025 के लिए किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ी श्रावणी बिरला, विराज शर्मा, अदिति गुप्ता, पीयूष विश्वकर्मा, दीपशिखा डागौर, प्रतियोगिता में पन्ना जिले द्वारा जीते गए पदक इस प्रकार हैं सब जूनियर वर्ग (फाइटिंग और नेवाजा इवेंट) समर्थ कुशवाहा (22 किग्रा), विराज शर्मा (25 किग्रा), श्रावणी बिरला (20 किग्रा), अन्वेशा दुबे (22 किग्रा), सत्य अहिरवार (28 किग्रा), आयुष शर्मा (28 किग्रा), नव्या साहू (36 किग्रा), आध्या खरे (44 किग्रा), आराध्या साहू (40 किग्रा), रामप्रकाश विश्वकर्मा (40 किग्रा) जूनियर वर्ग (फाइटिंग और नेवाजा इवेंट) आध्या गुप्ता (44 किग्रा), मनीष विश्वकर्मा (48 किग्रा) सीनियर वर्ग (फाइटिंग और नेवाजा इवेंट) आदित्य गुप्ता (63 किग्रा), पीयूष विश्वकर्मा (56 किग्रा), दीपशिखा डागौर (63 किग्रा) प्रशिक्षकों ने भी बढ़ाया मान प्रशिक्षक इरफान खान एवं हर्षिता विश्वकर्मा, जो स्वयं अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी खिलाड़ी हैं, ने इस प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया और गोल्ड मेडल जीतकर जिले का मान बढ़ाया। खिलाड़ियों का हुआ सम्मान प्रतियोगिता से लौटने के बाद एस.डी.ओ.पी श्री एस.पी. सिंह बघेल एवं थाना प्रभारी रोहित मिश्रा ने खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को पुलिस कार्यालय बुलाकर सम्मानित किया। शुभकामनाएं देने वालों में शामिल रहे विजेंद्र खरसोदिया (अध्यक्ष, म.प्र. जु-जित्सु संघ), रोहणी कलम (सचिव), नईम खान (संचालक, चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल), पहलवान सिंह (संरक्षक), लॉरेंस एट्स (अध्यक्ष, जिला जु-जित्सु संघ पन्ना), महेंद्र विश्वकर्मा (वुशू संघ), कृष्ण श्रीवास्तव (शोतोकाई कराटे संघ), मनोज कैशरवानी (समाजसेवी), मोहम्मद मुस्तकीम ब्लॉक समन्वयक, खेल युवा कल्याण विभग पन्ना, सैफ उल्ला (पन्ना हेल्थ क्लब) सहित अभिभावक महेंद्र कुशवाहा, राजकुमार शर्मा, राहुल बिरला, राजा बाबू अहिरवार, कृष्ण कुमार शर्मा, राहुल साहू, योगेश खरे, मुकेश साहू, जगमोहन विश्वकर्मा, दिलीप गुप्ता, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, बृजलाल डागौर सहित खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। यह उपलब्धि जिले के खेल विकास और युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायक मिसाल है।

# अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**पन्ना ।** आज दिनांक 22 जुलाई 2025 को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य डॉ एसडी चतुर्वेदी ने अपने अधीनस्थ महाविद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम पन्ना शहर में स्थित कन्या शासकीय महाविद्यालय इसके उपरांत शासकीय महाविद्यालय खोरा एवं शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उपरोक्त सभी महाविद्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी, सार्थक एप्प द्वारा उपस्थित की जानकारी, कैश बुक एवं प्रयोगशाला कक्ष का निरीक्षण किया गया तथा शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गिरिजेश शाक्य से नवनिर्मित भवन पर विस्तृत चर्चा की गई। शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़ के प्राचार्य डॉ अरविल कुजूर के साथ बैठकर महाविद्यालय की संपूर्ण जानकारी लिया। अतः उक्त महाविद्यालयों के प्राचार्यो को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ महाविद्यालय को व्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए निर्देशित किये।





# प्रधान आरक्षक ने की धोखाधड़ी, तीन लाख का लगाया चूना, आवेदक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज

**पन्ना ।** सलेहा थाना में पदस्थ रहे प्रधान आरक्षक अनिल बागरी द्वारा लोगों से नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी की है।उक्त संबंध में आवेदक प्रशांत खरे पिता हीरालाल खरे निवासी कटवरिया ने सलेहा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मुझे प्रधान आरक्षक अनिल बागरी द्वारा तीन लाख सोलह हजार रुपए लिए तथा नौकरी लगावाने का वादा किया था लेकिन अब उनके द्वारा पैसे वापस नहीं किए जा रहे हैं उक्त मामले को लेकर सलेहा थाना में प्रधान आरक्षक अनिल बागरी के खिलाफ प्रशांत खरे की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है बताया जाता है कि श्री बागरी द्वारा प्रशांत खरे के अलावा और भी अनेक लोगों से पैसे लेकर धोखाधड़ी की गई है।

# उत्तर वन मंडल की लगभग 48 एकड़ अतिक्रमण की भूमि जोतने पर रोक



**पन्ना ।** आज दिनांक 22/07/2025 को वन संरक्षक नरेश यादव के मार्गदर्शन में एवं उत्तर वनमंडल अधिकारी गर्वित गंगवार पन्ना के निर्देशन में उप वनमंडल अधिकारी विश्रामगंज अंशुल तिवारी के नेतृत्व में परिक्षेत्र धरमपुर अंतर्गत बीट कुडरा में कक्ष क्रमांक क्क55 एवं क्क56 में पूर्व से चले आ रहे अतिक्रमण की लगभग 48 एकड़ वन भूमि जोतने से रोका गया एवं जे सी बी की सहायता से अतिक्रमण रोधी ट्रेंच खोदी गई । जिसमें ग्राम वन समिति कुडरा के समिति सदस्य, पुलिस बल थाना धरमपुर, वन परिक्षेत्र धरमपुर एवं वन परिक्षेत्र अजयगढ़ का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# डॉ मनोज कुमार शुक्ल पन्ना जिले की राष्ट्रीय सेवा योजना के नए जिला संगठक



**पन्ना ।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा पन्ना जिले में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक के रूप में डॉ मनोज कुमार शुक्ल की पद स्थापना की गई है। जिले में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक का पद डॉ एसपीएस परमार के 30 जून 2025 को सेवानिवृत हो जाने के कारण खाली था । इस पद पर नियुक्त डॉ शुक्ल छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में वनस्पतिशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष हैं एवं विगत 5 वर्षों से राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी हैं। इन्होंने अपने कार्यकाल में नियमित गतिविधियों एवं इकाई शिविर के साथ-साथ स्वयंसेवकों के लिए स्टेट कैंप, नेशनल कैंप, एडवेंचर कैंप आदि में अवसर प्रदान करने के साथ ही %बी% प्रमाण पत्र एवं %सी% प्रमाण पत्र प्राप्त करने की स्थितियां प्रदान की है। उन्होंने स्वच्छता, शिक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण में जागरूकता के साथ ही कई बार ब्लड डोनेशन शिविरों का आयोजन भी किया है। इस अवसर पर महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक अरूण चौरसिया ने नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए मध्य प्रदेश शासन और विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कैलेंडर तथा निर्देशों के अनुसार जिले में विभिन्न गतिविधियों के सफल संचालन की अपेक्षा की है।

# भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी पन्ना, दमोह कटनी के कार्यकर्ताओं ने रैपुरा थानांतर्गत पकड़ी 100 पाव अवैध शराब

**पन्ना।** रैपुरा पुलिस का नशामुक्ति अभियान पूरी तरह फ़ेल 7 भगवती मानव कल्याण संगठन ने फिर पकड़ी अवैध शराब धर्मसम्राट परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में पूरे देश में नशामुक्ति जनांदोलन चलाया जा रहा है । आज मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के रैपुरा थानांतर्गत पटी रोड पर 2 पेटी ( कुल 100 पाव प्लेन ) अवैध शराब पुलिस को सूचना देकर पकड़ी 7 2 व्यक्ति जिनके नाम संतराम निवासी अमानगंज,दूसरा दीपराज निवासी छतरपुर एक मोटरसाइकिल ।।छ्स्र्द्रयह्न× बिना नंबर की 2 पेटी अवैध शराब ले जा रहे थे 7 ?संगठन ने अवैध शराब रैपुरा पुलिस को सौंपी व एफआईआर दर्ज कराई। भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी का मुख्य उद्देश्य नशा-मांस, भय-भूख-भ्रष्टाचार, जातिवाद-छुआछूत , सांप्रदायिकता से मुक्त चेतनावान-चरित्रवान समाज के निर्माण करना है।



# स्कूलों में चित्रकला, शपथ, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सिंगरौली पुलिस का सतत जनजागरुकता अभियान

## वाहन पर जागरुकता वीडियो चलाकर नशे से दूरी का दिया गया संदेश




**जागरण, बैढ़न**

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 15 से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी विषय पर विशेष राज्यस्तरीय जन.जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार चलाया जा रहा है। आज के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य रहा समाज में सकारात्मक संदेश का प्रचार.प्रसार कर जनमानस को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना। इसी उद्देश्य से गणमान्य नागरिकों खिलाड़ियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के नशा विरोधी संदेश रिकॉर्ड कर चौराहों बस स्टैंडए विद्यालयोंए बाजार एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर प्रचारित किए गए। साथ ही प्रचार वाहन के माध्यम से जागरूकता वीडियो प्रसारित किए गएए जिससे आम लोगों को दृष्टिगत रूप से नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। इस प्रयास ने विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी भीड़ वाले इलाकों में सकारात्मक प्रभाव डाला और आमजन के बीच एक दृढ़ संदेश पहुंचाया दृ श्नशे से दूरी है जरूरी। चौकी सासन पब्लिक स्कूल सूर्यविहार में कक्षा 9वीं से 11वीं तक के छात्रों के बीच निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कर नशे से दूरी है जरूरी विषय पर जागरूक किया गया। छात्र.छात्राओं ने नशे के दुष्परिणामों को रेखांकित करते हुए अपनी रचनात्मकता दिखाई। थाना सरइ ग्लोबल पब्लिक स्कूल में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ हीए हस्ताक्षर अभियान चलाकर विद्यार्थियों और शिक्षकों को नशा छोड़ने का संकल्प दिलाया गया। थाना मोरवाजन–जागरूकता अभियान अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का प्रभावशाली मंचन कर नशे के विरुद्ध संदेश दिया गया। ग्रामीणों युवाओं एवं विद्यार्थियों ने इस प्रस्तुतिकरण की सराहना की।नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय घोघरा में शिक्षकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई एवं हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से सहभागिता दर्ज कराई गई।

# महुआ गांव में खुलेआम महंगे दामों में बेंची जा रही खाद

**जागरण, बैढ़न।** महुआ गांव में डीएपी यूरिया खाद में लूट रहे किसान शासन प्रशासन मौन जांच कर कार्यवाही की मांग। निवास। इन दोनों किसान खाद के लिए भारी परेशानी का सामना कर ऊंचे दाम में डीएपी खाद खरीदने को विवस है जबकि दुकानों में लाइसेंस युक्त दुकान खुली हैं परंतु वहां पर 18 सो रुपए बोरी डीएपी खाद खुलेआम बिक्री हो रहा है इसी तरह से यूरिया खाद 380 रुपए से 400 तक खुलेआम बिक्री हो रहा है शासन प्रशासन जानकर अनजान बने हुए हैं बताया जाता है कि निवास महुआ गांव में लाइसेंसी दुकानदार हैं यहां पर खुलेआम किसानों को लूटा जा रहा है इस पर आज तक ना कोई कार्यवाही हुई ना ही किसी किसान को सही रेट पर यूरिया खाद एवं डीएपी खाद नहीं मिला बताया तो यहां तक जाता है कि आदिम जाती सेवा सहकारी समिति। समिति महुआ गांव एवं निवास में यूरिया डीएपी की खाद हमेशा किल्लत बनी रहती है क्योंकि जैसे ही खाद आती है गिने चुने किसानों को दिया जाता है बाकी का यूरिया डीएपी सीधे-सीधे व्यापारियों के हाथ बिक्री की जा रही है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने ऑनलाइन भी की है किंतु आज तक किसानों को सही रेट पर ना तो खाद मिल रहा है ना ही उन्हें न्याय मिल रहा है बताया जाता है कि महुआ गांव के शारदा बीज भंडार में खुलेआम 18 सो रुपए बोरी डीएपी खाद 400 प्रति बोरी यूरिया की खाद बिक्री की जा रही है इस व्यापारी के घर के अंदर स्टॉक बनाकर रखा हुआ है मैन बाजार महुआ गांव में दुकान खुली है किंतु आज तक कोई भी अधिकारीयो की निगाह नही पड़ी तभी तो किसान लूटने को मजबूर है किसान लूट रहा है शासन प्रशासन सब कुछ जानकार अंजान बने हैं जिला कलेक्टर सिंगरौली से अपेक्षा है कि इन व्यापारियों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करने की मांग की गई है।




# प्रभारी मंत्री संपत्तिया उईके आज अपने दो दिवसीय प्रवास पर आएंगी सिंगरौली

## अधिकारियों के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रगति की करेगी समीक्षा बैठक



**जागरण, सिंगरौली।** जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपत्तिया उईके मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास अधिकारियों के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रगति की करेंगी समीक्षा बैठक। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री 22 जुलाई को रात्रि 08:55 बजे भोपाल से सिंगरौली के लिए प्रस्थान करेंगी। 23 जुलाई को प्रातः 08:55 बजे सिंगरौली आगमन एवं सूर्य भवन के लिए प्रस्थान करेंगी। प्रातः 11:00 बजे हिंडाल्को के अल्युमिनियम प्लांट का निरीक्षण करेंगी तथा दोपहर 1:00 बजे सूर्य भवन में भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। तथा दोपहर 2:00 बजे सूर्य भवन सभागार में कोर कमेटी की बैठक में होंगी सम्मिलित। तथा शाम 4:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के समस्त विभागों की समीक्षा बैठक सम्मिलित होंगी। बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रगति, हितग्राही मुल्क योजनाओं और विकास कार्यों की स्थिति की समीक्षा की जाएगी तत्पश्चात रात्रि विश्राम। वहीं 24 जुलाई को प्रातः 10 बजे विरासत से विकास पर संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी एवं दोपहर 1:00 बजे सिंगरौली जिले से बांधवगढ़ के लिए जिला उमरिया के लिए प्रस्थान करेंगी।

# किसानों को नैनो यूरिया और जैविक खाद के उपयोग के लिए प्रेरित करें : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेसिंग से अधिकारियों को दिये निर्देश




**जागरण बैढ़न।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति में राहत और बचाव कार्य तथा खाद.बीज वितरण के संबंध में निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब तक औसत से 61 प्रतिशत अधिक वर्षा हो चुकी है। बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदा के संबंध में पूर्वानुमान के अनुसार चेतावनी समय पर जारी करायें। सभी जिलों में उपयुक्त स्थलों पर राहत शिविरों का निर्माण करके पीड़ितों के आवास भोजन पानी प्रकाश और उपचार की व्यवस्था करें। प्राकृतिक आपदा के समय राहत और बचाव के कार्य समुचित प्रचार प्रसार करें। आपदा के समय ऐसे प्रबंध करें की किसी की भी मौत न हो। आगामी त्यौहारों के दौरान कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिए समुचित प्रबंध करें। गणेश जी और दुर्गा जी की मिट्टी की प्रतिमा बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। जन्माष्टमी दशहरा नवरात्रि तथा अन्य पर्व परंपरा के अनुसार मनाये। वीडियो कान्फ्रेसिंग में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। खाद के वितरण पर कड़ी निगरानी रखें। नैनो यूरिया और जैविक खाद के उपयोग के लिए भी किसानों को प्रोत्साहित करें। खाद के रैक प्राप्त होने तथा जिले में उपलब्धता के संबंध में आमजनता को विभिन्न संचार माध्यम से लगातार सूचनाएं दें। अमानक खाद और बीज बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। खाद किसानों के घर तक पहुंचाने की व्यवस्था भी की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा पीड़ितों राहत राशि वितरण के साथ.साथ बीमा सुरक्षा का भी लाभ दें। जिला स्तर पर बीमा सलाहकार समिति गठित करें। प्राकृतिक आपदा में राहतमद 6.4 से राहत शिविरों के लिए भी राशि का प्रावधान है इसका उपयोग करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को एयर एम्बुलेंस सेवा के उपयोग राहगिरी योजना उद्योग संवर्धन केन्द्र को सक्रिय बनाये रखने तथा जिला स्तर पर 20 सदस्यों की जिला विकास समिति गठित करने के निर्देश दिये। वीडियो कान्फ्रेसिंग में कलेक्ट्रेट एन.आई.सी व्हीसी कक्ष से कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री संयुक्त कलेक्टर संजीव पांडे एसडीएम सृजन वर्मा राजेश शुक्ला डिप्टी कलेक्टर देवेंद्र द्विवेदी सी.एम.एच.ओ डॉ. पंकज सिंह तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे।

# एनसीसी कैडेटों ने किया वृहद पौधरोपण



**रीवा।** कृषि महाविद्यालय रीवा मप्र में एक पेड़ माँ के नाम एवं एक कैडेट एक पेड़ कार्यक्रम के अन्तर्गत एनसीसी कैडेटों एवं कृषि महाविद्यालय रीवा स्टॉफ द्वारा छात्रावास एवं कैम्पस क्षेत्र में अधिष्ठाता डॉ एसके त्रिपाठी के निर्देशन एवं डॉ आरके तिवारी के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण किया गया। कृषि महाविद्यालय रीवा के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष डॉ वीके सिंह, डॉ अखिलेश कुमार, डॉ जीडी शर्मा, डॉ एके गिरी एवं एनसीसी इंचार्ज इंजी अभिषेक सोनी के साथ-साथ डॉ सुधांशु पांडेय, महेन्द्र मिश्रा, दिनेश विक्रम सिंह (बाबा) एवं छात्र छात्राओं की भूमिका उल्लेखनीय रही। इस मौके पर मुख्य रूप से शीशम, सत्पपरणी, नीम एवं ट्री गॉर्ड वृक्ष लगाए गए।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत मोरवा पुलिस ने छात्रों के साथ किया नुक्कड़ नाटक का मंचन

**जागरण, सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार चलाये जा रहे विशेष अभियान नशे से दूरी है जरूरी के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन के नेतृत्व में लगातार विद्यालयों महाविद्यालयों व शिक्षण संस्थानों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों को बाल्यकाल से ही नशे के दुष्परिणामों से अवगत करने समेत उनमें सकारात्मक सोच विकसित करना तथा अभिभावकों को भी शामिल कर परिवार स्तर पर जागरूकता फैलाना है। इस अभियान में छात्र चित्रकला निबंध स्लोगन रंगोली पोस्टर इत्यादि प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशामुक्त समाज के प्रति अपनी सशक्त अभिव्यक्ति प्रस्तुत कर रहे हैं। मोरवा में एसडीओपी के के पाण्डेय के मार्गदर्शन में मंगलवार को श्री साई सैल मंगलम महाविद्यालय के छात्रों ने नशे के खिलाफचलाये जा रहे अभियान में नुक्कड़ नाटक कर नशे के विरुद्ध अपनी सुंदर प्रस्तुति दे लोगों को जागरूक करने की कोशिश की। थाना प्रभारी मोरवा यू पी सिंह द्वारा पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर श्री साई सेल मंगलम कॉलेज के छात्र एवं शिक्षकों ने मिलकर मोरवा अस्पताल तिराहे में नुक्कड़ नाटक का मंचन कर नशे के खिलाफजन जागरूकता कार्यक्रम कर वहां उपस्थित लोगो बच्चों स्कूली बच्चों एवं ऑटो रिक्शा चालकों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया।

# पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी की समस्या सुनी

## राजपत्रित अधिकारी पुलिस थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों को कार्यवाही के दिए निर्देश



**जागरण, बैढ़न।** आज पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालयमें जनसुनवाई आयोजित की गई। इस जनसुनवाई में नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर पी.एस. परस्ते थाना प्रभारी बैढ़न अशोक सिंह परिहार थाना प्रभारी नवानगर कपूर त्रिपाठी थाना प्रभारी विंध्यनगर श्रीमती अर्चना दिवेदी महिला थाना प्रभारी श्रीमती आराधना सिंह सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया जबकि शेष प्रकरणों में वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए राजपत्रित अधिकारी पुलिस थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।महिला फरियादियों की शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनकी काउंसलिंग कराई गई। साथ ही उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

# ग्राम पंचायत धानी में सरपंच पद हेतु उपचुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुआ सम्पन्न

**जागरण, चितरंगी।** जनपद पंचायत चितरंगी के ग्राम पंचायत धानी के तत्कालीन सरपंच स्व रामप्रताप पाठक जी का आकस्मिक निधन हो जाने से राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव कराने के निर्देश दिया। ग्राम पंचायत धानी में सुबह 7 बजे से मतदान सुरु हुआ जो 03ः00 बजे तक संसप्त किया गया । विकास खंड निर्वाचन अधिकारी ऋषि नारायण सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत धानी में सरपंच पद हेतु जो उपचुनाव ईवीएम मशीन द्वारा कराया गया। मतदान 68.9 प्रतिशत रहा। ईवीएम मशीन को स्ट्रांग रूप में शील कर दिया गया। 26 जुलाई 2025 को मतगणना की जाएगी। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी चितरंगी राहुल सैयाम जी ने बताया कि ग्राम पंचायत उपचुनाव में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक पोलिंग बूथों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए गए है। शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराया गया। त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव सरपंच पद हेतु मतदान को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह दिखाई दिया। मतदाताओं से बात करने पर पता चला कि आज का मतदाता बहुत जागरूक है। विकास के मुद्दे पर मदातान होना बताया है किसी प्रत्यासी के पक्ष में बात नही किया। पूर्व सरपंच के बड़े सुपुत्र अशोक पाठक को बताया जा रहा है कि जनता की सेवा वही कर सकते है । जो देश की सेवा किया है। फिलहाल सभी उम्मदिवारो की किस्मत ईवीएम मशीन में कैद है। 26 जुलाई 2025 को मतगणना होगी तो पता चलेगा कि जनता का जनादेश किसको मिला।



# अपर कलेक्टर की जन सुनवाई में 160 लोगों ने दिया अपना आवेदन



**जागरण, बैढ़न।** जिले के विभिन्न अंचलो से आयें हुयें 160 लोगो ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में अपर कलेक्टर पी के सेनगुप्ता को अपना आवेदन देते हुयें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। अपर कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सबंधित आवेदनो पर तत्परता दिखाते हुयें समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराये। जन सुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम सृजन बर्मा डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की देवेन्द्र द्विवेदी नंदन तिवारी तहसीलदार सविता यादव जान्हवी शुक्ला सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नाटक अजीब दास्तां का गाजियाबाद में हुआ मंचन

**रीवा।** दिल्ली से लगे गाज़ियाबाद के हिंदी भवन में 20 जुलाई की शाम हिंदी भवन समिति, गाज़ियाबाद के सहयोग से ड्रामाटर्जी आर्ट एंड कल्चर सोसायटी नई दिल्ली तथा रीवा शहर की प्रासंगिक संस्था की ओर से आलोक शुक्ला के नाटक अजीब दास्तान (एक अनकहा सच) की शानदार प्रस्तुति हुई। इस नाटक को लिखने के साथ आलोक शुक्ला ने ही निर्देशित किया था। करीब 4 दशकों से रंगमंच कर रहे आलोक शुक्ला का ये नाटक मुंबई महानगर के दो तलाकशुदा दम्पतियों पर आधारित था। नाटक में सहयोगी निर्देशन साक्षी चौहान, परिधान और रूप सज्जा में नीतू शुक्ला और विजय लक्ष्मी,निर्माण समन्वयक प्रताप सिंह और वागीश शर्मा थे तो प्रचार में विनय शर्मा तथा निखिल थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में जिलाध्यक्ष ने देव पौधे का किया रोपण

**जागरण, बैढ़न।** देवसर विधानसभा के रजमिलान मंडल अंतर्गत पोलिंग बूथ क्र.177 में एक पेड़ मां के नाम अभियान मे जिलाध्यक्ष भाजपा सुंदरलाल शाह ने विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम तथा मंडल अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पांडेय की उपस्थिति मे देववृक्ष का रोपण किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष द्वारा विशेष पूजन अर्चन तथा पुष्प मालाओं के अर्पण पश्चात देव वृक्ष का रोपण किया गया। सनातन परंपरा के अनुसार आम के पौधे को देव वृक्ष की संज्ञा दी गई है तथा आम को फलों का राजा माना जाता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार हमे जीवन देने वाली हमारी माता होती है उसी प्रकार हमारे जीवन को संचालित करने की हर भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ती हमारी धरती माता के माध्यम से होती है। अपनी भौतिक माता और अपनी धरती माता के नाम पर हम यह जो वृक्षारोपण अभियान चला रहे हैं ये हमारी माता के प्रति हमारे आदर भाव को प्रकट करता है। हमारी धरती के संरक्षण के लिए हरे भरे वृक्षों का होना नितांत आवश्यक है और यही वृक्षों की श्रृंखला हमारी जीवनदायिनी आवश्यकताओं की पूर्ती करती हैं। इसलिए हमारा यह पृथ्वी और पर्यावरण का संरक्षण अभियान मां के नाम पर समर्पित है। हम लगातार इस अभियान मे पूरे भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ लगे हैं तथा हजारों वृक्षों का रोपण पूरे जिले में किया जा चुका है। प्रत्येक पौधा वृहद वृक्ष का रूप ले सके इस हेतु प्रत्येक पौधे का पालक भी नियुक्त किया जा रहा है और समय.समय पर पौधे की निगरानी हमारे द्वारा की जायेगी। आगामी समय में यही पौधे वृक्ष बनकर धरती माता की शोभा को बढ़ायेंगे तथा अपने आच्छादित लों के माध्यम से हमारा पोषण भी करेंगे और हम आगामी पीढ़ी के लिए एक धरोहर छोड़कर जायेंगे। हम सब जिले वासियों को अभियान स्वयं का अभियान मानकर अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण. करने में तत्परता दिखानी चाहिए। इस अवसर पर मंडल रजमिलान के प्रभारी एवं जिलामंत्री अरविंद तिवारी पर्यावरण दिवस के सह प्रभारी विक्रम सिंह चंदेल मंडल महामंत्री मोहित कुशवाहा मंडल उपाध्यक्ष नारायण दास शाह तथा मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच आज दोपहर 3:30 बजे से, प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स व जियो हॉट स्टार पर

# भारत को सीरीज में बने रहने मैनचेस्टर टेस्ट में जीत जरूरी

जेएनएन, मैनचेस्टर

भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार को जब मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड के मैदान पर चौथे टेस्ट के लिए उतरेंगी, तो उसका इरादा ना सिर्फ इस मैदान पर पहली जीत हासिल करने, बल्कि सीरीज में वापसी करने पर भी होगा। भारतीय टीम फिलहाल चोटों से गुजर रही है और टीम के मुख्य तीन से चार खिलाड़ी चोटिल हैं। इंग्लैंड वर्तमान सीरीज में अभी 2-1 से आगे चल रहा है और अगर भारत को पांच मैच की इस सीरीज को जीवंत बनाए रखना है, तो उसे यहां हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। भारत के लिए अच्छी खबर यह है कि विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत पूरी तरह फिट होते दिख रहे हैं, जो लॉर्ड्स टेस्ट में विकेटकीपिंग के दौरान चोटिल हो गए थे। टीम इंडिया को हालांकि अभी तक आजमाए गए अपने फॉर्मूले से हटने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। लीड्स में पहले टेस्ट के बाद भारत ने अंतिम एकादश में तीन ऑलराउंडरों को शामिल किया था। इनमें नीतीश रेड्डी भी शामिल थे, जो घुटने की चोट के कारण अब सीरीज से बाहर हो गए हैं। रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर जैसे दो स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर की मौजूदगी में भारत के पास आठवें नंबर तक बल्लेबाजी करने की गुंजाइश थी, लेकिन मैनचेस्टर में ऐसा शायद न हो, जहां भारतीय टीम अभी तक जीत हासिल नहीं कर पाई है। सीरीज का पहला टेस्ट मैच खेलने वाले शार्दुल ठाकुर को रेड्डी की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है, लेकिन उनका बल्लेबाजी में उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है। अगर उन्हें टीम में लिया जाता है, तो उन्हें गेंदबाजी में भी अपना प्रदर्शन बेहतर करना होगा, क्योंकि रेड्डी ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट में महत्वपूर्ण अवसरों पर विकेट लिए थे। भारत लीड्स के संयोजन को फिर से आजमा सकता है, जहां उसके पास जडेजा के रूप में केवल एक स्पिनर था और छठे नंबर तक विशेषज्ञ बल्लेबाज थे, जिसमें करुण नायर और साई सुदर्शन दोनों अंतिम एकादश में थे। इसके अलावा नए तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज और प्रसिद्ध कृष्णा भी अंतिम एकादश में जगह बनाने के दावेदार हैं।



### आकाश दीप बाहर, कंबोज या कृष्णा को मिल सकता है मौका

भारत के कप्तान शुभमन गिल ने पुष्टि की है कि आकाश दीप चौथे टेस्ट मैच के लिए समय पर पूरी तरह से फिट नहीं हो पाए हैं। उन्हें लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान कमर में चोट लगी थी। टेस्ट से दो दिन पहले मोर्ने मोर्कल को वह गेंदबाजी करते दिखे थे, लेकिन नेट्स पर नहीं। उनकी जगह कंबोज या कृष्णा को टीम में शामिल किया जाएगा। भारत ने पहले ही पुष्टि कर दी थी कि यह जसप्रीत बुमराह द्वारा इस सीरीज में खेले जाने वाले तीन संभावित टेस्ट मैचों में से यह तीसरा होगा। इसलिए भारत को आखिरी दिन प्रसिद्ध और अनकैप्ड कंबोज के बीच चयन करना होगा। गिल ने कहा कि कंबोज डेब्यू के करीब हैं, लेकिन उन्होंने प्रसिद्ध की संभावना को भी खारिज नहीं किया।



#### मैनचेस्टर में रिकॉर्ड

- भारत ने इस मैदान पर अभी तक नौ मैच खेले हैं, जिनमें से चार में हार मिली, जबकि बाकी पांच मैच ड्रॉ रहे।
- इंग्लैंड के अन्य स्थानों की तुलना में भारत को मैनचेस्टर में कम खेलने का मौका मिला है। उसने यहां अपना आखिरी टेस्ट मैच 2014 में खेला था। इस मैदान पर भारत की तरफ से आखिरी शतक सचिन तेंदुलकर ने 1990 में लगाया था।




- सीरीज में 2-1 से आगे चल रही इंग्लैंड अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा। जैसा कि आमतौर पर होता है, बेन स्टोक्स ने मैच से पहले अपनी अंतिम एकादश चुनी और उनकी टीम में एकमात्र बदलाव चोटिल शोएब बशीर की जगह लियाम डॉसन को शामिल करना है। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने इंग्लैंड के लिए अपना आखिरी मैच जुलाई 2017 में खेला था।

"मुझे नहीं लगता कि यह उन चीजों में से एक है, जहां हम मैदान में उतरकर (छींटाकशी) शुरू कर देंगे। दोनों टीम में से कोई भी असल में ऐसा करने की सोच रही है। टेस्ट सीरीज में हमेशा एक ऐसा पल आता है, जब माहौल कुछ गर्म हो जाता है। जैसा कि मैंने कहा, यह ऐसा कुछ नहीं है जिसे हम जानबूझकर मैदान पर जाकर शुरू करने की कोशिश करेंगे। लेकिन किसी भी तरह से हम पीछे हटने वाले नहीं हैं और किसी भी विरोधी टीम को हमारे प्रति अक्रामक होने की कोशिश नहीं करने देंगे। और पलटवार की कोशिश नहीं करेंगे। **- बेन स्टोक्स**, कप्तान, इंग्लैंड

"पंत मैनचेस्टर में विकेटकीपिंग करेंगे। कंबोज का हमने कौशल देखा है। हमें विश्वास है कि वह हमारे लिए मैच विजेता साबित हो सकता है। कंबोज अपना पदार्पण करने के करीब है। एकादश में उसे मौका मिलेगा या प्रसिद्ध को इसका पता आपको कल चल जाएगा। खिलाड़ी जब चोटिल होते हैं, तो यह कभी आसान नहीं होता है। हमारे पास हालांकि 20 विकेट लेने के लिए पर्याप्त अच्छे खिलाड़ी हैं। नायर अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्हें शुरुआती मैच में अपने पसंदीदा क्रम पर बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। **- शुभमन गिल**, कप्तान, भारत

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), रिषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज।

**इंग्लैंड:** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप (उप-कप्तान), जो रूट, हैरी ब्रूक, स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), लियाम डॉसन, क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर।

**पिच :** मैनचेस्टर में इंग्लैंड की कुछ तेज पिचें बनती हैं। जो बल्लेबाज तेज गति से खेल सकते हैं, उन्हें शॉट लगाने में मदद मिलती है (हालांकि हर कोई ऐसा नहीं करता) और गेंदबाजों को नरम ड्यूक्स गेंद से भी उछाल और कैरी का फायदा मिल सकता है।

**मौसम :** पहले और दूसरे दिन बारिश की संभावना के कारण मौसम थोड़ा मुश्किल हो सकता है। मैनचेस्टर में पिछले एक सप्ताह से लगातार बारिश हो रही है और मैच के पांचों दिन हल्की वर्षा होने का अनुमान है। इससे तेज गेंदबाजों को फायदा मिल सकता है।

---

#### मैदान से हटकर

## सेरेना भी कोर्ट पर वापसी करे : वीनस विलियम्स





वीनस विलियम्स एक साल से अधिक समय के बाद पहली बार टेनिस कोर्ट पर लौटने के लिए तैयार हैं और उनकी दिली इच्छा है कि उनकी छोटी बहन सेरेना भी वापसी करें। वीनस डीसी ओपन से टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी। दूसरी तरफ सेरेना का हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह रैकेट घुमाती दिख रही हैं। वीनस से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं अपनी टीम से कहती रहती हूं कि अगर वह यहां होती तो बहुत अच्छा होता। हमने शुरू से काफी कुछ साथ में किया है और इसलिए मुझे निश्चित तौर पर उसकी कमी खलती है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, लेकिन अगर वह वापसी करती है तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह इस बारे में आप सबको अवगत कर देगी। सेरेना 43 वर्ष की है और उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद कोई मैच नहीं खेला था। इसके बाद उन्होंने उस खेल से दूर जाने की घोषणा की थी जिस पर उन्होंने लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा था। इस दौरान उन्होंने 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब और वीनस के साथ 14 युगल खिताब जीते थे। अमेरिका की राजधानी में हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट शुरू होने से पहले वीनस ने कहा, मुझे नहीं पता कि वह क्या करने जा रही है। मैं उससे इस बारे में नहीं पूछती। मुझे लगता है कि वह हमेशा गेंद को हिट करती रहती है क्योंकि हम ऐसे ही हैं। (जेएनएन)

## बांग्लादेश ने जीती टी-20 सीरीज, पाक के सात बल्लेबाज नहीं पहुंचे दोहरे अंक में

**मीरपुर, जेएनएन।** बांग्लादेश ने मंगलवार को मीरपुर में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में पाकिस्तान को आठ रनों से हरा दिया। इसके साथ ही तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली। मुकाबले में बांग्लादेश ने पूरे 20 ओवरों का खेल खेला और 133 रनों पर ऑलआउट हो गई। टी-20 के हिसाब से लक्ष्य आसान था, लेकिन पाकिस्तान टीम से ये भी हासिल नहीं हुआ। पूरी टीम 19.2 ओवरों में 125 रनों पर ऑलआउट हो गई। ये तीन मैचों की सीरीज में बांग्लादेश की लगातार दूसरी जीत है और उसने 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है। पाकिस्तान टीम की बल्लेबाजी का आलम ये रहा कि उसके सात बल्लेबाज तक दहाई में नहीं पहुंचे। तीन बल्लेबाज तो खाता तक नहीं खोल पाए। इसकी शुरुआत हुई सैम अयूब के विकेट से जो रन आउट हो गए और सिर्फ एक रन ही बना सके शोरिफुल इस्लाम ने फिर महोम्मद हारिस को बिना खाता खोले आउट किया। इस्लाम ने दूसरे सलामी बल्लेबाज फखर जमां को भी अपना शिकार बनाया जो आठ रन ही बना सके। हसन नवाज और मोहम्मद नवाज को तंजीम हसन साकिब ने खाता तक नहीं खोलने दिया। कप्तान




सलमान अगा को मेहदी हसन मिराज ने नौ के निजी स्कोर पर आउट किया और यहां पाकिस्तान का स्कोर 30 रनों पर छह विकेट हो गया था। 4 के कुल स्कोर पर खुशदिल शाह भी पवेलियन लौट गए। उन्होंने 13 रन बनाए। फहीम अशरफ के साथ मिलकर अब्बास अफरीदी ने टीम को जीत दिलाने की कोशिश की। इन दोनों के बीच 41 रनों की साझेदारी को इस्लाम ने अफरीदी को आउट कर तोड़ दिया। पाकिस्तान की उम्मीदें अभी भी जिंदा थीं क्योंकि फहीम अशरफ विकेट पर थे और तूफानी बैटिंग कर रहे थे। उन्होंने 19वें ओवर की पांचवीं गेंद पर छक्का मार पाकिस्तान को जीत के करीब पहुंचाया और अपना अर्धशतक पूरा किया। अगली ही गेंद पर रिशाद हुसैन ने उन्हें बोल्ड कर दिया। उन्होंने 32 गेंदों की पारी में चार चौके और चार छक्कों की मदद से 51 रन बनाए। आखिरी ओवर में पाकिस्तान को 13 रनों की जरूरत थी। मुस्ताफिजुर रहमान ने आखिरी ओवर की दूसरी गेंद पर अहमद दानिया को बोल्ड कर बांग्लादेश को मैच के साथ सीरीज में भी जीत दिलाई। इससे पहले बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही थी। दूसरे ओवर की तीसरी गेंद पर मोहम्मद नईम को अशरफ ने बोल्ड कर दिया। 28 रनों पर ही बांग्लादेश ने अपने चार विकेट खो दिए थे। इसके बाद जाकेर अली और मेहदी हसन ने पारी को संभाला और स्कोर 81 तक पहुंचाया। यहां हसन 25 गेंदों पर 33 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद जाकेर अकेले लड़ते। उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा किया और 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हो गए। जाकेर ने 48 गेंदों पर एक चौके और पांच छक्कों की मदद से 55 रन बनाए।

## सुंदर को ज्यादा टेस्ट खेलने चाहिए वह शानदार ऑलराउंडर : शास्त्री

**मैनचेस्टर, जेएनएन।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि वाशिंगटन सुंदर में भारत का अगला अदद टेस्ट ऑलराउंडर बनने की क्षमता है, क्योंकि वह घरेलू परिस्थितियों में गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन करने के साथ नैसर्गिक रूप से प्रतिभाशाली बल्लेबाज भी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2021 में ब्रिसबेन में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 25 वर्षीय ऑफ स्पिनर वाशिंगटन को उसके बाद इस प्रारूप में बहुत अधिक मौके नहीं मिले हैं। शास्त्री ने द आईसीसी रिव्यू में कहा, मुझे शुरू से ही वाशिंगटन का खेल पसंद रहा है। जब मैंने उसे पहली बार देखा तो मैंने कहा था कि वह कमाल का खिलाड़ी है और उसमें कई वर्षों तक भारत का अदद ऑलराउंडर बनने की क्षमता है। शास्त्री का मानना है कि वाशिंगटन को विशेषकर भारत की टर्निंग पिचों पर लाल गेंद से अधिक मैच खेलने चाहिए थे। उन्होंने कहा, वह अभी सिर्फ 25 साल का है। मुझे लगता है कि उसे और ज्यादा टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहिए था। भारत में जहां गेंद टर्न ले रही हो, वहां



वह घातक साबित हो सकता है, जैसा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ उसने प्रदर्शन किया था। उसने कुछ सीनियर स्पिनरों से बेहतर प्रदर्शन किया था और इसके साथ ही वह अच्छा बल्लेबाज भी है। शास्त्री ने उनकी बल्लेबाजी क्षमता की भी तारीफ की और कहा कि उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भी भेजा जा सकता है। शास्त्री ने कहा, वह नैसिर्गिक रूप से प्रतिभाशाली बल्लेबाज है। वह बल्लेबाजी क्रम में आठवें नंबर का बल्लेबाज नहीं है। वह बहुत जल्दी छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आ सकता है।

## मंधाना वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार दीप्ति गेंदबाजी में चौथे स्थान पर

**दुबई, जेएनएन।** इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत की दीप्ति शर्मा बल्लेबाजों में 10 स्थानों की छलांग लगाकर 23वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने मंगलवार को जारी नवीनतम आईसीसी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। सीरीज के शुरुआती दो मैचों में शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों को इस रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंग्लैंड की सोफिया डंकले को 24 स्थानों का फायदा हुआ। वह बल्लेबाजों की सूची में 52वें पायदान पहुंच गईं। मंधाना ने अपनी 727 की रेटिंग भी बरकरार रखी है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 17 और सात के स्कोर के बाद पांच स्थान फिसलकर 21वें स्थान पर आ गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज सोफी एक्लेस्टोन अपनी स्थिति और मजबूत करने में सफल रही। मौजूदा सीरीज में चार विकेट चटकाने वाली इस अनुभवी खिलाड़ी की रेटिंग 747 से बढ़कर 776 हो गई है। गेंदबाजों की रैंकिंग में उनके बाद ऑस्ट्रेलिया की एशले गार्डनर (724) और मेगन शुट्ट (696) दूसरे और तीसरे पायदान पर है। दीप्ति चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। इंग्लैंड की चार्ली डीन करियर की सर्वश्रेष्ठ 625 रेटिंग के साथ दो स्थान चढ़कर नौवें नंबर पर पहुंच गई हैं, जबकि स्नेह राणा 12 स्थान ऊपर चढ़कर 21वें नंबर पर आ गई हैं।





## प्रणय पांच मैच प्वाइंट बचाकर अगले दौर में, लक्ष्य पहले ही राउंड से बाहर

**चांग्झू, जेएनएन।** भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने पांच मैच प्वाइंट बचाए और एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को जापान के कोकी वतनबे को हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई, लेकिन लक्ष्य सेन फिर से पहली बाधा पार नहीं कर पाए। विश्व के 35वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने 18वें नंबर के वतनबे के खिलाफ 8-21, 21-16, 23-21 से जीत हासिल की। लक्ष्य का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें अच्छी शुरुआत के बावजूद चीन के पांचवें वरीय ली शि फेंग से 21-14, 22-24, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी की पहले गेम में जापान के खिलाड़ी के सामने एक नहीं चली, लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने अच्छी वापसी करके मैच को बराबरी पर ला दिया। तीसरा और निर्णायक गेम काफी रोमांचक रहा। प्रणय आखिरी गेम में 2-11 से पीछे थे, लेकिन फिर उन्होंने लगातार पांच अंक लेकर अंतर कम कर दिया। महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय पहले ही दौर में चीनी ताइपे की लिन ह्सियांग ती से 23-21, 11-21, 10-21 से हारकर बाहर हो गईं।

### चाइना ओपन : महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय भी हारीं

## दिल्ली प्रीमियर लीग दो अगस्त और महिला लीग 17 से

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) दो अगस्त से पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ शुरू होगी, जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता 17 अगस्त से खेली जाएगी। पुरुषों का फाइनल 31 अगस्त को होगा। पुरुष वर्ग में चार-चार टीमों के दो ग्रुप बनाए गए हैं। ग्रुप-ए में आउटर दिल्ली वॉरियर्स, सेंट्रल दिल्ली किंग्स, न्यू दिल्ली टाइगर्स और नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, जबकि ग्रुप-बी में वेस्ट दिल्ली लायंस, ईस्ट दिल्ली राइडर्स, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज और पुरानी दिल्ली 6 शामिल हैं। प्रत्येक टीम अपने ग्रुप की तीन टीमों के साथ दो-दो मैच खेलेगी। इसके बाद दूसरे ग्रुप की चार टीमों के साथ एक-एक मैच खेलेगी। इस तरह से प्रत्येक टीम कुल 10 मैच खेलेगी। अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी। शीर्ष दो टीमें क्वालिफायर एक में आमने-सामने होंगी, जिसमें विजेता को सीधे फाइनल में जगह मिलेगा। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर में एक दूसरे का सामना करेंगी।

## वीजा कारणों से भारत का अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लेना संदिग्ध

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय कैडेट कुश्ती टीमों पर 28 जुलाई से एथेंस में शुरू होने वाली प्रतिष्ठित अंडर 17 विश्व चैंपियनशिप से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि 47 सदस्यीय दल को शनिवार को रवाना होना है, लेकिन यूनान के दूतावास ने अभी तक उनके वीजा संबंधी अनुरोध का जवाब नहीं दिया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने 10 जुलाई को वीजा के लिए मिलने का समय मांगा था, लेकिन 12 दिन बीत चुके हैं और दूतावास से अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। जब उनके अनुरोध के छह दिन बाद भी कोई जवाब नहीं आया तो डब्ल्यूएफआई ने 16 जुलाई को विदेश मंत्रालय को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की। भारत के 47 सदस्यीय 30 पहलवान शामिल हैं। इन खिलाड़ियों ने सात और आठ जुलाई को क्रमशः दिल्ली और लखनऊ में आयोजित किए गए चयन ट्रायल से राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, लगातार अनुरोध किए जाने के बावजूद जब यूनान के दूतावास से कोई जवाब नहीं मिला तो महासंघ को विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय से हस्तक्षेप की मांग करनी पड़ी।

## हरिका को हराकर दिव्या देशमुख सेमीफाइनल में

**बातुमी (जॉर्जिया), जेएनएन।** भारत की प्रमुख खिलाड़ियों में से एक के रूप में उभरती हुई अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली हमवतन डी हरिका को टाईब्रेक में 2-0 से हराकर फिडे विश्व महिला शतरंज कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्लासिकल बाजी दो बार ड्रॉ होने के बाद रैपिड टाईब्रेक में हरिका पर दबाव था। दिव्या ने दृढ़ निश्चय के साथ पहली बाजी जीती, जिससे हरिका पर काफी दबाव बन गया। दिव्या ने इसके बाद दूसरी बाजी भी जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। हरिका तीन अलग-अलग मौकों पर इसी तरह के प्रारूप में सेमीफाइनलिस्ट रही हैं, जिसे तब विश्व महिला चैंपियनशिप कहा जाता था। हम्पी और अब दिव्या दो भारतीय बन गई हैं, जिन्होंने महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। यह प्रतियोगिता नए विश्व चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है। इसका मतलब यह भी है कि अगले साल होने वाले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में एक भारतीय का प्रवेश पक्का हो गया है। महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से यह तय होगा कि विश्व चैंपियनशिप में चीन की जू वेनजुन के खिलाफ कौन मुकाबला करेगा। एक दशक से भी अधिक समय से सर्वोच्च रैंकिंग वाली भारतीय कोनेरू हम्पी अपने करियर में पहली बार अंतिम चार में पहुंची हैं।



### एरिगैसी और गुजराती चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में मुख्य आकर्षण

**चेन्नई, जेएनएन।** ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती और अनीश गिरी छह अगस्त से शुरू हो रहे चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के मुख्य आकर्षण होंगे। भारत के सबसे प्रतिष्ठित क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट में मास्टर्स और चैलेंजर्स श्रेणियों के 20 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता की इनामी राशि एक करोड़ रुपए है। मास्टर्स श्रेणी में एरिगैसी, गुजराती और गिरी के अलावा जॉर्डन वान फॉरेस्ट, लियांग अवॉन्डर, विंसेंट कीमर, रे रॉबसन, व्लादिमीर फेडोसेव और प्रणव वी शामिल होंगे। एरिगैसी ने कहा, अपने शहर में इतने बड़े टूर्नामेंट में खेलना हमेशा खास होता है।

## अमेरिका ओपन से हटीं ओलंपिक चैंपियन झेंग

**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने कोहनी की चोट के कारण वर्ष के अंतिम ग्रैंड लैम टेनिस टूर्नामेंट अमेरिकी ओपन से नाम वापस ले लिया है। चीन की इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने दो दिन पहले घोषणा की थी कि उनकी दाहिनी कोहनी की लगातार दर्द के कारण आर्थोस्कोपिक सर्जरी हुई है। दुनिया में छठी रैंकिंग की खिलाड़ी झेंग पिछले महीने विंबलडन में पहले दौर में हार गई थीं। झेंग ने कहा कि उन्हें लग रहा था कि उन्हें ठीक होने में महीनों लगेंगे, इसलिए यह सुनिश्चित हो गया था कि वह 24 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन में भाग नहीं ले पाएगी। अमेरिकी ओपन में उनकी जगह फ्रांस की लेओलिया जीनजीन को मुख्य ड्रॉ में शामिल किया गया है।

## ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता को मिलेंगे सात करोड़

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी के ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेताओं के लिए नकद पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी की है। यह जानकारी मंगलवार को मंत्री आशीष सूद ने दी। सूद ने मेधावी छात्रों को मुफ्त लैपटॉप प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री डिजिटल योजना को मंजूरी देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसले लिए गए। सूद ने कहा, आज, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें दिल्ली के विकास के साथ छात्रों और युवाओं के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेताओं को पहले तीन करोड़ रुपए, दो करोड़ रुपए और एक करोड़ रुपए दिए जाते थे, लेकिन खेल पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित करने के लिए अब ओलंपिक तथा पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं को 7 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेताओं को 5 करोड़ रुपए और कांस्य पदक विजेताओं को 3 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। सूद ने घोषणा की कि दिल्ली सरकार में स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को ग्रुप-ए की नौकरियां दी जाएंगी।


दैनिक जागरण
रीवा, 23 जुलाई, 2025
सतना जागरण
12
www.dainikjagranmpcg.com

## मैहर जिले में अब तक 614.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 22 जुलाई 2025 तक 614.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 629 मि.मी., मैहर में 554.9 मि.मी. एवं रामनगर में 658.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 299.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

## 8 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**सतना।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत दो व्यक्तियों की मृत्यु प्राकृतिक आपदा में होने से उनके परिजनों को 4 लाख प्रत्येक के मान से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रघुराजनगर (ग्रामीण) एलआर जांगडे द्वारा 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। जिसके अनुसार तहसील रघुराजनगर अंतर्गत ग्राम उजरौंधा निवासी गोरे अहिरवार, मिहीलाल अहिरवार, पुत्री बुद्दन उर्फबबिता एवं मरीं उर्फरामप्यारी को उनकी मां चम्पा अहिरवार की मृत्यु सर्पदंश से होने पर प्रत्येक को 1-1 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।




# चार साल से बंद पड़े छात्रावास अब चालू होने की कगार पर

### उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य कमलेश सिंह की छात्रहित में सार्थक पहल आई सामने




**जागरण सतना**

उत्कृष्ट विद्यालय व्यंकट क्रमांक 1 परिसर में चार साल से बंद पड़े दो छात्रावासो के दिन अब सुधरने वाले है। क्योंकि प्राचार्य कमलेश सिंह बघेल की सार्थक पहल अब सामने आ गई है जिसके चलते उन्होने कन्या और बालक दोनो छात्रावासो को अगस्त में संचालित करने की योजना बना ली है। यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो व्यंकट क्रमांक 1 विद्यालय परिसर में करोड़ो लागत से बनाये गये ये छात्रावास अगस्त महीने में संचालित हो जायेगें।

### बिजली व पानी की व्यवस्था कराई दुरस्त

बताया जाता है कि 100-100 सीटर इन दोनो छात्रावासो में रहने वाले छात्र छात्राओ के लिए प्राचार्य श्री बघेल ने बिजली और पानी की व्यवस्था दुरस्त कर ली है। बताया जाता है कि एक छात्रावास में ट्यूबेल स्थापित है। वहीं से पाइप लाइन बिछा कर दूसरे छात्रावास में पानी पहुचाया जायेगा। उन्होने नगर निगम से दो नल कनेक्शन लेने की बात भी कही है। जिससे छात्रावास में रहने वाले बच्चो को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े।

### रसोईयॉ एवं चौकीदार के आ चुके आवेदन पत्र

जानकार बताते है कि छात्रावास संचालित करने के लिए रसोईयॉ और चौकीदार भर्ती के लिए पूर्व में प्रक्रिया सम्पन्न की गई थी। जिसके लिए कई लोगो के आवेदन पत्र भी आये है। इन दोनो पद में नियुक्ति के लिए एक समिति गठित की गई है जिसमें एसडीएम, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को शामिल किया गया है।

### नगर निगम क्षेत्र के निवासी छात्र-छात्राओं को हॉस्टल में नही मिलेगा दाखिला

बताया जाता है कि कन्या और बालक छात्रावास में दाखिले के लिए नगर निगम क्षेत्र के निवासी छात्र-छात्राओ को पात्र नही माना जायेगा। समग्र आईडी के आधार पर छात्र छात्राओ की घर से विद्यालय आने की दूरी निर्धारित की जायेगी। इतना ही नही छात्रावास कैम्पस में सीसीटीवी कैमरे सुरक्षा की दृष्टि से लगाये जाने की व्यवस्था की जा रही है। सूत्रो की माने तो छात्रावास संचालित नही होने के कारण वहां के कमरो को भण्डार बना दिया गया वहां पर पुस्तके और साईकले भी रखी गई है।



चार साल से बंद पड़े कन्या और बालक छात्रावासो को अगस्त माह में संचालित किये जाने की तैयारी की जा रही है। छात्रावासो में बिजली और पानी की व्यवस्था पूरी हो गई। शासन द्वारा बेड और गद्दे भेजे गये थे। चौकीदार और रसोईयॉ की भर्ती के लिए शासन द्वारा कमेटी गठित की गई है। दोनो छात्रावासो के संचालन से दूर दराज से आने वाले बच्चो को सुविधाए मिलेगी।

**कमलेश सिंह बघेल**
**प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय व्यंकट क्रमांक 1 सतना**

## कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री आज सतना आयेंगे



**सतना।** राज्य शासन के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल 23 जुलाई को दोपहर 1 बजे सतना पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। राज्यमंत्री दोपहर 2 बजे सतना से चित्रकूट के लिए प्रस्थान करेंगे और दोपहर 3 बजे चित्रकूट में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रवास के दूसरे दिन 24 जुलाई को प्रातः 6 बजे चित्रकूट से सागर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जल जनित बीमारी की रोकथाम और बचाव हेतु किया जा रहा दवा का छिड़काव



**जागरण सतना।** कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देश पर नगर परिषद चित्रकूट में बारिश के पश्चात जल जनित बीमारी की रोकथाम और बचाव हेतु दवा का छिड़काव किया जा रहा है। इस दौरान नगर परिषद के सभी वार्डों में सफाई कर्मियों द्वारा दवा का छिडकाव करते हुए आमजनों को स्वच्छता और जल जनित बीमारियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# सांसद गणेश सिंह के प्रश्नों का केन्द्रीय मंत्री ने दिया जवाब

**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना लोकसभा क्षेत्र से सांसद गणेश सिंह ने लोकसभा में सहकारिता मंत्रालय की योजनाओं और पहलों के बारे में जानकारी मांगी थीए जिसका जवाब केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने दिया। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सहकारिता मंत्रालय ने 6 जुलाई 2021 को स्थापित होने के बाद से 110 से अधिक योजनाएं और पहल शुरू की हैं जो देश भर में सहकारी समितियों को मजबूत बनाने और उनके सदस्यों को लाभ पहुंचाने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। ये योजनाएं भारत की 8.4 लाख सहकारी संस्थाओं के 32 करोड़ से अधिक सदस्यों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचा रही हैं। जिससे यह विश्व की सबसे बड़ी जनाधार वाली सशक्तिकरण प्रणाली बन गई है। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय की 110 से अधिक योजनाएं और पहल सतना और पूरे देश में लोगों के जीवन को बदल रही हैं। उन्होंने कहा कि ये प्रयास किसानोंए महिलाओंए और युवाओं को सशक्त बना रहे हैं।

## सिंगल यूज प्लास्टिक पर की गई कार्यवाही



**जागरण सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देश पर मंगलवार को सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से नगर परिषद जैतवारा की टीम द्वारा पॉलीथिन की थैलियों व सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करने के उद्देश्य से चलाया गया। इस दौरान नगर परिषद जैतवारा द्वारा बाजार में बड़े स्तर पर चालान काटो अभियान भी चलाया गया। इसके बाद सीएमओ पंजाब सिंह और नगर परिषद टीम द्वारा एक दर्जन से अधिक दुकानों से लगभग 13 किलोग्राम पॉलिथीन जप्ती पर 4 हजार रूपये का जुर्माने की राशि भी जमा की गई। साथ ही दुकानदारों को पॉलीथीन के स्थान पर कपड़ों के थैलों का प्रयोग करने की सलाह दी गई।

# महिला थाना प्रभारी ने चलाया जागरुकता अभियान

**जागरण सतना।** नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रदेश व्यापी जन जागरूकता अभियना के अंतर्गत मंगलवार को महिला थाना प्रभारी स्वेता मौर्य ने अपनी टीम के साथ शहर में स्थित एमएलबी कन्या विद्यालय पहुचकर जानकारी उपलब्ध कराई। इतना ही नही नशे की लत से दूर रहने एवं उससे होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में पहुंचकर निबंध प्रतियोगिता एवं ग्राम सगमा में नशा न करने की शपथ दिलाई गई व नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में प्रचार प्रसार कर लोगों को समझाइस दी।



# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित हुई जन सुनवाई

**जागरण सतना।** पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल ने जनसुनवाई के माध्यम से पीड़ितों की शिकायतों को सुनकर संबधित थाना प्रभारियों से प्रकरणों की जानकारी ली एवं शिकायत आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही कर की गई कार्यवाही से अवगत कराने के हेतू निर्देशित किया।



## मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 42 आवेदन




**जागरण सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 42 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आपदा में किसी की मौत न हो ऐसे प्रबंध करें : मुख्यमंत्री



**जागरण सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति में राहत और बचाव कार्य तथा खाद-बीज वितरण के संबंध में निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब तक औसत से 61 प्रतिशत अधिक वर्षा हो चुकी है। बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदा के संबंध में पूर्वानुमान के अनुसार चेतावनी समय पर जारी करायें। सभी जिलों में उपयुक्त स्थलों पर राहत शिविरों का निर्माण करके पीड़ितों के आवास, भोजन, पानी, प्रकाश और उपचार की व्यवस्था करें। प्राकृतिक आपदा के समय राहत और बचाव के कार्य समुचित प्रचार प्रसार करें। आपदा के समय ऐसे प्रबंध करें की किसी की भी मौत न हो। आगामी त्यौहारों के दौरान ही कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिए समुचित प्रबंध करें। गणेश जी और दुर्गा जी की मिट्टी की प्रतिमा बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। जन्माष्टमी, दशहरा, नवरात्रि तथा अन्य पर्व परंपरा के अनुसार मनाये।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। खाद के वितरण पर कड़ी निगरानी रखें। नैनो यूरिया और जैविक खाद के उपयोग के लिए भी किसानों को प्रोत्साहित करें। खाद के रैक प्राप्त होने तथा जिले में उपलब्धता के संबंध में आमजनता को विभिन्न संचार माध्यम से लगातार सूचनाएं दें। अमानक खाद और बीज बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। खाद किसानों के घर तक पहुंचाने की व्यवस्था भी की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा पीड़ितों राहत राशि वितरण के साथ-साथ बीमा सुरक्षा का भी लाभ दें। जिला स्तर पर बीमा सलाहकार समिति गठित करें। प्राकृतिक आपदा में राहतमद 6-4 से राहत शिविरों के लिए भी राशि का प्रावधान है इसका उपयोग करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को एयर एम्बुलेंस सेवा के उपयोग राहगिरी योजना, उद्योग संवर्धन केन्द्र को सक्रिय बनाये रखने तथा जिला स्तर पर 20 सदस्यों की जिला विकास समिति गठित करने के निर्देश दिये।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सतना के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, अपर कलेक्टर सुधीर बैक, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह, जलसंसाधन आरके वर्मा, आरईएस लाजरूज केरकेट्टा, सिविल सर्जन डॉ. मनोज शुक्ला, उप संचालक कृषि, अधीक्षक भू-अभिलेख एमएल तिवारी, डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट सुनीत कुमार मिश्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने सुनी 162 आवेदकों की समस्यायें



**जागरण सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 162 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा एवं एलआर जांगडे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या, जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।













जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com